RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 292
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कावेरी प्रियम के लिए नई चुनौती
विविध-12

# तालिबान जल्द करेगा नई सरकार का ऐलान

- अन्य अफ़गान नेताओं के साथ शीर्ष इस्लामिक नेता के नेतृत्व में सरकार तथा कैबिनेट के गठन पर बनी सहमति
- पंजशीर घाटी में तालिबान का विरोधी मिलिशिया से जारी है जंग



फाइल फोटो

**एजेंसियां। काबुल**

**तालिबान** और अन्य अफगान नेताओं के बीच नई सरकार और कैबिनेट के गठन पर सहमति बन गई है। सरकार का मुखिया शीर्ष इस्लामिक नेता होगा। तालिबान के मुताबिक जल्द ही नई सरकार के गठन का ऐलान कर दिया जाएगा। इस बीच, पंजशीर घाटी में जंग जारी है। तालिबान विरोधी मिलिशिया लड़ाकों और पूर्व अफगान सुरक्षा बलों का गुट 'द नेशनल रेसिस्टेंस फ्रंट' (एनआरएफ) ने पंजशीर की रक्षा करने का संकल्प लिया है, वहीं तालिबान ने इलाके को घेरने के लिए और लड़ाकों को भेजा है।

सरकार के गठन पर हुई बातचीत के मुताबिक तालिबान के शीर्ष कमांडर हैबतुल्लाह अखुंदजाता किसी भी गवर्निंग काउंसिल के शीर्ष नेता रहेंगे। यह जानकारी समूह के संस्कृति आयोग के एक सदस्य बिलाल करीमी ने बुधवार को दी। करीमी ने बताया कि अखुंदजादा के तीन नायबों में से एक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर, जो ताबिलान का सार्वजनिक चेहरा हैं सरकार के रोजमर्रा के कामकाज के प्रभारी हो सकते हैं। करीमी ने कहा कि समग्र अफगान सरकार के गठन के लिए इस्लामिक अमीरात के नेताओं, जिसमें पूर्व सरकार के नेता तथा अन्य प्रभावी नेता शामिल थे, के बीच चल रहा सलाह मशविरा आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके बीच सहमति हो गई है। हम हफ्तों में नहीं बल्कि कुछ ही दिनों में कैबिनेट और सरकार के गठन के बारे में ऐलान करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा कि तालिबान अपनी सरकार के बारे में कोई भी घोषणा करने से पहले अमेरिकी सैनिकों की पूरी तरह से वापसी का इंतजार कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि जल्द ही अखुंदजादा और बरादर काबुल में सार्वजनिक रूप से सामने आएंगे।

अमेरिका ने सोमवार की आधी रात को अपनी सबसे लंबी जंग का आधिकारिक रूप से अंत किया था। उसका यह मिशन 11 सितंबर 2001 में हुए आतंकी हमले के तुरंत बाद शुरू हुआ था। अमेरिकी सेना के जाने से तालिबानी जश्न के मूड में हैं लेकिन उनके सामने अभी ढेरों चुनौतियां हैं क्योंकि उन्हें अब कामकाज करने वाली सरकार स्थापित करनी है। अमेरिकी मदद बंद होने तथा तेजी बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए उन्हें आर्थिक संकट को खत्म करना होगा। वहीं पंजशीर घाटी में तालिबान लड़ाकों का अपने विरोधियों के साथ जंग जारी है। तालिबान के एक पदाधिकारी आमिर खान मुत्ताकी ने ट्विटर पर जारी आडियो संदेश में पंजशीर के लोगों से कहा कि ( शेष पेज 9 )

## तालिबान से वार्ता पर उमर अब्दुल्ला ने साधा निशाना



पत्रकारों से वार्ता करते जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

- कहा-केंद्र साफ करे कि तालिबान आतंकी संगठन है या नहीं

**पायनियर समाचार सेवा। जम्मू**

**भारत** द्वारा तालिबान से आधिकारिक रूप से बात करने के एक दिन बाद, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह स्पष्ट करे कि क्या वह संगठन को एक आतंकवादी संगठन मानती है या नहीं। दोहा में एक भारतीय प्रतिनिधि ने मंगलवार को तालिबान नेता से मुलाकात की थी। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा कि तालिबान एक आतंकवादी संगठन है ( शेष पेज 9 )

# उत्तर भारत में 48 करोड़ लोग खतरनाक प्रदूषण की जद में

- इस क्षेत्र में दुनिया में सबसे अधिक वायु प्रदूषण, जीवन प्रत्याशा 9.7 वर्ष तक कम होने की आशंका
- उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार और हरियाणा सबसे अधिक प्रदूषित राज्य, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में लगातार बढ़ रहा खतरा



प्रतीकात्मक फोटो

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**वायु** प्रदूषण के कारण लगभग 40 प्रतिशत भारतीयों की जीवन प्रत्याशा लगभग नौ साल तक कम हो सकती है। प्रदूषण के कारण दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं। यह बात एक अमेरिकी शोध समूह की बुधवार को आई रिपोर्ट में कही गई है।

शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान द्वारा तैयार वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को प्रदूषण के कारण 9.7 वर्ष और उत्तर प्रदेश में 9.5 वर्ष के जीवन का नुकसान होगा। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में वायु प्रदूषण समय के साथ बढ़ा है और इसने नए-नए इलाकों को अपनी चपेट में लिया है। महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि औसतन एक व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा में 2.5 से 2.9 वर्ष तक की अतिरिक्त गिरावट आ रही है। बिहार में जहां इसकी वजह से 8.8 साल आयु कम हो सकती है तो हरियाणा और झारखंड में लोगों की आयु पर क्रमश: 8.4 साल और 7.3 साल तक असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण का यही स्तर बरकरार रहा तो आंध्र प्रदेश में 3.3 साल, असम में 3.8 साल, चंडीगढ़ में 5.4 साल, छत्तीसगढ़ में 5.4 साल, झारखंड में 7.3 साल, गुजरात में 4.4 साल, मध्य प्रदेश में 5.92 साल, मेघालय में 3.65 साल, त्रिपुरा में 4.17 साल और पश्चिम बंगाल में 6.73 साल उम्र कम हो सकती है।

शिकागो विश्वविद्यालय के वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है, जहां 48 करोड़ से अधिक लोग या देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी उत्तर में गंगा के मैदानी क्षेत्रों में रहती है, जहां प्रदूषण का स्तर नियमित रूप से दुनिया में कहीं और पाए जाने वाले स्तर से अधिक है। विश्वविद्यालय के 'एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट' के अध्ययन से पता चलता है कि अगर कोई व्यक्ति स्वच्छ हवा में सांस लेता है तो वह कितने समय तक जीवित रह सकता है। रिपोर्ट ( शेष पेज 9 )

# बैठक से सात विधायक गायब बंगाल भाजपा की बढ़ी चिंता

**सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में लगातार दो दिनों में भाजपा के दो विधायकों के पार्टी छोड़ने के बाद बुधवार को उत्तर बंगाल में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा के सात विधायकों के गायब रहने से भाजपा की मुश्किल बढ़ गई है। हालांकि, बंगाल के अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा है कि राज्य की पार्टी इकाई बरकरार है और आगे दलबदल की कोई संभावना नहीं है। बड़ी संख्या में भगवा विधायकों के तृणमूल कांग्रेस के संपर्क में होने की अफवाहों के बीच भाजपा नेतृत्व ने सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल के 29 विधायकों की बैठक बुलाई थी। बैठक को राजू बिस्ता और जॉन बुर्ला जैसे वरिष्ठ नेताओं को संबोधित करना था। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक से गायब रहने वाले विधायकों में अशोक लाहिड़ी, विवेकानंद बरुई, मनोज उरांव, दिबाकर घरामी, सत्येंद्रनाथ रॉय, जोएल मुर्मू और गोपाल साहा शामिल हैं। बुधवार के घटनाक्रम को देखते हुए दलबदल की आशंका के कयास लगाए जा रहे हैं, क्योंकि लगातार दो दिन सोमवार व मंगलवार को बिष्णुपुर विधायक तन्मय घोष और बडगा विधायक बिस्वजीत दास ने भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कोलकाता में कहा कि उनकी अनुपस्थिति का दलबदल से कोई लेना-देना नहीं है। घोष ने कहा कि जो तृणमूल कांग्रेस से यह सोचकर आए थे कि भाजपा सत्ता में आ रही है, इसलिए वे सत्ता में आने के लिए पार्टी में शामिल हो गए। कुछ लोग सत्ता से बाहर नहीं रह सकते, ये ऐसे लोग हैं भाजपा छोड़कर चले गए। फिलहाल आज की बैठक में विधायकों की अनुपस्थिति का इससे कोई लेना देना नहीं है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में 77 सीटें जीतने वाली भाजपा के पास मंगलवार के बाद 72 विधायक रह गए हैं। जबकि निसिथ प्रमाणिक और जगन्नाथ सरकार दो सांसदों ने ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया था। चुनाव के तुरंत बाद, भाजपा उपाध्यक्ष और कृष्णानगर के विधायक मुकुल रॉय चुनाव के तुरंत बाद भगवा पार्टी छोड़ने वाले पहले व्यक्ति थे। सोमवार और मंगलवार को भाजपा छोड़ने वाले घोष और दास थे। दोनों नेताओं ने कहा कि वे भाजपा के कामकाज की शैली से नाखुश हैं।

## टूटे तार के करंट से मां बेटी समेत पांच की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

**गाजियाबाद** के सिहानी गेट के राकेश मार्ग पर बुधवार सुबह भारी बारिश के बीच बिजली के टूटे तार के करंट से दुकान से सामान खरीदने गए पांच लोगों की एक के बाद एक मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवेदना प्रकट करते हुए मामले में जांच के आदेश और जिला प्रशासन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक राकेश मार्ग पर किराए पर मजदूरों का परिवार रहता है। बुधवार सुबह बारिश के दौरान तेन सिंह पैलेस के पास दुकान से सामान लेने गए थे। इसी दौरान खंभे का तार टूटकर दुकान के टीन शेड पर गिरा, जिससे उतरे करंट ने अपनी चपेट में एक बच्चे को ले लिया। एक व्यक्ति ने डंडे से तार को हटाने की कोशिश की, लेकिन बारिश के चलते नीचे पानी भरा होने व डंडा गीला होने के वह भी करंट की चपेट में आ गया। इसी तरह वहां मौजूद एक-एक करके पांच लोग करंट की चपेट में आ गए। करंट से झुलसे लोगों को पास के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में ( शेष पेज 9 )

# सुपरटेक मामले में योगी सख्त दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- बिल्डर के साथ मिलीभगत करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**नोएडा** के सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट मामले में बिल्डर के साथ मिलीभगत करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले में नोएडा विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने कहा कि 2004 से 2012 के बीच अलग-अलग समय पर प्रोजेक्ट को अनुमति दी जाती रही। जिसमें तत्कालीन अधिकारियों-कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका पाई जा गई है।

उच्चतम न्यायालय के ताजा आदेश के अक्षरश: अनुपालन कराये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी के हितों से खिलवाड़ करने वाला एक भी दोषी न बचे इसके लिए एक विशेष समिति गठित कर जांच कराई जाए। सीएम के निर्देश के बाद जांच कमेटी गठित कर दी गई है। वहीं इस प्रकरण में पूर्व में सुनवाई के समय समस्त तथ्यों से उच्चाधिकारियों को अवगत नहीं कराए जाने के कारण नियोजन विभाग के दोषी कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

इससे पहले बीते मंगलवार को स्थानीय निवासियों की याचिका पर निर्णय देते हुए उच्चतम न्यायालय ने सुपरटेक के ट्विन टॉवर्स को गिराये जाने के आदेश दिए। सुपरटेक के यह दोनों ही टॉवर 40-40 मंजिला हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह टॉवर नोएडा अथॉरिटी और सुपटेक की मिलीभगत से बने थे। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि सुपरटेक अपने ही पैसों से इनको तीन महीने के अंदर-अंदर तोड़े साथ ही खरीददारों की रकम ब्याज समेत लौटाए। 40-40 मंजिला इन सुपरटेक के टॉवर्स में 1-1 हजार फ्लैट्स हैं। कोर्ट ने ( शेष पेज 9 )

## रेस्त्रां मालिक की हत्या में शामिल तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**ग्रेटर** नोएडा के बीटा-2 में रेस्टोरेंट मालिक सुनील अग्रवाल की हत्या मामले में पुलिस ने बुधवार दोपहर मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के मित्रा एन्क्लेव सोसाइटी में दादरी निवासी सुनील जमजम रेस्टोरेंट के नाम से ऑनलाइन रेस्टोरेंट चलाते थे। मंगलवार रात करीब 12 बजे रेस्टोरेंट में ऑनलाइन आर्डर के लिए स्विगी के डिलीवरी ब्वाय मौजूद थे। इसी दौरान आर्डर को लेकर डिलीवरी ब्वाय का रेस्टोरेंट में काम करने वाले नारायण से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर रेस्टोरेंट मालिक सुनील को बीच बचाव करने के दौरान वहां मौजूद तीन युवकों ने सिर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। सुनील को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच के दौरान पुलिस ने बुधवार दोपहर तीन ( शेष पेज 9 )

# देश में कोविड-19 ब्रेक थ्रू संक्रमण सीमा के अंदर

- आईएनएसएसीओजी के अनुसार टीकाकरण बचाता है गंभीर बीमारी से

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**जीनोम** अनुक्रमण सरकारी संघ आईएनएसएसीओजी ने कहा है कि भारत में दर्ज किए गए कोविड-19 संक्रमण के ब्रेकथ्रू मामलों की संख्या संक्रमणों की कुल संख्या से अपेक्षित संख्या के भीतर है और टीकाकरण गंभीर बीमारी से बचाता है। आईएनएसएसीओजी ने अपने हालिया बुलेटिन में कहा कि डेल्टा भारत और विश्व स्तर पर प्रमुख स्वरूप बना हुआ है। जब किसी व्यक्ति को इसका टीका लगवाने के बाद भी संक्रमण हो जाता है, तो इसे ब्रेकथ्रू का मामला कहा जाता है।

बुलेटिन में कहा गया है, भारत में दर्ज किए गए टीकाकरण ब्रेकथ्रू की संख्या संक्रमणों की कुल संख्या, टीकाकरण की गई आबादी की संख्या और डेल्टा संक्रमण के खिलाफ कोविशील्डाकोवैक्सीन की प्रभावशीलता में ज्ञात कमी से अपेक्षित संख्या के भीतर है। गत 30 अगस्त की तिथि के बुलेटिन में कहा गया है, टीके गंभीर बीमारी से रक्षा करना जारी रखते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीति की आधारशिला बने रहते हैं। आईएनएसएसीओजी ने कहा कि डेल्टा प्लस एवाई.12 जो पहली बार इजराइल में सामने आया था, अभी तक भारत में नहीं देखा गया है।

उसने कहा कि इसी तरह के अनुक्रम जिन्हें कम कड़ाई के साथर एवाई.12 के रूप में वर्गीकृत किया जा रहा है, उनका इसी तरह से महामारी विज्ञान में महत्व नहीं है। हालांकि, सार्स-सीओवी-2 के नए स्वरूप पर कोई तथ्य नहीं है, जो कोविड-19 का कारण बनता है। यह वायरस दक्षिण अफ्रीका और विश्व स्तर पर कई अन्य देशों में पाया गया है और इससे टीकाकरण द्वारा बचाव किया जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका में नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कम्युनिकेबल ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,338 | ↓ 214 | |
| निफ्टी | 17,076 | ↓ 55 | |
| सोना | 46,123 | ↓ 06 | /10g |
| चांदी | 62,336 | ↓ 515 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रसोई गैस का सिलेंडर 25 रुपए हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सब्सिडी वाली रसोई गैस सहित सभी श्रेणियो मे एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर की कीमतों में बुधवार को 25 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई। दो महीनो से भी कम समय मे दरो मे तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। तेल कंपनियों द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना के अनुसार सब्सिडी वाले और बिना सब्सिडी वाले एलपीजी की कीमत अब दिल्ली में 884.50 रुपए प्रति सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) है। इससे पहले एक जुलाई को सब्सिडी वाले और बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस की दरों में 25.50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी। अगस्त मे एक तारीख और 18 तारीख को बिना सब्सिडी वाली रसोई गैस की कीमतों मे हर बार 25 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि हुई थी।



नई दिल्ली में बुधवार को कोरोना महामारी के कारण लंबे समय के बाद स्कूल खुले। बारिश के बावजूद छात्र स्कूल पहुंचे। राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय-1 में तापमान की जांच कराता एक छात्र। फोटोः रंजन डिमरी

# एक ही दिन में बरसा पूरे सितंबर का पानी

- सड़कें, अंडरपास, पार्क सब लबालब, फ्लाईओवरों से दिखा झरने जैसा दृश्य
- बीते दो दशक में सबसे ज्यादा 112.1 मिमी वर्षा, पूरे सितंबर महीने में होती है 125 मिमी

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में बुधवार सुबह से दोपहर तक लगातार वर्षा हुई। भारी बारिश की वजह से सड़कें, अंडरपास, पार्क सब लबालब हो गए। कई इलाकों में जलभराव हो गया तो फ्लाइओवरों से गिरता पानी झरने जैसा दृश्य पेश कर रहा था।



नई दिल्ली में भारी बरसात के बाद निचले इलाकों में हो गया जलभराव

जलभराव की वजह से दिल्ली और इससे सटे नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि में यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटों में 112.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह 19 वर्षों में सितंबर में एक दिन में हुई सबसे अधिक वर्षा है। इससे पहले राजधानी में 13 सितंबर 2002 को 126.8 मिमी बारिश हुई थी। अब तक इस महीने में सबसे अधिक 172.6 मिमी बारिश 16 सितंबर 1963 को हुई थी। खास यह कि सितंबर माह में औसतन 125.1 मिमी बारिश होती है। इस तरह एक सितंबर को ही पूरे का 90 फीसद पानी बरस गया। इसके बाद दिन भर बारिश का दौर जारी रहा। शहर में सुबह साढ़े आठ बजे से महज तीन घंटों ( शेष पेज 9 )

## जलभराव से दिल्ली एनसीआर हलकान

**दिल्ली-एनसीआर** से जगह-जगह सड़कों और अंडरपास आदि में पानी भरने की शिकायतें आईं। जलभराव के कारण मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग, मायापुरी चौक, घिटोरनी मेट्रो स्टेशन से एमजी रोड और अधचिनी से किशनगढ़ की तरफ यातायात जाम रहा। इसके अलावा रोहतक रोड, विकास मार्ग, धौला कुआं, एम्स के समीप रिंग रोड और मूलचंद, आश्रम, मथुरा रोड और सराय काले खां में वाहन रेंगते हुए चले। मिंटो ब्रिज समेत कई अंडरपास को कुछ समय के लिए बंद भी करना पड़ा। दिनभर पुलिस ट्वीटर के माध्यम से लोगों को जाम ( शेष पेज 9 )

# ग्रेनो में उद्योगों को एसटीपी से मिलेगा पानी

## ऐसी सुविधा देने वाला देश का पहला शहर बना नोएडा, 750 एकड़ में बसेगी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में तेजी से गिरते भूजल स्तर को बचाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बड़ी पहल शुरू कर दी है। ऐसा करने वाला ग्रेटर नोएडा देश का पहला शहर है।

शहर के आईआईटीजीएनएल की हाईटेक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में उद्योगों के लिए भूजल का उपयोग नहीं होगा। पेयजल को छोड़कर अन्य उद्योगों के लिए पानी की जरूरत एसटीपी से पूरी होगी। यह देश का पहला शहर होगा जहां एसटीपी के शोधित पानी से सभी जरूरतें पूरी की जाएंगी।




इस पर काम शुरू हो चुका है। दिवाली तक उद्योगों को एसटीपी से शोधित पानी मिलने लगेगा। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड की तरफ से करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई जा रही है।

इस टाउनशिप में अब तक पांच बड़ी कंपनियां अपना प्लांट लगा रही हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर्मी मोबाइल सत्कृति इंफोटेनमेंट चेनफेंग एलईडी कंपनी और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। हायर कंपनी बहुत जल्द उत्पादन भी शुरू करने जा रही है। इन उद्यमों में करीब 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। उद्योगों की जरूरत के लिए केंद्रीय भूगर्भ जल आयोग से भूजल निकालने की अनुमति नहीं मिली है। सिर्फ पीने के लिए गंगाजल की अनुमति मिली है। ऐसे में उद्योगों की जरूरत कैसे पूरी होगी यह बड़ा सवाल बन गया था।

### 9 किमी लंबी पाइपलाइन में आएगी 9 करोड़ की लागत

*ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और आईआईटीजीएनएल के एमडी नरेंद्र भूषण ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित पानी पहुंचाने का निर्णय लिया। इस पर सभी की सहमति बन गई और तत्काल काम भी शुरू कर दिया गया। कासना स्थित 137 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट से शोधित करके पानी पहुंचाया जाएगा। एसटीपी से टाउनशिप तक पानी पहुंचाने के लिए करीब 9 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जानी है। पाइपलाइन व अन्य नेटवर्क तैयार करने में करीब 9 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह खर्च आईआईटीजीएनएलड वहन कर रहा है। पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया है।*

### दीपावली तक मिलने लगेगा लोगों को जल

अधिकारियों ने बताया कि दीवाली तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। जिससे टाउनशिप में औद्योगिक इकाइयों के चालू होने पर पानी की किल्लत न रहे। मौजूदा समय में वहां के उद्योगों के लिए करीब पांच एमएलडी पानी रोजाना की दरकार है। बाद में यह जरूरत 15 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही आईआईटीजीएनएल की यह टाउनशिप उन चंद शहरों में शुमार हो जाएगी जहां पर भूजल का दोहन शून्य है। एसटीपी से शोधित पानी पहुंचने से न सिर्फ उद्योगों की जरूरत पूरी हो सकेगी, बल्कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को रोजाना करीब एक लाख रुपये की आमदनी भी होगी। बाद में यह रकम तीन गुना बढ़ जाएगी।

# 81 गांवों का प्राधिकरण पर हल्ला बोल



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अपनी मांगों को लेकर नोएडा में 81 गांवों के किसानों ने बुधवार को प्राधिकरण पर हल्ला बोला लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बीती रात रात से ही सतर्क थी।

किसानों का आरोप है कि मंगलवार को पुलिस ने किसानों को घर-घर जाकर धमकाया है कि नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ महाआंदोलन में शामिल ना हो। लेकिन फिर भी बड़ी संख्या में किसान एकत्रित होकर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे तो पुलिस ने मौके पर 40 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल नोएडा में 81 गांवों के किसानों अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर पर पहुंचे लेकिन नोएडा पुलिस ने किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने करीब 50 से भी ज्यादा किसानों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मंगलवार को ही किसानों के प्रदर्शन की जानकारी मिल गई थी जिसके बाद देर रात से ही पुलिस सतर्क हो गई। नोएडा प्राधिकरण को चारों तरफ से बेरिकेटिंग लगा के घेर दिया। बुधवार को जब किसानों अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पर पहुंचे तो किसानों और पुलिस के बीच नोंकझोक हुई। जिसमें पुलिस ने 40 किसानों को गिरफ्तार लिया और 250 किसानों को नोटिस दिया है।

### जिले में धारा-144 लागू कानून भंग किया तो होगी सख्त कार्रवाई: रणविजय

एडिशनल डीसीपी नोएडा रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने किसानों को बता दिया था कि जिले में धारा 144 लागू है, ऐसे भी इतनी भीड़ इकट्ठा नहीं की जा सकती। उसके बाद भी कुछ लोग प्राधिकरण दफ्तर के आ गए, जिसके कारण आवाजाही में दिक्कतें आ रही थी, पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। अगर कोई शांति भंग करने की कोशिश करेगा या कानून अपने हाथ में लेने का प्रयास करेगा तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# एयरपोर्ट की जमीन को अपना बताकर बेचा

- एक करोड़ पांच लाख ठगे, तीन के खिलाफ मामला दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नगली-नगला गांव में वायुसेना की जमीन को अपना बताकर तीन लोगों ने एक व्यक्ति को प्लॉट बेचकर एक करोड़ पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के मुताबिक मैसर्स सत्या पॉपकॉर्न के डायरेक्टर अरविंद की शिकायत पर पुलिस ने भंगेल निवासी ब्रह्म सिंह, नगली-नगला निवासी इंद्रजीत और सेक्टर-47 निवासी सत्यवीर खटाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

शिकायत के मुताबिक तीनों आरोपियों ने नगली-नगला के एक प्लॉट को अपना बताकर अरविंद के साथ एक करोड़ पांच लाख रुपये में सौदा किया था। आरोप है कि तीनों लोह अरविंद को मौके पर जमीन दिखाने के लिए ले गए थे और दूर से बिक्री की जमीन को अपना बता कर दिखाया था। दोनों पक्षों के बीच बातचीत व रुपयों का लेनदेन सेक्टर-12-22 के एक होटल में हुआ था। इस दौरान बैनामा में यह तय हुआ था कि आरोपी एयरफोर्स व सिंचाई विभाग से एनओसी लेंगे।

इसके बाद कई बार कहने के बाद भी आरोपी की तरफ से न तो एनओसी ली गई और न ही जमीन पर कब्जा दिया गया। जिस जमीन को लेकर आरोपियों ने एक करोड़ पांच लाख रुपये लिए हैं वह जमीन मौके पर है ही नहीं और जिसे यह लोग अपनी जमीन बता रहे थे वह एयरफोर्स की जमीन है। इसके बाद वादी पक्ष के लोगों ने जब पैसे वापस करने की मांग की तो आरोपी पक्ष ने रुपये वापस देने से मना कर दिया।

## सरिया चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के एनटीपीसी मोड़ के पास से सरिया चोरी कर सस्ते दामों पर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सरिया गैंग के फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

कोतवाली दादरी प्रभारी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया सरिया चोरी करने वाले गैंग के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान बबलू और अंकित भाटी निवासी देवला के रूप में हुई है। यह लोग अपने साथियों के मदद से हाईवे पर जाने वाले सरिया से लदे ट्रकों से सरिया चोरी कर लेते हैं और बाद में उस सरिया को करीब आधे दामों पर दुकानदारों को बेच देते हैं। आरोपियों के पास से सरिया बरामद किया है।

# प्राथमिक स्कूलों में पहुंचे बच्चे, शुरू हुई पढ़ाई

- नोएडा में बेसिक शिक्षा विभाग के 577 प्राथमिक और उच्च विद्यालय है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर कम होने के बाद आजसे गौतमबुद्ध नगर समेत यूपी में एक से पांच तक के प्राथमिक विद्यालयों में पठन.पाठन शुरू हो गया है।

6 से 8 तक के स्कूल 24 अगस्त को ही खुल गए थे। हालांकि इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह ध्यान रखा गया। जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के सभी परिषदीय स्कूलों में कोरोना गाइडलाइंस का ध्यान रखते हुए बच्चों का स्वागत किया गया। इससे पहले कोरोना की दूसरी लहर से पहले करीब एक महीने स्कूलों में अध्ययन.अध्यापन चला था। राज्य सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक स्कूल 2 पालियों में चलेंगे।



हालांकि तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए कुछ अभिभावक बच्चों को विद्यालय भेजने के पक्ष में नहीं हैं।

जिले के निजी स्कूलों में बच्चों भेजने के लिए अभिभावकों ने सहमति नहीं जताई हैं। अधिकतर स्कूल प्रबंधक, अभिभावकों की सहमति का इंतजार कर रहे हैं।

### प्राइवेट विद्यालयों में अभी संशय बरकार

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा ने बताया, विद्यालय में पूरी तैयारी की जा चुकी है। लेकिन अभी काफी कम अभिभावकों ने बच्चों के भेजने पर सहमति जताई है। अभिभावकों के साथ फिर से सर्वे किया जा रहा है। प्रज्ञान स्कूल की प्रिंसिपल रुचिका शर्मा ने बताया, छोटे बच्चों की क्लास अभी शुरू नहीं हो पाएगी। अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है। साथ ही उनको सुरक्षा के बारे में बताया जा रहा है।

# असगरपुर गांव के लोगों ने अफसरों को गिनाई समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- 8.80 करोड़ के 7 कार्य पूर्ण कराये गये

नोएडा प्राधिकरण द्वारा गांवों के विकास के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान नोएडा आपके द्वार कार्यक्रम को सराहा जा रहा है। इस अभियान के तहत टीम ने असगरपुर गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनको हल कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने टीम से 19 अहम मांगें कीं।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबन्धक राजीव त्यागी की अगुवाई में टीम ने आज असगरपुर का निरी्क्षण किया। अभियान के अन्तर्गत यह 8वां गांव था, जिसका अफ सरों ने मुआयना किया। इस दौरान महाप्रबन्धक सिविल उप महाप्रबन्धक जल तथा सम्बन्धित विद्युत.यांत्रिक खण्ड एवं जल खण्ड के वरिष्ठ प्रबन्धक परियोजना अभियन्ता जन स्वास्थ्य एवं तहसीलदार भी उपस्थित थे। साथ ही ग्राम असगरपुर के विभिन्न निवासीगण भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे। प्राधिकरण द्वारा गांव में कराये कार्यों से ग्रामीण अत्यन्त प्रसन्न हैं। ग्रामीणों ने प्राधिकरण के कराये गये कार्यों की प्रशंसा की और अफ सरों को प्रशंसा पत्र भी दिया।

गांववालों ने कहा कि निरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व ही प्राधिकरण के कर्मचारी एवं अधिकारी गांव में पहुंचे। इससे ग्रामवासियों को अत्यन्त सुविधा मिल रही है।

निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि ग्राम असगरपुर में सिविल एवं विद्युत.यॉत्रिक से सम्बन्धित कुल 8.80 करोड़ के 7 कार्य पूर्ण कराये गये है। 3.12 करोड की लागत से अवशेष सीसी रोड व बाहरी सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# निवाड़ी-पतला को मिली विकास कार्य कराने की सौगात

## 15वें वित्त आयोग की बैठक संपन्न, एक करोड़ से ज्यादा की राशि जारी करने के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर निवाड़ी और पतला नगर पंचायतों के विकास का पिटारा खुल गया है।

जिला मुख्यालय पर संपन्न हुई 15वें वित्त आयोग की बैठक में नगर पंचायत निवाड़ी को एक करोड़ 15 लाख और नगर पंचायत पतला को 37 लाख 31 हजार रुपया का फंड निर्गत करने की स्वीकृति दे दी गई है।

इन राशियों से दोनों नगर पंचायतों में नाली खड़ंजा इंटरलॉकिंग आदि से जुड़े विकास कार्य कराए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने यह साफ कर दिया कि स्वीकृत कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण होने चाहिए और मानकों के अनुरूप पूरा कार्य करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता एवं मानकों में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारी नाप दिए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी समय-समय पर विकास कार्यक्रमों की मौके पर जाकर जांच करेंगे और कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में नियमित जांच रिपोर्ट मुख्यालय को देंगे। बैठक में जिलाधिकारी प्रशासन रितु सुहास अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पतला और निवाड़ी नीति गुप्ता चेयरमैन निवाड़ी, विमला देवी चेयरमैन पतला, मनोज कुमार शर्मा सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।



जिला मुख्यालय पर आयोजित 15वें वित्त आयोग की बैठक का दृश्य

# बुजुर्ग के खाते से निकाले 11 लाख

**गाजियाबाद।** यस बैंक के एक सेविंग अकाउंट होल्डर से साइबर जालासाजों ने ओएनजीसी के अवकाश प्राप्त अधिकारी के खाते से 11 लाख की रकम कुछ ही मिनटों में साफ कर दी।

जालसाजों ने जगदीश चंद गुप्ता को पहले बैंक कर्मी करके फोन किया और उन्हें बताया कि वह उनकी केवाईसी का सत्यापन कर रहे हैं । उन्हें कुछ जानकारियां चाहिए और जो ओटीपी आपके मोबाइल पर आए उसे आप हमें शेयर कर दें। बुजुर्ग जगदीश चंद्र गुप्ता यह नहीं समझ पाए कि कॉलर कोई बैंक कर्मी नहीं है बल्कि साइबर जालसाज है। इस दौरान जालसाजों ने उनके खाते से 11 लाख रुपये लिकाल लिए।

# शौचालयों में सुविधाओं के लिए कमेटी का गठन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम ) के अंतर्गत शहर के समस्त शौचालयों को एकरूपता प्रदान की गई थी तथा एस बी एम मानकों के अनुसार ही सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थी।

शौचालयों में सुविधाएं निरंतर बनाए रखने के लिए नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तवर ने एक कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही कमेटी को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि शहर के समस्त शौचालयों में एस बी एम मानकों के अनुसार सुविधाएं बरकरार रहे ताकि शहर वासियों को बेहतर सुविधाएं निरंतर प्राप्त होती रहे। शहर में शौचालय की व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए आज नगर आयुक्त कैंप कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश तथा अपर नगर आयुक्त वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य विभाग प्रमोद कुमार को प्रत्येक सप्ताह में समस्त शौचालय को मेंटेन की कार्यवाही आख्या प्रेषित करने के लिए आदेश दिए। महापौर द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि किसी शौचालय में 28 पैरामीटर्स के अनुसार सुविधाएं न मिलने पर संबंधित अधिकारी को कड़ी कार्रवाई के लिए भी चेतावनी दी गई है ।

# संक्षिप्त समाचार



### ऑनलाइन कल्चरल कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा।** अनमोल सोशल फाउंडेशन की चीफ मैनिजिंग डायरेक्टर रूपम वर्मा ने बताया कि बीते वर्षो कोरोना जैसी महामारी के चलते बच्चे घर में रह कर बोर हो गए थे, अनमोल सोशल फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया जिस के माध्यम से देश के नौनिहालो के टेंलेंट को निखारने के लिए प्रतियोगियों को प्रोत्साहन प्रमाणपत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम से बच्चों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उम्मीद है कि कोई भी वैश्विक महामारी हमारे नौनिहालों के हिम्मत को तोड़ न पाए। पेशे से पत्रकार रूपम वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता समाज सेवा का माध्यम है, इसी सीख को साथ लेकर ही एनजीओ 2019 में रजिस्टर्ड हुई हैं। सोसायटी में स्वास्थ्य कैंप, जरूरतमंदों को कपड़े वितरण सहित, कोरोना महामारी में रोगियों को ऑक्सीजन ,बेड और ब्लड कि जरूरतों पूरा करवाने और शरणार्थियों तक राशन और खाने पीने की जरुरते पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### शिक्षाविद मास्टर गोपीचन्द शर्मा का निधन

**नोएडा।** बरौला गांव के निवासी और शिक्षाविद मास्टर गोपीचन्द शर्मा का सोमवार को निधन हो गया है। उनके निधन के बाद गौतबुद्ध नगर के शिक्षा क्षेत्र में दु:ख की लहर दौड़ पड़ी है। गोपीचन्द शर्मा काफी लंबे समय से बीमार चल रहे है। जिसके कारण उनका निधन हुआ है। गोपीचन्द शर्मा के पोते सचिन भारद्वाज ने बताया कि शिक्षाविद मास्टर गोपीचन्द शर्मा 87 साल की उम्र में दुनिया को छोड़कर चले गए। वह काफी जिलों में विभिन माध्यमिक स्कूलों में प्रधान अध्यापक रहे। डिबाई के पूर्व विधायक गुड्डू पंडित इनके ही छात्र रहे। गोपीचन्द मास्टर को शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से काफी लगाव था। सचिन भारद्वाज एक वकील है उसके अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी सचिन का काफी बड़ा योगदान है।

### शक्ति बनकर उभरेगी प्रसपाः शिवपाल यादव



**हापुड़।** प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि आगामी 2022 विधानसभा चुनाव में प्रसपा एक बड़ी ताकत के रुप में उभरेगी। जिसके चलते वह प्रदेश का दौरे कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे है। वहीं दौरा कर हर जनपद में पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी मजबूत करने के दिशा निर्देश दिए जा रहे है। यादव बुधवार को ततारपुर टोल टैक्स पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सपा-प्रसपा गठबंधन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अभी वक्त है सभी को बाद में सब पता चल जाएगा। देखिए भविष्य में आगे-आगे होता है क्या? यादव बुधवार को दिल्ली से संभल किसी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए जा रहे थे। ततातपुर टोल टैक्स पर प्रसपा जिलाध्यक्ष पदम सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों प्रसपा के वरिष्ठ नेता चौधरी शीशपाल सिंह, प्रदेश महासचिव एडवोकेट जुनैद अहमद, आलम अंसारी, रिजवान प्रधान, फुरकान अल्वी, अफजाल अल्वी, अमित त्यागी, जतिन कुमार, राहुल कुमार, डॉ. भवानी सिंह, जीत सिंह, हीरेलाल जाटव, हरेंद्र गौतम, गौरव कुमार, तरुण सागर, धर्मेंद्र गौतम, पंकज कुमार, शोएब खान, रिजवान खान व फैय्याज बक्सर रहे।


**रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1976पीएलसी008036

पंजी. कार्यालय : यूनिट नं. 8, भूतल, पॉकेट एम, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076

वेबसाइट : www.rotoindia.co.in, ई-मेल : info@rotoindia.co.in, दूरभाष : 011-47366600

**वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों की 46वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") का आयोजन बुधवार, 29 सितंबर 2021 को पूर्वा. 10.00 बजे, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और तद्धीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") सर्कुलर दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 तथा 13 अप्रैल, 2020 तथा 5 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 (सामूहिक रूप से एमसीए सर्कुलर्स कहे गए हैं) और सेबी सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 तथा 15 जनवरी, 2021 के अनुसार वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') ("बैठक") के माध्यम से किया जाएगा। कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2020-21 के वार्षिक प्रतिवेदन ('वार्षिक प्रतिवेदन') तथा वार्षिक लेखा के साथ एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रति सदस्यों को डिपॉजिटरीज/कम्पनी के साथ पंजीकृत मेल पतों पर इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्रेषित कर दी गयी है। इन प्रलेखों को कम्पनी की वेबसाइट लिंक www.rotoindia.co.in तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com से भी डाउनलोड किया जा सकता है। सदस्यगण, जो कट-ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार, 22 सितंबर 2021 को, वास्तविक अथवा डिमेट प्रारूप में अंशों का धारण किए हुए हैं, वे www.evoting.nsdl.com पर एनएसडीएल के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि से अपना मतदान कर सकेंगे।

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :

1. एजीएम की सूचना में निर्धारितानुसार व्यवसाय का कार्य-निष्पादन दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से अथवा एजीएम में उपलब्ध ई-मतदान प्रणाली द्वारा किया जा सकता है।
2. दूरस्थ ई-मतदान अवधि का प्रारंभ रविवार 26 सितंबर 2021 को पूर्वा .9.00 बजे तथा समापन मंगलवार 28 सितंबर 2021 को अप. 5.00 बजे होगा। दूरस्थ ई-मतदान प्रक्रिया हेतु कट-ऑफ तिथि बुधवार, 22 सितंबर 2021 है।
3. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा अंश अंतरण बहियां 23 सितंबर 2021 से लेकर 29 सितंबर 2021 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी।
4. दूरस्थ ई-मतदान प्रतिदर्श को एनएसडीएल द्वारा 28 सितंबर 2021 को अप. 5.00 बजे के उपरान्त अयोग्य कर दिया जाएगा और सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर एक बार मतदान कर दिए जाने पर उसे बाद में इसको बदलने की अनुमति प्रदान नहीं होगी। मतदान की सुविधा एजीएम की समयावधि में भी उपलब्ध करायी जाएगी और वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित रहनेवाले सदस्यों, जिन्होंने दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से संकल्पों पर अपना मतदान नहीं किया है, वे एजीएम में ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु ग्राह्य होंगे। सदस्यगण जिन्होंने एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-मतदान द्वारा अपना मतदान किया है, वे भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते है, परन्तु वे पुनः अपना मतदान करने के अधिकारी नहीं होंगे। केवल वे व्यक्ति जिनका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभप्रद स्वामियों की पंजिका में अथवा सदस्यों की पंजिका में अभिलेखित है, वे दूरस्थ ई-मतदान अथवा एजीएम में ई-मतदान की सुविधा प्राप्त करने के अधिकारी होंगे।
5. कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषणोपरान्त परन्तु कट-ऑफ तिथि बुधवार, 22 सितंबर 2021 से पूर्व अंशों का उपार्जन करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है, वह evoting@nsdl.co.in, info@skylinerta.com अथवा info@rotoindia.co.in, एक अनुरोध भेजकर दूरस्थ ई-मतदान हेतु प्रयोक्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
6. एजीएम से पूर्व तथा इसकी समयावधि में दूरस्थ ई-मतदान हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना की टिप्पणियों में उपलब्ध करायी गयी है।
7. सदस्यगण जिन्हें एजीएम से पूर्व अथवा इसकी समयावधि में सहायता की आवश्यकता है, वे evoting@nsdl.co.in /1800-1020-990 तथा 1800 224 430 पर एनएसडीएल से अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड को evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in अथवा SoniS@nsdl.co.in पर सम्पर्क कर सकते हैं

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
अंकित बंसल
कम्पनी सचिव

दिनांक : 01-09-2021
स्थान : नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to general public that **SURESH CHAND YADAV S/o. SH. M.R. YADAV** has lost his original GPA along with entire chain documents, Agreement to sell, and other legal documents of property bearing no. B-56, Street No.2 Chandu Nagar, Karawal Nagar Road, Delhi-110094. Lost report has been lodged vide LR. No.264745/2021 dated 24/03/2021 at Crime Branch, Delhi.

**Founder May inform:**
**SURESH CHAND YADAV**
**9810154025, 9910154025**

Sd/-
Mr. Gaurav Mahur
Advocate
204, Sharma Complex A-2 Gurunanak Pura Laxmi Nagar, Delhi-110092

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल लिबरल सोशलिस्ट पार्टी (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 82, एम.आई.टी.सी. कालोनी, गुरूद्वारा साहिब के सामने, बाईपास रोड, सिरसा (पूरा पता लिखें) में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है-पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं:-

| | |
|---|---|
| सभापति/अध्यक्ष | : मनी राम, गांव रूपाना खुर्द जिला सिरसा। |
| महासचिव/सचिव | : संतोष रानी, अनेजा कालोनी, प्रेम नगर, सिरसा। |
| कोषाध्यक्ष | : किरण, गांव रामनगरिया जिला सिरसा। |

यदि किसी को लिबरल सोशलिस्ट पार्टी (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें ।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Anand Sharma, S/o Mr. Satay Narayan, insurance policy holder of Reliance Life insurance (policy no. 13275847) requests you to rectify my name on the policy documents from Mr. Anand Kumar to Mr. Anand Sharma.

PD(9070)A

I, Jawed Khan S/o. Gaffar Khan, R/o. A-16A, TF, Johri Farm, Noor Nagar, Extn., Jamia Nagar, New Delhi-110025 have Changed my name as Javed Khan for all future purposes.

PD(9071)A

**सार्वजनिक सूचना**

इस प्रकाशन द्वारा आम जनता को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री अखिलेश कुमार गुप्ता ने फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से बिल्ट-अप एल-टाइप वेस्टर्न सदर्न साइड सेकेंड फ्लोर पर बिना रूफ/टेरेस राइट्स, प्लॉट नंबर 9 क्षेत्र, खसरा नंबर 16/17, के बाहर 230 वर्ग गज, ग्राम असालत, कॉलोनी के क्षेत्र में स्थित है, जिसे ब्लॉक-डी, नई दिल्ली में महेंद्र पार्क के रूप में जाना जाता है ("उक्त संपत्ति"), को खरीदने हेतु ऋण के लिए आवेदन किया है । श्री अखिलेश कुमार गुप्ता ने श्री अमर नाथ गुलाटी पुत्र स्वर्गीय श्री द्वारा निष्पादित बेचने के लिए नोटरीकृत समझौते के माध्यम से खरीदने का करार किया है। श्री अमर नाथ ने उक्त संपत्ति को मुख्त्यार नामा, विक्रय करार एवं वसीयत द्वारा दिनांक 08.08.2003 को श्रीमती कुसुम गुलाटीन प्राप्त की है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/शीर्षक/हित रखने वाला कोई भी व्यक्ति आज से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

प्रसूनलता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स
सी 78 बेसमेंट, सेक्टर 2, नोएडा
0120-4554882, 7011172764


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# डेढ़ साल बाद खुले विद्यालय पहले दिन उपस्थिति रही कम

## मयूर विहार के स्कूल में शिक्षकों ने बनाई रंगोली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में करीब डेढ़ साल बाद स्कूल फिर से आबाद हो गए हैं। स्कूल की घंटी गूंजी, बच्चों की हंसी से खामोश पड़े स्कूल के कमरे परिसर गुलजार हुए। एक सितंबर से नौवीं से बारहवीं कक्षा की पढ़ाई शुरू हुई है। स्कूलों के ताले तो हट गए हैं लेकिन कोविड-19 महामारी को लेकर पाबंदी के ताले और मजबूत लगा दिए गए हैं। हर हाल में बच्चों से लेकर टीचर्स तक को कोरोना प्रोटोकॉल को सिलेबस की तरह मानना होगा।

कोरोना वायरस के संक्रमण के डर के बीच पढ़ाई तो हुई लेकिन कोरोना से लड़ाई और कड़ाई में जरा भी ढिलाई देने का संकल्प भी लिय गया। शहर में हुई भारी बारिश के बीच छात्र हाथ में छाता लिए, मुंह पर मास्क लगाए स्कूल जाते नजर आए।

उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि 17 महीने के बाद आज स्कूल खुले हैं, बच्चे फिर से अपनी कक्षाओं में बैठकर पढ़ाई करेंगे, दोस्तों के साथ मस्ती करेंगे। बारिश के बावजूद बच्चे स्कूल पहुंचे, जाहिर है कि वे भी बड़ी बेसब्री से अपने स्कूलों का खुलने का इंतजार कर रहे थे। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उन्हें उनकी पढ़ाई की भी चिंता, स्कूलों के खुलने से बच्चों के पढ़ाई लिखाई में आया अंतर कम होगा। इस बीच मयूर विहार के एक सरकारी स्कूल में शिक्षकों ने प्रवेश द्वार पर रंगोली से बनाई और छात्रों के स्वागत में थिरके भी।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई दोबारा सामान्य तरीके से उनके कक्षा में शुरू हो चुकी है। बारिश के बावजूद बच्चों का स्कूल पहुंचना यह दर्शाता है कि वे बड़ी बेसब्री से स्कूल खुलने का इंतजार कर रहे थे।

महामारी के कारण स्कूल पिछले 1.5 साल से बंद थे। इस दौरान उनकी पढ़ाई का काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। अगर अब स्कूलों और कॉलेजों को नहीं खोला गया तो एक पूरी पीढ़ी नॉलिज गैप के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सभी स्कूलों में ये सुनिश्चित किया जाएगा कि वहां कोरोना संबंधी प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। पहले दौर के अनुभवों के आधार पर अन्य कक्षाओं के लिए स्कूल खोलने पर निर्णय लिया जाएगा।

### कुछ दिन बच्चों के सोशल-इमोशनल वेल बींग पर काम होगा

सिसोदिया के अनुसार शुरुआती 2-3 दिन संवाद के जरिए, छात्र-छात्राओं के सोशल-इमोशनल वेल बींग पर काम किया जाएगा ताकि बच्चों को बुरे दौर की मन:स्थिति से बाहर लाया जा सके। बच्चों को स्कूलों में बुलाने से पहले उनके माता-पिता व अभिभावकों से मंजूरी ली जा रही है।



कोविड-19 प्रतिबंधों के बीच राजधानी में राजकीय सर्वोदय विद्यालय के एक कक्षा में पढ़ाई करते छात्र। फोटो : रंजन डिमरी

### पचास फीसदी क्षमता के साथ खोले गए स्कूल

उपमख्यमंत्री ने बताया कि अभी स्कूल 50 फीसदी क्षमता के साथ खोले जा रहे लेकिन जब प्रोटोकॉल का पालन करना बच्चों की आदत में शुमार हो जाएगा तो उसके बाद पूरी क्षमता के साथ स्कूल खोल दिए जाएंगे। कई विशेषज्ञों की राय थी कि बच्चों में कोरोना का जोखिम कम है। इसके मद्देनजर 100-150 स्कूलों से शुरुआत कर प्राइमरी क्लासेज के लिए भी स्कूलों को खोला जा सकता है लेकिन सरकार बड़ी कक्षाओं के लिए स्कूलों को खोलने के अनुभवों के आधार पर ही छोटी कक्षाओं के लिए स्कूल खोलने पर फैसला करेगी।

# इस साल जोर पकड़ रहा डेंगू अगस्त में आए 45 मामले

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**● निगम ने रिपोर्ट जारी कर दी जानकारी**

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल डेंगू के कम से कम 97 मामले सामने आए हैं। नगर निगम की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक जनवरी से 28 अगस्त की अवधि के दौरान डेंगू के मामलों की संख्या भी 2018 के बाद से इस साल सबसे अधिक है। 2018 में इस अवधि में डेंगू के 107 मामले दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त महीने में 45 मामले सामने आए, जो दर्ज किए गए, कुल मामलों का लगभग 46 प्रतिशत है।

डेंगू के मच्छर साफ, ठहरे पानी में पनपते हैं, जबकि मलेरिया के मच्छर गंदे पानी में भी पनपते हैं। मच्छर जनित रोगों के मामले आम तौर पर जुलाई और नवंबर के बीच दर्ज किए जाते हैं। हालांकि यह अवधि दिसंबर के मध्य तक बढ़ सकती है। नगर निगमों की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक इस साल 28 अगस्त तक डेंगू के 97 मामले दर्ज किए गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में डेंगू का कोई मामला नहीं आया था, फरवरी में दो मामले, मार्च में पांच, अप्रैल में 10 और मई में 12 मामले आए थे। वहीं, जून में डेंगू के सात मामले और जुलाई में 16 मामले आए थे। पिछले वर्षों में इसी अवधि में 487 (2016), 604 (2017), 107 (2018), 92 (2019) और 78 (2020) मामले सामने आए थे।

# भाजपा नेता के खिलाफ मानहानि की शिकायत का लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता कैलाश गहलोत द्वारा भारतीय जनता पार्टी के विधायक विजेंदर गुप्ता के खिलाफ दायर एक आपराधिक मानहानि की शिकायत पर बुधवार को संज्ञान लिया। गहलोत ने गुप्ता पर दिल्ली परिवहन निगम द्वारा 1,000 लो फ्लोर बसें खरीदने के संबंध में उनकी मानहानि करने का आरोप लगाया है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार पांडे ने शिकायत पर विचार करने के लिए 18 सितंबर की तारीख तय की। दिल्ली के परिवहन मंत्री ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि गुप्ता ने जान बूझकर और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से उनकी मानहानि की और राजनीतिक लाभ के लिए, उनकी छवि बिगाड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि गुप्ता ने मौखिक के साथ ही लिखित रूप से मानहानिजनक, शर्मनाक, हानिकारक, झूठे और मिथ्या आरोप लगाए।

# बिचौलिये नहीं दे सकते अस्थाना की नियुक्ति को चुनौती

## केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालय में पेश की दलीलें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा कि बिचौलियों को गुजरात काडर के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना की दिल्ली पुलिस आयुक्त के तौर पर नियुक्ति को चुनौती दी जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ के समक्ष कहा, यह जंतर मंतर या रामलीला मैदान नहीं है।

पीठ अस्थाना की नियुक्ति के खिलाफ सदरे आलम नाम के व्यक्ति की जनहित याचिका और एक गैर सरकारी संगठन की अर्जी सुनवाई कर रही थी। इस संगठन ने अस्थाना की नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। मेहता ने कहा, दोनों को नियुक्ति को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। कोई भी बिचौलिया अदालत नहीं आ सकता।

पीठ ने जनहित याचिका पर नोटिस जारी करते हुए केंद्र और अस्थाना से जवाब मांगा तथा मामले पर अगली सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय कर दी। मेहता ने कहा कि ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय के समक्ष मौजूदा याचिका को उस याचिका से नकल की गई है जो उच्चतम न्यायालय में लंबित है।

उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि आलम ने भूषण (एनजीओ के वकील) की नकल की और उन्हें बताए खतरनाक रास्ते पर चले। याचिकाकर्ता की जांच होनी चाहिए। यह बहुत गंभीर है, टाइपिंग की एक जैसी त्रुटि होने जितना संयोग नहीं हो सकता। मेहता ने याचिका के गुण-दोष पर जवाब देने के लिए वक्त मांगा ओर कहा कि अदालत को कोई भी आदेश जारी

# कई कॉलोनियों को ओ-जोन से मुक्त करने की मांग

## सांसद मनोज तिवारी ने उप-राज्यपाल और डीडीए उपाध्यक्ष को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने सोनिया बिहार सहित आधा दर्जन कॉलोनियों और आदर्श गांव सभापुर चौहान पट्टी को ओ जोन से मुक्त करने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल एवं दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराग जैन को पत्र लिखा है।

पत्र में सांसद मनोज तिवारी ने श्री राम कॉलोनी सोनिया विहार अणुव्रत बिहार अंबे एनक्लेव मिलन गार्डन कौशलपुरी के साथ-साथ सभापुर और चौहान पट्टी गांव को ओ जोन की श्रेणी से मुक्त करने की मांग की है

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि मास्टर प्लान 2021 के अनुसार इस बड़े भूभाग को यमुना का बाढ़ क्षेत्र घोषित किया है और मार्जिनल बांध रोड खजूरी खास के पश्चिम और वजीराबाद रोड के उत्तर में दिखाया गया है जबकि वर्तमान स्थिति में यह क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709 बी एवं मार्जिनल बांध रोड सोनिया विहार के बीच में स्थित है जो बाढ़ से पूरी तरह सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लाखों लोग हजारों पक्के निर्माण कर बनाये गये घरों में रहते हैं जिन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए जरूरी विकास कार्यों की नितांत आवश्यकता है जबकि ऐसे कई कामों पर यह कह कर विराम लगा दिया जाता है कि ओ जोन में पक्का निर्माण नहीं हो सकता जबकि इसी भूभाग पर मूल सुविधाओं के लिए दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा दो स्कूल नगर निगम के दो स्कूल खजूरी थाना एवं पुलिस क्वार्टर के पक्के बहुमंजिला भवन सरकार द्वारा बनाए जा चुके हैं तो फिर अन्य ऐसे विकास कार्यों पर रोक क्यों होनी चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

### कोविड-19 से कोई मौत नहीं, 36 नए मामले आए



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 0.06 संक्रमण दर के साथ 36 नये संक्रमण के केस सामने आए हैं। इस दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद से यह 20वीं बार है जब एक दिन में कोरोना वायरस के संक्रमण से कोई मौत नहीं हुई। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक चौबीस घंटे में 42 मरीज कोरोना वायरस को हरा कर ठीक भी हुए हैं। इसके साथ अब तक ठीक हुए मरीजों का कुल आंकड़ा 14,12,375 पहुंच गया है। इस बीच 59,013 मरीजों की कोविड-19 की जांच की गई। इसके साथ जांच का कुल आंकड़ा 2,57,37,815 हैं। राजधानी में कंटेन्मेंट जोन्स की संख्या 141 हैं। इस साल दो मार्च को, राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस के कारण शून्य मृत्यु की सूचना थी। उस दिन संक्रमण के 217 मामले आए थे और संक्रमण दर 0.33 प्रतिशत थी। अप्रैल-मई की अवधि के दौरान शहर में दूसरी लहर आई थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गत 30 अगस्त को दैनिक मामलों की संख्या घटकर 20 रह गई थी, जबकि एक मौत दर्ज की गई थी।



बुधवार को रघुबरपुरा वार्ड संख्या 27-ई से फोगिंग कार्य का शुभारंभ करते पूर्वी दिल्ली नगर निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल।

### महापौर के वार्ड से हुई फॉगिंग कार्य की शुरूआत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल के वार्ड रघुबरपुरा वार्ड संख्या 27-ई में बुधवार को टिफा फॉगिंग मशीन द्वारा आउटडोर फोगिंग कार्य की शुरूआत की गई। इस मौके महापौर, उप-स्वास्थय अधिकारी शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र डॉ. संतोष कुमार तोमर सहित जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। महापौर के आवास से फोगिंग कार्य के उद्घाटन के बाद वार्ड सं. 27-ई रघुबरपुरा क्षेत्र के राजगढ़ कॉलोनी, राजगढ़ एक्सटैन्शन, चांद मोहल्ला , रघुबरपुरा-1 व 2, सुभाष मोहल्ला, वेस्ट आजाद नगर, ओल्ड सीलमपुर एसडीएम ऑफिस, मेन रोड शांति मोहल्ला आदि में टिफा फोगिंग मशीन द्वारा फोगिंग कार्य किया गया। महापौर, ने कहा कि मच्छरों की उत्पत्ति को नियंत्रित करने के लिए सभी वार्डों में क्रमवार फोगिंग की जायेगी जिससे क्षेत्र में डेंगू मलेरिया और चिकुनगुनिया के बढ़ते प्रकोप को कम किया जा सके।

# आजादी के 75वें साल में आप पूरे उप्र में निकालेगी तिरंगा यात्रा

## अपने काम की बदौलत बढ़ाएंगे तिरंगे की शान : उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आजादी के 75वें साल में आम आदमी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में तिरंगा संकल्प यात्रा निकालेगी। इसी कड़ी में बुधवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अगुवाई में नोएडा में तिरंगा संकल्प यात्रा का निकाली।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि तिरंगे की आन-बान-शान के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने जान दी आज उत्तर प्रदेश की राजनीति में उसी तिरंगे की शान में गुस्ताखी की जा रही है। तिरंगे की शान में चोट पहुँचाने की कोशिश की जा रही है। वह ईमानदारी और शिक्षा के जरिए विकास की राजनीति उत्तर-प्रदेश के गांव-गांव तक लेकर जाएंगे और तिरंगे की आन-बान-शान को वापस लाने का काम करेंगे। आम आदमी पार्टी, यूपी में तिरंगा यात्रा निकाल संकल्प लेगी कि इस तिरंगे के नीचे रहने वाले हर बच्चे, महिला, बुजुर्ग और किसान को उनका अधिकार मिले।

सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेता राष्ट्रवाद की बात करते है, लेकिन जब तिरंगे के नीचे खड़े लोगों के बच्चों को शिक्षा देने की बात आती है तो शिक्षा देना तो दूर बे वच्चों के मिड-डे-मील के पैसे खा जाते है। जब कोई पत्रकार इसपर सवाल उठाता है कि बच्चों को मिड-डे-मील में नून-तेल-रोटी क्यों दिया जा रहा है तो उसे गिरफ्तार कर 6 महीने के लिए जेल में डाल दिया जाता है। योगी सरकार न तो बेरोजगारों को नौकरी दे पा रही है और न ही किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है।

आजादी के 75वें साल में ये संकल्प लेते है कि अपने काम के जरिए वह तिरंगे की आन-बान-शान को बढ़ाएंगे। बाबा साहब और बाकि स्वतंत्रता सेनानियों ने जैसे भारत का सपना देखा था उस मकसद को पूरा करने का काम करेंगे। संजय सिंह ने इस अवसर पर कहा कि 14 सितम्बर को प्रभु राम की नगरी अयोध्या में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

# उत्तराखंड के सतीश चंद्र को मिली एंटी नक्सल ऑपरेशन की कमान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**● बुड़ाकोटी का बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, ओडिशा में इंस्पेक्टर जनरल - आईजी पद पर प्रमोशन**

देश में नक्सल समस्या से निपटने के लिए सरकार ने उत्तराखंड के सतीश चंद्र बुड़ाकोटी को फ्रंटियर मुख्यालय (स्पेशल ऑपरेशन) बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, ओडिशा में इंस्पेक्टर जनरल - आईजी, पद पर प्रमोशन के साथ तैनात किया है। जहां वो एंटी नक्सल ऑपरेशन की कमान संभालोंगे।



सतीश चंद्र बुड़ाकोटी

संतोष बुड़ाकोटी को पंजाब, जम्मू-कश्मीर और उत्तर पूर्व के उग्रवाद से ग्रस्त राज्यों में अत्यंत कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों में सफल ऑपरेशन का संचालन करने के लिए सरकार ने ये अहम जिम्मेदारी दी है। उतराखण्ड के ग्राम-चाई, कौडिया पट्टी-लैंसडाउन, जहरीखाल ब्लॉक, पौड़ी गढ़वाल में जन्मे सतीश ने सेंट एडमंड्स कॉलेज, शिलांग से स्नातक करने के बाद 1986 में सहायक कमाण्डेंट के रुप में सीमा सुरक्षा बल में तैनात हुए थे। उनके पिता स्वर्गीय योगेश्वर प्रसाद सेना में कर्नल पद पर थे।

बुड़ाकोटी ने बोस्निया और हर्जेगोविना में संयुक्त राष्ट्र मिशन पर सीमा पुलिस प्रमुख और ऑपरेशन अधिकारी के सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दी है। इसके अलावा उनको कमांडो फोर्स, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) में ग्रुप कमांडर के तौर पर देश की सेवा की। उन्हें वर्ष 2009 में सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से समानित किया गया।

# अफगान शरणार्थियों के प्रदर्शन से संक्रमण का खतरा

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय के बाहर शरणार्थी दर्जे की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में अफगान नागरिकों के एकत्रित होने पर बुधवार को चिंता जताई और कहा कि यह कोरोना वायरस के तेजी से फैलने का कारण बन सकता है क्योंकि वहां पर कोविड-19 नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। हाईकोर्ट ने कहा कि इस स्थिति को जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि वहां पर प्रदर्शनकारी बिना मास्क पहने एक-दूसरे के निकट दिख रहे हैं।

# बूचड़खाने के पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर रिपोर्ट तलब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एनजीटी ने गाजीपुर में बूचड़खाने के संचालन में पर्यावरण नियमों के उल्लंघनों के विरुद्ध दायर की गई याचिका पर बुधवार को एक समिति गठित की और उसे इस संबध में अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एके गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने सीपीसीबी, डीपीसीसी, ईडीएमसी के अधिकारियों, क्षेत्राधिकार डीएम तथा विशेष पुलिस आयुक्त (पूर्व) की स्वतंत्र समिति बनाई। अधिकरण ने कहा कि सीपीसीबी और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) समन्वय एवं अनुपालन के लिए नोडल एजेंसियां होंगी। अधिकरण ने कहा कि समिति 15 दिन के भीतर बैठक कर सकती है, उस स्थान का दौरा कर सकती है और संबंधित पक्षों से संवाद कर सकती है।

एनजीटी ने कहा कि समिति अन्य कार्यवाही ऑनलाइन कर सकती है तथा सामने आए तथ्यों के आधार पर सांविधिक अधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए जरूरी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

# टक्कर मारकर भागने वाला ट्रक चालक धरा

**नई दिल्ली।** पुलिस ने 21 अगस्त को एक बाइक को टक्कर मारकर फरार होने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान फतेहपुर बेरी के असोला एक्सटेंशन निवासी संजय कुमार सिंह (41) के रूप में हुई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के सुल्तानपुर के निवासी दोनों घायलों को एम्स के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। संजय (26) को मृत घोषित कर दिया गया और गौरव (25) का उपचार शुरू किया गया।

# प्रीकॉस्ट बिल्डिंग मैटेरियल तकनीक से बनेंगे 7 अस्पताल

## स्टील और कंक्रीट की संरचनाओं का निर्माण कारखानों में किया जाएगा : जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में बन रहे सात नए अस्पतालों का निर्माण प्रीकॉस्ट बिल्डिंग मैटेरियल तकनीक से किया जाएगा। सभी अस्पताल पूरी तरह से मॉड्यूलर और ऊर्जा व पर्यावरण के अनुकूल होंगे। इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाले स्टील और कंक्रीट की संरचनाओं का निर्माण कारखानों में किया जाएगा और उन्हें निर्माण स्थल पर लाकर लगाया जाएगा। जिससे निर्माण की गति में तेजी आएगी।

इन अस्पतालों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज वाले इन-हाउस ग्रीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने केजरीवाल सरकार द्वारा सरिता विहार, शालीमार बाग, सुल्तानपुरी, किराड़ी, रघुबीर नगर, जीटीबी अस्पताल परिसर और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बनाए जा रहे अस्पतालों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि छह माह में इन 7 अस्पतालों के निर्माण का लक्ष्य हासिल किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण के आधुनिक तकनीक अपनाने के भी निर्देश दिए, ताकि इस कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जा सके।

जैन ने कहा कि सभी सातों नए अस्पताल प्रीकास्ट बिल्डिंग मैटेरियल के साथ बनाए जाएंगे। प्रीकास्ट बिल्डिंग मैटेरियल कंक्रीट के ब्लॉक होते हैं, जिन्हें कारखानों में पहले से बनाया जाता है और फिर निर्माण स्थल पर लाया जाता है, जहां उन्हें अंतिम रूप दिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में ग्रीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाने के भी निर्देश दिए। ये एसटीपी किसी भी दुर्गंध से रहित होंगे और काम करने के लिए बहुत कम उर्जा का इस्तेमाल करेंगे। अस्पताल 5 स्टार बिजली के उपकरणों से लैस होंगे।

परफैक्टपैक लिमिटेड
सीआईएन : एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीवी टॉवर-43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
दूरभाष सं. 011-26441015-18, वेबसाइट : www.perfectpac.com
ई-मेल आईडी : complianceofficer@ perfectpac.com

परफैक्टपैक लिमिटेड की 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में सूचना

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय (''एमसीए'') सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 22/2020 दिनांकित 15 जून 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 33/2020 दिनांकित 28 सितम्बर, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 39/2020 दिनांकित 31 दिसम्बर, 2020 तथा सामान्य परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 (संयुक्त रूप में ''एमसीए परिपत्र'') के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') एवं तदाधीन विरचित नियमावली के लागू प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई 2020 और परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2020/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 के अनुपालन में कम्पनी की 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') का आयोजन मंगलवार 28 सितंबर 2021 को अप. 03.00 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग (''वीसी'') अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स (''ओएवीएम'') के माध्यम से संपन्न किया जाना अनुसूचित है, जिसमें एजीएम आयोजन किए जाने की सूचना (''सूचना'') में समाविष्टानुसार व्यवसायों का निष्पादन किया जाना है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले रहे सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के अधीन गणपूर्ति के उद्देश्य से की जाएगी।

एमसीए परिपत्रों तथा सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2020-2021 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन, निदेशक मंडल तथा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित प्रलेखों सहित (सामूहिक रूप से "वार्षिक रिपोर्ट" के रूप में संदर्भित), केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से उन समस्त सदस्यों को प्रेषित की जाएगी, जिनके ई-मेल पते कम्पनी/ डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी'ज) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त प्रलेख कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com एवं स्टॉक एक्सचेंजेस की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.cse-india.com पर भी उपलब्ध होंगे। आगे सदस्यगण केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम से जुड़ सकते हैं और उसमें प्रतिभागिता कर सकते हैं। एजीएम से जुड़ने तथा इसमें प्रतिभागिता करने की विधि हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध होंगे।

जिन सदस्यों के शेयर भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं तथा जिनका ई-मेल पता कम्पनी/उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास पंजीकृत नहीं है, उनसे अपना ई-मेल पता यथाशीघ्र सदस्यों द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित पत्र, उसमें नाम, पूरा पता, फोलियो नंबर, कम्पनी के धारित शेयरों की संख्या के उल्लेख करते हुए पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति और कम्पनी के साथ पंजीकृत अनुसार सदस्यों के पता प्रमाण के समर्थन में निम्नलिखित किसी एक प्रलेख यथा आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन कार्ड, पासपोर्ट, उपयोगिता बिल अथवा किसी अन्य सरकारी प्रलेख की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति ई-मेल द्वारा complianceofficer@perfectpac.com अथवा admin@skylinerta.com को भेजकर पंजीकृत करवा लें ताकि वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021 प्राप्त कर सकें। अभौतिक (डीमैट) रूप में शेयरों के धारक सदस्य अपना ई-मेल पता अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

कम्पनी अपने समस्त सदस्यों को सूचना में निर्धारित संकल्पों पर अपना मतदान करने के लिए दूरस्थ ई-मतदान सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इसके अतिरिक्त कम्पनी एजीएम की समयावधि में ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से भी मतदान की सुविधा उपलब्ध कराएगी। दूरस्थ ई-मतदान/ई-मतदान के माध्यम से मतदान करने के लिए निर्धारित विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध करायी गई है।

कृते परफैक्टपैक लिमिटेड
शेफाली चौहान
कम्पनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 01-09-2021

गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड
सीआईएन : L70101DL1992PLC047541
पंजी. कार्यालय :- सी-115, भू तल, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015
फोन नंबर 011-25193268, ई-मेल : goldedgeestate2016@gmail.com,
www.goldedgeestate.in

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :-

1. कम्पनी की 29वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), बैठक की सूचना दिनांकित 24 अगस्त, 2021 में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, बृहस्पतिवार, 23 सितम्बर, 2021 को अप. 03.30 बजे, कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए), भारत सरकार तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी जनरल सर्कुलर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021 तथा अन्य सभी लागू कानूनों और सर्कुलर्स के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेन्स ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. उक्त एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां सभी शेयरधारकों को, 31 अगस्त, 2021 को अथवा पूर्व, भेजी जा चुकी हैं जिनका ई-मेल पता कम्पनी में/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीबद्ध है।
3. कम्पनी ने सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के प्लेटफार्म पर ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से 29वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना में वर्णित सभी व्यवसाय मदों के निष्पादन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधा की व्यवस्था की है। सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई-वोटिंग") का प्रयोग करते हुए अपना वोट बैठक के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग सुविधा सोमवार 20 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 10.00 बजे आरंभ होगी तथा बुधवार, 22 सितम्बर, 2021 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
4. कोई व्यक्ति, जिसने सूचना के प्रेषण के बाद शेयर अर्जित किए हैं तथा कम्पनी का सदस्य बना है, वह कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट्स, मैसर्स स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से रिमोट ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है, जो कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः एमएसईआई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध है।
5. सदस्यगण कृपया नोट करें कि :
(क) बुधवार, 22 सितम्बर, 2021 को अप. 5.00 बजे के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी तथा किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
(ख) सदस्य ई-वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद भी सामान्य बैठक में भाग ले सकता है परंतु उसको पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
(ग) जिस सदस्य ने रिमोट ई-वोटिंग का उपयोग नहीं किया है वह वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में ई-वोटिंग द्वारा वोट डाल सकता है।
(घ) सदस्य, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात 16 सितम्बर, 2021 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद पाया जाएगा, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में ई-वोटिंग सुविधा पाने का हकदार होगा ।
(ङ) उपरोक्त सेबी सर्कुलर के अनुसरण में, डीमैट मोड सीडीएसएल/एनएसडीएल में प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए आगामी बैठकों से जुड़ने तथा ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विधि एजीएम की सूचना में दी गई है।
6. ई-वोटिंग का परिणाम कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के पश्चात घोषित किया जाएगा। घोषित परिणाम तथा संवीक्षक की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर सदस्यों की सूचनार्थ प्रकाशित किए जाने के अलावा स्टॉक एक्सचेंज(जों) को भी सूचित की जाएगी ।
7. सूचना तथा कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः एमएसईआई लिमिटेड की वेबसाइट https://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध है। यदि आपको एजीएम में भाग लेने तथा ई-वोटिंग के संबंध में कोई संदेह या समस्या है तो आप www.evotingindia.com पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यूज") तथा ई-वोटिंग मैनुअल देखें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिखें अथवा 022-23058738 तथा 022-23058542/43 पर सम्पर्क करें। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा के संबंध में किसी शिकायत की स्थिति में कृपया श्री राकेश दाल्वी, प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई-400013 से सम्पर्क करें।
8. एतद्द्वारा आगे सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमावी, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में सदस्यों का रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण बहियां शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 से बृहस्पतिवा, 23 सितम्बर, 2021 (दोनों दिन शामिल हैं) तक वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।

वास्ते गोल्डएज एस्टेट ऐण्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./-
जगदीश चंद अग्रवाल
चेयरमैन
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 01-09-2021

# 12 हजार फीट की ऊंचाई पर कोरोना के प्रति जागरुकता अभियान

## सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम ने 60 दिन में किया 2336 मरीजों का उपचार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**तमाम** मुश्किलों, परेशानियों को झेलते हुए सिक्स सिग्मा की टीम 12 हजार फिट की ऊंचाई पर कोरोना महामारी के प्रति ना केवल जागरुकता अभियान चला रही है, बल्कि लोगों का टीकाकरण और अन्य उपचार भी कर रही है।

सिक्स सिग्मा हाई ऑल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस के निदेशक हरियाणा निवासी डा. प्रदीप भारद्वाज अपने परिवार के साथ इस काम को गति दे रहे हैं। दूसरों की तकलीफें दूर करने को सिक्स सिग्मा की अनुभवी एवं समर्पित टीम काम उत्तराखंड में केदारनाथ धाम क्षेत्र में तैनात है। ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में मानव स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रसिद्ध सिक्स सिग्मा हाई ऑल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम केदारनाथ धाम में दो माह तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के बाद 31 अगस्त को वापस लौट आई है। वहां किये गये कार्यों को सांझा करते हुए मेडिकल सर्विस के चिकित्सा निदेशक डा. प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि देश में कोरोना की दूसरी लहर के प्रकोप के बीच संस्था की मेडिकल टीम 28 जून 2021 को केदारनाथ धाम पर मेडिकल सेवाएं देने के लिए पहुंची थी।



केदारनाथ धाम में तैनात सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम।

### दो महीने तक दी मेडिकल सेवाएं

**केदारनाथ** धाम पहुंचने के बाद हाई ऑल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस टीम ने सबसे पहले केदार घाटी में रहने वाले तीर्थ पुरोहितों, हक-हकूकधारियों के अलावा निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के अधिकारियों व मजदूरों को कोरोना से बचाने के लिए उनका टीकाकरण किया। दो माह यानी 60 दिनों में 24 घंटे तक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली हाई ऑल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम ने इस दौरान 2336 मरीजों का इलाज किया। गंभीर रूप से पीड़ित सात मरीजों को आकस्मिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराकर उनकी जान भी बचाई। केदारनाथ यात्रा के दौरान भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक सुरजीत सिंह देशवाल ने संस्था के अस्पताल का दौरा किया और सेवाओं का सराहा। केदारनाथ धाम में चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन करने पहुंचे जिलाधिकारी मनुज गोयल ने केदारनाथ धाम में निर्माणाधीन सिक्स सिग्मा हाई ऑल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस के हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया।

## नशे में तीन युवकों को चाकू मारने वाला काबू

**सोहना।** नशे में धुत युवक ने दुकानदार को उधार दवा न देने पर चाकू मारा था। दुकानदार के बचाव में आया उसके मामा के लड़के और दोस्त को भी चाकू मारा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गांव अभयपुर निवासी मोनू कार्तिक मेडिकल स्टोर से दवा खरीदता रहा है। मंगलवार को कार्तिक ने मोनू को उधार दवा देने से इंकार कर दिया। जिससे मोनू को गुस्सा आ गया। मोनू ने जेब में रखा चाकू निकाला और मेडिकल संचालक पीयूष, सौरभ और नरेश सैनी पर हमला कर दिया था।

## संक्षिप्त-समाचार

### कुलपति ने खुद खेलकर शुरू की खेल स्पर्धाएं



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के छात्र कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति डा. मार्कण्डेय आहुजा ने खुद टेबल टेनिस में खेलकर शुरूआत की। उन्होंने फिट इंडिया कैंपेन की जागरुकता के लिए छात्रों को स्वस्थ रहने की शपथ भी दिलाई। विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम आदि मुख्य आकर्षण रहा। विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य शारीरिक शिक्षा व खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। खेल जीवन में अनुशासन और प्रतिबद्धता का निर्माण करता है। खेल से जीवन में चरित्र निर्माण को बल मिलता है साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रो. एमएस तुरान, डॉ.सीमा महलावत, डॉ. अशोक खन्ना, डॉ. फलक खन्ना, जनार्दन शर्मा, डॉ. अमन वशिष्ठ, डॉ. सुमन वशिष्ठ, डॉ. नीलम वशिष्ठ, डॉ. वंदना, डॉ. नवीन, डॉ. शुभम गांधी, डॉ. एकता आदि मौजूद रहे।

### एनजीएफ कॉलेज में लोगों ने लगवाई वैक्सीन



**पलवल।** एनजीएफ कॉलेज में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। एनजीएफ कॉलेज में हर महीने वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन होता है। यह कैंप सभी के लिए था, जिसमें बाहरी लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में कोवैक्सीन व कोवीशील्ड दोनों प्रकार की वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम एनजीएफ रेडियो की निदेशक दीप्ति प्रभाकर की देखरेख में किया गया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं। हाल ही में सीईओ अश्वनी प्रभाकर ने पलवल शहर को हरा भरा और साफ-सुथरा रखने की पहल की है। जिसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जैसे जल बचाओ, पेड़ लगाओ, साफ-सफाई आदि। इस अनूठी पहल में कॉलेज के प्रबंधक राजेश प्रभाकर और मार्केटिंग हैड अमित दीक्षित शामिल हैं।

### बीएसएफ लिखित परीक्षा धांधली में छठा आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** बीएसएफ की लिखित परीक्षा में प्रतिबंधित उपकरणों का उपयोग करने के मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ब्लूटूथ से ही अपने घर बैठकर परीक्षार्थी को ऑनलाइन पेपर करा रहा था। अदालत ने मामले में अब तक गिरफ्तार सभी आरोपियों को बुधवार दोपहर बदालत में पेश किया। अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अदालत के आदेश पर भोंडसी पुलिस को दो दिन की रिमांड पर सौंपे गए आरोपी हरियाणा के जिला हिसार निवासी सोमबीर, कैथल निवास पंकज, भिवानी निवासी जगविन्द्र और उत्तर प्रदेश का जिला बिजनौर निवासी नितिन और नवनीत से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान परीक्षा में उत्तर प्रदेश से ही अपने घर में बैठकर ब्लूटूथ के माध्यम से नवनीत को परीक्षा कर रहा गांव भवानीपुर जिला बिजनौर निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। सुनील ने नवनीत से परीक्षा कराने के लिए 30 हजार रुपये लेना तय किया था। यह नकदी पेपर होने के बाद नवनीत वापस अपने घर पहुंचकर ही सुनील को देता। गिरफ्तार सुनील ने अपना जुल्म पुलिस के सामने मान लिया है। पुलिस ने नवनीत, नितिन, सोमबीर, पंकज और जगविन्द्र को बुधवार की दोपहर बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# अब स्मार्ट सिग्नल से कंट्रोल होगा गुरुग्राम का ट्रैफिक

## जीएमडीए इस योजना पर खर्च करेगा 16.10 करोड़ रुपये

## जीएमडीए के सीईओ ने दी प्रशासकीय स्वीकृति

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**सुरक्षा** व्यवस्था के लिहाज से गुरुग्राम शहर सीसीटीवी लैस हो चुका है, अब यहां के ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए भी बड़ी योजना पर काम हो रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की ओर से इस योजना पर 16.10 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। अब स्मार्ट सिग्नल से गुरुग्राम का ट्रैफिक कंट्रोल होगा।

गुरुग्राम जिला से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों तथा शहर में अन्य सड़कों व चौराहों को लोगों के लिए सुरक्षित बनाने के लिए नई योजना पर सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति ने बैठक करके मंथन किया है। इस दौरान अधिक भीड़-भाड़ वाले चौराहों में मुख्य रूप से शंकर चौक, इफको चौक, सिग्नेचर टावर, राजीव चौक तथा हीरो होंडा चौक की जीयोमैट्री ठीक कर जेब्रा क्रासिंग आदि बनाकर इन स्थानों को राहगिरों के लिए सुरक्षित बनाने के निर्देश दिये गये हैं।

इन स्थलों पर चार सदस्यीय समिति ज्वाइंट विजिट करके समस्याओं का समाधान भी निकालेगी। इस समिति में एनएचएआई के परियोजना निदेशक, रिजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के सचिव, राहगिरी फाउंडेशन का प्रतिनिधि तथा एसीपी ट्रैफिक को शामिल किया गया है। गुरुग्राम शहर में यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) 16.10 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल लगवाएगा। जिसके लिए जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी है।



### गलत दिशा में चलने वालों के 52 हजार 746 चालान

**ट्रैफिक** पुलिस ने गलत लेन में ड्राइविंग करने वालों के 1979 चालान किए हैं। इसके अलावा ओवरस्पीड के 484, सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों के 4184, दुपहिया वाहनों पर हेलमेट बिना पाए गए 13867 तथा ओवरसाइज वाहनों के 107 चालान किए गए हैं। इस वर्ष अब तक गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के भी 52 हजार 746 चालान किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को जल्द नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने के लिए गुरुग्राम जिला में 26 एम्बुलेंस अलग-अलग जगहों पर तैनात रहती हैं। इनके अलावा 11 और एंबुलेंस सितंबर माह में जोड़े जाने की उम्मीद है। हाल ही में एक एमरजेंसी नंबर-112 शुरू किया गया है, जिसे ज्यादा प्रचारित करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को पता हो कि आपात स्थिति में उन्हें इस नंबर पर कॉल करनी है।

> "शहर में तेज गति से चलने वाले वाहनों तथा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती भी बरती जाएगी। इसके साथ ही ट्रैफिक जीएमडीए द्वारा स्मार्ट सिग्नल लगाकर यातायात सुचारू किया जाएगा। इस पर 16.10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।"
>
> **विश्राम कुमार मीणा**
> **एडीसी, गुरुग्राम**

### पुराने और खराब सिग्नल बदले जाएंगे

**जीएमडीए** के प्रतिनिधि के अनुसार शहर में पुराने व खराब ट्रैफिक सिग्नलों को भी बदला जाएगा और उनके स्थान पर स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। उन्होंने ये भी बताया कि इसके लिए अब टेंडर तैयार किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि सितंबर माह में इस कार्य के टेंडर कर दिए जाएंगे। ट्रैफिक सिग्नल स्मार्ट होने से यातायात प्रबंधन की समस्या काफी हद तक हल हो पाएगी।

### दिल्ली-जयपुर हाईवे पर भी हो सुधार

**दिल्ली-जयपुर** हाईवे पर खेड़कीदौला से आगे के हिस्से में बिलासपुर चौक, मानेसर, सिधरावली कट आदि जगहों पर सड़क किनारे गड्ढे भरवाने, लेन मार्किंग, साइन बोर्ड लगवाने तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की अन्य कमियों को दूर करवाने के लिए पिंक सिटी प्रोजेक्ट निदेशक को निर्देश देते हुए कहा गया है कि वे इन कमियों को दूर करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। राहगिरी फाउंडेशन की ओर से सारिका पांडा के मुताबिक वे सोशल मीडिया पर इस इमरजेंसी नंबर-112 को प्रचारित करवाने का प्रयास करेंगी। इसी प्रकार अन्य संस्थाएं भी इस नई सुविधा के बारे में आमजनता को बताएंगी।

# मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को दिया जमीन तबादले का आश्वासन



प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मंगलवार को पुराने आवासों के कागजातों के दस्तावेज सौंपते सोहना विधायक संजय सिंह और प्रतिनिधि मंडल के सदस्य।

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतिनिधि मंडल को 500 मकानों पर लटकी पीएलपीए के तहत मकानों को गिराने की तलवार से बचाने के लिए भरकस प्रयास करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने पीएलपीए की जमीन का तबादला उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद समाधान करने का भरोसा दिया।

मंगलवार को सोहना विधायक संजय सिंह के साथ शहरवासियों का पांच सदस्यी प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिला। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान शहर की आबादी क्षेत्र से संबंध सबूतों के दस्तावेज भी व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव ने सौंपे। करीब 15 मिनट तक मुख्यमंत्री और प्रतिनिधि मंडल सदस्यों की हुई बैठक में 500 घरों में रह रहे हजारों नागरिकों के सिर से छत न छीने जाने की मांग की। शहर के 500 मकानों को बचाने के लिए पीएलपीए के तहत 23 एकड़ जमीन को नगर परिषद की शामलात देह जमीन में तब्दील किए जाने की मांग की। नगर परिषद अपनी 1800 एकड़ के लगभग जमीन से वन विभाग को 23 एकड़ जमीन अन्य स्थान पर दे सके। व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज राघव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शहरवासियों के मकानों को हर संभव यथा संभव रखने और वन विभाग को बदले की जमीन का समाधान दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दोनों विभाग अधिकारियों के साथ बैठक करके समस्या का समाधान किया जाएगा।

**अदालत में याचिका दायर**

शहरवासियों को भले ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आश्वासन दिया है, लेकिन वन विभाग का पीला पंजा कब चल जाए। इसके लिए जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी में वे जुटे हुए हैं। शहरवासियों को उम्मीद है कि प्रदेश मुख्यमंत्री तीन से चार माह में समस्या का समाधान करे सकेंगे। तब तक मामला सुप्रीम कोर्ट में विचारधीन रहने की उम्मीद है। इस संबंध में वन विभाग के स्थानीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।

# कोरोना से दिवंगत 210 लोगों का अरुण चुघ ने किया दाह संस्कार

## ऑल पंजाबी वेल्फेयर एसोसिएशन गुरुग्राम ने किया सम्मानित

## हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी रहे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** से दिवंगत हुए 210 लोगों को समाजसेवी अरुण चुघ ने दाह संस्कार किया। इसी मानवीय काम के लिए उन्होंने यहां ऑल पंजाबी वेल्फेयर एसोसिशन की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि थे।

सोमवार को एसोसिएशन ने अरुण चुघ के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी व मानवता के सच्चे सेवक अरुण चुघ का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही स्मृति चिह्न भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यद वंश चुघ ने की, सचिव डीएन कवातरा ने मंच संचालन किया। उत्तराखंड के रूदरापुर निवासी हेडमास्टर अरूण चुघ मोतीपुर में प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत हैं। कोरोना काल में अरुण चुघ ने 210 डेड बॉडी का राम बाग श्मशान में दाह-संस्कार अपनी टीम के सदस्य जगबीर सिंह, विक्रम सिंह और अन्य पांच साथियों के साथ शहीद भगत सिंह से प्रेरणा लेकर किया। उन्होंने भारत ही नहीं विश्व में मिसाल कायम की है। वे प्रतिदिन लगभग एक दर्जन डेड बॉडी का दाह-संस्कार करते थे। सुबह 9.30 बजे से शाम सात बजे तक एम्बुलेंस से डेड बॉडी उतारकर जिन्हें परिजन हाथ नहीं लगाते थे। ये उनका दाह-संस्कार खुद करते थे।



गुरुग्राम में अरुण चुघ को सम्मानित करते उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी।

# गड्ढों और जलभराव पर बोले लोग...क्या यही है विकास

## गुरुग्राम की टूटी सड़कें, जलभराव खोल रहे विकास की पोल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी अब मलीन सिटी हो गई है। जो चमक इसके नाम में है वह हकीकत से कोसों दूर है। यहां कहीं गड्ढों में तो कहीं तालाब में सड़कें ढूंढनी पड़ रही हैं। अगर यही विकास है तो नहीं चाहिए ऐसा विकास। शहर की दुर्दशा पर यही कहकर अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं लोग। शहर के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक क्षेत्र के लोगों से हमने इस विषय पर बात की। सभी ने अधिकारियों को कोसा।

### काम के नाम पर झूठ बोलते हैं अधिकारी : रितु कटारिया



**जननायक** जनता दल (जजपा) की जिला महिला शहरी अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता रितु कटारिया ने कहा कि बसई एंक्लेव में जलभराव का मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है। नगर निगम के अधिकारियों ने भी मौके का मुआयना किया और बोले बस काम शुरू होने वाला है। दो साल से वहीं की किसी ने सुध नहीं ली है। इससे साफ है कि अधिकारियों में किसी का डर नहीं है। वे जनता के बीच आकर भी झूठ बोलते हैं।



गुरुग्राम के सेक्टर-9 में बरसात के कारण टूटी सड़क।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं सड़कें: रितु राज



**शिव** सेवा के रितु राज का कहना है कि सड़कें हो या गलियां, सबके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। घटिया सामग्री लगाकर निर्माण किया जा रहा है। अगर ऐसा ना हो तो फिर कोई भी सड़क चंद दिनों में ही क्यों टूटने लगती है। बरसात से ठीक पहले कई सड़कें एक भी बरसात नहीं झेल पाई और टूट गई। इनको बनाने वाली कंपनी व उस समय के अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### शहर का विकास नहीं विनाश हो रहा : राज सैनी



**सोशल** मीडिया पर एक्टिव रहकर शहर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले पर्यावरण प्रेमी राज सैनी बिसरवाल मुख्य रूप से सेक्टर-9 की सड़क की हालत बताते हुए कहते हैं कि यहां की हालत बहुत बुरी हो चुकी है। इस क्षेत्र में जाने पर ऐसा महसूस होता है कि किसी ऐसे सुदूर इलाके में पहुंच गये हों, जहां पर आज तक विकास नहीं पहुंचा। यहां विकास नहीं बल्कि विनाश हो रहा है।

### विधायक के दौरे पर भी नहीं हुआ सुधार: जितेंद्र शर्मा



**नागरिक** अस्पताल के सामने होने वाले जलभराव पर बिजनेस मैन जितेंद्र शर्मा ने कहा कि खुद विधायक सुधीर सिंगला अधिकारियों के दल के साथ वहां पहुंचे थे। मात्र एक मेनहॉल बनाकर अधिकारियों ने काम पूरा हुआ दिखा दिया। जबकि बरसात में आज भी पहले जैसे ही हालत हैं। कई फुट गहरा पानी वहां भरा है। इस तरह अधिकारी जनप्रतिनिधि के आदेशों को भी हल्के में ले रहे हैं।

### बसई को बना दिया है पिछड़ा: कर्मजीत सिंह



**बिजनेस** मैन कर्मजीत सिंह कहते हैं कि बसई क्षेत्र को पूरी तरह से पिछड़ा बना दिया गया है। आने-जाने में लोगों को बहुत कठिनाई होती है। विशेषकर बरसात के समय में। लंबे समय से यहां पर सुविधाओं की मांग की जा रही है, लेकिन अधिकारियों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। बसई औद्योगिक क्षेत्र भी है। इसके बाद भी क्षेत्र में विकास जैसा कुछ नजर नहीं आता।

# पहले दिन 20 प्रतिशत विद्यार्थी ही स्कूल पहुंचे

## स्कूलों में पहुंचने वाले बच्चों के लिए कक्षाएं कराई सेनिटाइज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लंबे** समय के बाद बुधवार से प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय खोले गये हैं। बुधवार को पहले दिन कक्षाओं में कम ही संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। करीब 20 प्रतिशत विद्यार्थी ही स्कूलों में पहुंचे।

स्कूलों में पहुंचने वाले बच्चों को प्रवेश द्वार के पास ही सेनिटाइज करने की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही कक्षाओं को पहले से ही सेनिटाइज किया जा चुका था, ताकि कोरोना का संक्रमण ना फैलने पाए। इसके अलावा मास्क पर भी विशेष ध्यान दिया गया। हर स्टाफ और बच्चों को मास्क पहनना अनिवार्य था। कोई भी बिना मास्क स्कूलों में नहीं पहुंचा। स्कूलों का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक का था। यानी तीन घंटे ही पढ़ाई के लिए थे। अधिकतर बच्चे स्कूलों में नहीं पहुंचे। मात्र 20 फीसदी बच्चों की स्कूलों में हाजिरी लगी।



गुरुग्राम में बुधवार को प्राथमिक स्कूल शुरू होने के बाद कम संख्या में कक्षा में बैठे विद्यार्थी।

### बरसात भी हो सकती है कम संख्या का कारण

**बुधवार** को गुरुग्राम में तेज बरसात सुबह से ही हो रही थी। यह भी बच्चों की कमी संख्या का कारण हो सकता है। अगर गुरुवार को बरसात नहीं हुई तो ही पता चलेगा कि बच्चों की संख्या बढ़ेगी या नहीं। बच्चों को स्कूल आने के लिए अभिभावकों की अनुमति जरूरी है। जो बच्चे स्कूल नहीं आना नहीं चाहते, उनके लिए ऑनलाइन कक्षाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। काफी अभिभावकों ने बच्चों को इसलिए भी स्कूल नहीं भेजा, क्योंकि बच्चे ऑनलाइन कक्षाएं ले रहे हैं। हालांकि सच्चाई यह भी है कि बहुत से बच्चे ऑनलाइन कक्षाओं को ज्वॉयन ही नहीं कर रहे। वे हाजिरी लगवाकर खेलने लग जाते हैं। ऐसी शिकायतें खूब आ रही हैं। शिक्षक भी अभिभावकों को इस बारे में शिकायतें कर रहे हैं। नौकरी पेशा अभिभावकों या अन्य काम करने वाले अभिभावकों के घर से बाहर रहने के कारण बच्चे ऑनलाइन कक्षाओं की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे में उनकी शिक्षा पूरी कैसे होगी, यह बड़ा सवाल है।

## जल्द होगा जमीन का आदान-प्रदान

**सोहना।** नगर परिषद और वन विभाग के बीच पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए) की 11 एकड़ जमीन की अदला-बदली करने पर सहमति बन गई है। नगर परिषद ने डीएमसी को समस्त दस्तावेज तैयार करके पत्र प्रेषित किया है। जिसकी मंजूरी जल्द ही मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर परिषद ने करीब 11 एकड़ वन भूमि से पीएलपीए हटवाने की पहल आरम्भ कर दी है। विभाग उक्त भूमि को निजी रूप में उपयोग करेगा। जिसमें कूडा निस्तारण केन्द्र व हुड्डा बूस्टिंग स्टेशन बनाएगा। इसके अलावा परिषद अम्बेडकर भवन व फायर स्टेशन के लिए भी भूमि उपयोग करेगा। नगर परिषद ने फायर स्टेशन व अम्बेडकर भवन जनस्वास्थ्य विभाग की भूमि पर निर्मित किये हुए हैं। जिसके बदले में परिषद अपनी शामलात देह भूमि को वन विभाग को सौंप देगा।

# सदर बाजार मल्टीलेवल पार्किंग का काम 15 अगस्त 2022 तक हो पूरा : मेयर

## मेयर मधु आजाद ने बड़े प्रोजेक्ट के काम में हो रही देरी पर जताई नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेयर** मधु आजाद ने कहा कि सदर बाजार मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कार्य 15 अगस्त 2022 तक पूरा हो जाना चाहिए। बाकी दो अन्य पार्किं का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाया जाए।

उन्होंने बड़े प्रोजेक्ट के काम में हो रही देरी पर नाराजगी जाहिर की। वे नगर निगम द्वारा बड़ी परियोजनाओं पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ले रही थी। इस दौरान उन्होंने इन कार्यों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओल्ड जेल काम्प्लेक्स से अतिक्रमण हटवाकर उसका सौंदर्यकरण करवाने तथा सदर बाजार स्थित मलेरिया अस्पताल के जर्जर भवन का निर्माण करवाने की भी बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्कों में स्थापित 41 माइक्रो एसटीपी में से कुछ का निरीक्षण मेयर तथा निगमायुक्त द्वारा सयुंक्त रूप से किया जाएगा। बैठक में बताया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 863 करोड़ रुपये की लागत से 24 बड़ी परियोजनाओं का निर्माण कार्य शामिल है। इनमें 5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से बाल भवन ऑडिटोरियम सेक्टर-4, तीन स्थानों पर मल्टीलेवल कार पार्किंग, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, व्यापार सदन में निगम कार्यालय भवन, एमसीजी ऑफिस बिल्डिंग, राव बिरेन्द्र सिंह खेल परिसर वजीराबाद, सांस्कृतिक केंद्र स्थानों पर सामुदायिक केंद्रों का निर्माण शामिल है।



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों के साथ बैठक करके निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी लेती मेयर मधु आजाद।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 सितंबर, 2021



# डॉक्टर ने पैर पर चढ़ाई कार, 500 रुपये देकर टरकाया

## अस्पताल में आरोपी डॉक्टर को खोजता रहा घायल व्यक्ति

**कविता।** फरीदाबाद

**चिकित्सकों** को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन कुछ चिकित्सक लोगों की मदद के बजाय समस्याओं से बचने के लिए लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसा ही शहर के बादशाह खान अस्पताल में आए एक घायल व्यक्ति ने बताया।

उसने बीके अस्पताल के एक चिकित्सक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पैर पर कार चढ़ाने के बाद चिकित्सक पांच सौ रुपये देकर मौके से चला गया, लेकिन अब व्यक्ति का पैर पूरा काला पड़ चुका है, यदि समय पर उपचार नहीं हुआ, तो उसका पैर खराब हो सकता है।






### ये है पूरा मामला

**पवन** ने बताया कि वह चार बच्चों और पत्नी को वह घरों में सफेदी का काम करके पालता है। करीब चार दिन पहले वह बीके अस्पताल में वैक्सीन लगवाने के लिए आया था, लेकिन यहां उसे कोरोना जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया गया। वह जांच कराने के लिए जा रहा था। तभी अपातकालीन कक्ष के पीछे एक चिकित्सक ने उसके पैर पर कार चढ़ा दी। घायल होते देखने के बाद भी उसका इलाज के लिए उसे अस्पताल में दाखिल करने के बजाय आरोपी और एक अन्य चिकित्सक ने मामला रफा-दफा करना ही बेहतर समझा। दूसरे चिकित्सक ने उसे पांच सौ रुपये देते हुए कहा कि जाओ अपना इलाज करवा लेना। वहीं जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने कहा कि जिस चिकित्सक ने टक्कर मारी है, वह अस्पताल की ओपीडी में बैठते हैं और वहां से निकल गए। जिस पर पीड़ित घर लौट गया, लेकिन अब उसका पैर पूरी तरह से काला पड़ चुका है।

### तलाश में पड़ा भटकना

**पवन** ने बताया कि उसका पैर खराब होने के कागार पर है। जिस पर वह चिकित्सक को खोजते हुए उनके कक्ष में पहुंचा तो वहां उस डॉक्टर के बजाय अन्य चिकित्सक बैठे थे। पीड़ित का कहना था कि जिस चिकित्सक ने उसे टक्कर मारी थी, उसके माथे के एक हिस्से में बड़ा सा निशान है। जिस कारण वह आरोपी डाक्टर को इलाज करवाने के लिए खोज रहा है। ताकि उसके पैर का इलाज जल्द से जल्द हो और खराब होने से उसके पैर को बचाया जा सके।

## जेल में लगाई लोक अदालत में 23 मामलों का निपटारा

**फरीदाबाद।** यशवीर सिंह राठौर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के सचिव माननीय मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम डीएलएसए फरीदाबाद द्वारा बुधवार को जिला जेल नीमका में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 53 अपराधिक मुकदमे सुनवाई के लिए रखे गए।

न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे ने मौके पर ही कुल 23 मुकदमे निपटा दिए। जिनमें 27 विचाराधीन आरोपियों को रिहा किया और उन्हें न्यायाधीश ने संदेश दिया कि वह गलत वह अपराधिक संगति छोड़कर समाज की मुख्यधारा में आएं और समाज के लिए काम करें अपने परिवार का ध्यान रखें और जिम्मेदार नागरिक बनें।

## संक्षिप्त समाचार

### गोल्ड मेडल विजेता शीतल भाटी का किया स्वागत



**फरीदाबाद।** खेलो हरियाणा के तहत यमुनागर में आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शीतल भाटी पुत्री दुर्गेश भाटी गोल्ड मेडल लेकर आयी है। शीतल भाटी ने अपने भार वर्ग में 150 किलोग्राम वेट उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने शीतल भाटी के गांव अरुआ साहपुरा खादर में जाकर उनका पटका पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने प्रदेश की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा खिलाड़ियों की जा रही मदद के चलते आज प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक समेत सभी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर अपने राज्य व देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस सबके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल तारीफ के काबिल हैं। इस दौरान विक्रम अरुआ एडवोकेट भाजपा प्रदेश सचिव एससी मोर्चा हरियाणा, भूरा चेयरमैन, महेन्द्र शर्मा, ताराचंद सरपंच, राजू सरपंच, मुकेश नंबरदार, नरेश भाटी, नेपाल शर्मा, जगेंद्र सरपंच, रामदेव, सुभाष शांडिल्य, राजेश भारद्वाज, इंदराज, राजीव और परशुराम मास्टर आदि इलाके की समस्त सरदारी मौजूद रही।

### महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं की दें जानकारीः डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि महिलाओं को सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं और परियोजनाओं की पूरी जानकारी दें और उन्हें जागरुकता कार्यक्रमों की भागीदार बनाएं। तभी वे समाज में जागरुकता लाने के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करेंगी। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बुधवार को जिला स्तर पर मात्र वंदना सप्ताह पीएमएमवीवाई के अंतर्गत, स्वच्छता पखवाड़ा एवं पोषण माह का शुभारम्भ स्थानीय खेल परिसर के प्रशिक्षण भवन से शुरू करने के अवसर पर यह बात कही। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एक से सात सितम्बर तक मात्र वंदना सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसका लक्ष्य है अधिक से अधिक पहली बार गर्भवती महिलाओं को लाभ दिलाना है। तीनों कार्यगिम की शुरुआत उपायुक्त जितेंद्र यादव ने रिब्बन काटकर हरी झंडी दिखाकर की गई। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने सभी उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए ग्रास रूट पर अच्छा कार्य करने को कहा जिससे कि ये तीनों कार्यक्रम सफलतापूर्वक किये जा सकें। पोषण माह के अंतर्गत 5 सूत्र पहले सुनहरे 1000 दिन में बच्चे और मां के सही पोषण, दूसरा सूत्र पौष्टिक आहार, अनीमिया मुक्त भारत, डायरिया, स्वच्छता और साफ -सफाई को जन जन तक पहुंचाने का सन्देश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता शर्मा, जिला संयोजक गीतिका व विकल, लीड बैंक अधिकारी नन्दलाल, मुख्य पोस्ट अधिकारी राजेंद्र सिंह, सीएमजीजीए करण कपूर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शकुन्तला रखेजा, मीरा, अनीता गाबा, मिनाक्षी, मंजू व सुपरवाइजर पिंकी, मधु, माया, सुनीता, गीता व 131 आंगनबाड़ी वर्कर के साथ बड़ी धूमधाम से शुभारंभ हुआ।

### रिम और टायर चोरी करने वाले गिरोह गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने चार साल से दिल्ली एनसीआर में सक्रिय वाहनों के रिम-टायर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में बलविंदर सिंह उर्फ गग्गी, लव राघव उर्फ गौरव तथा फहीम अहमद का नाम शामिल हैं। तीनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं। आरोपी बलविंदर और गौरव टैक्सी ड्राइवर हैं। वहीं आरोपी फहीम अहमद पुराने टायर खरीदने बेचने का काम करता है। आरोपी बलविंदर और गौरव गाड़ियों के टायर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और चोरी किए टायरों को आरोपी फहीम को बेच देते थे। आरोपियों के खिलाफ चोरी के 32 मुकदमे दर्ज है। जिसमें फरीदाबाद के 10 तथा गुरुग्राम व दिल्ली के 22 मुकदमे शामिल हैं। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं। आरोपी मौका देखकर वाहनों के टायर चोरी कर लेते थे और चोरी के बाद गाड़ी को ईंटों के ऊपर खड़ा करके भाग जाते थे।

### बच्चों की ऑनलाइन एजुकेशन को टोल फ्री नंबर जारी

**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि जिला में स्कूली विद्यार्थियों के लिए एक ओर शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि जिला में सहज पथ नॉलेज फाउंडेशन के द्वारा स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एजुकेशन के लिए एक टोल फ्री नंबर 1800-890-6006 दिया है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अलग-अलग विषय की पढ़ाई अच्छे तरीके से कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह सुविधा केवल कक्षा छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए है। इसके अंदर चार ही विषय अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय शामिल हैं। इसके लिए सोमवार से शनिवार तक सायं पांच से आठ बजे तक कॉल कर सकते हैं और रविवार को प्रातः नौ से शाम आठ बजे तक कॉल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कॉल करने के लिए विद्यार्थियों को पंजीकरण, अपना नाम, अपने स्कूल का नाम, अपनी कक्षा चुनने के लिए आईवीआर ध्यान से सुने और सही बटन दबाना होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर ने बताया कि विद्यार्थियों को कक्षा छह के लिए छह, कक्षा सात के लिए सात, कक्षा आठ के लिए आठ, कक्षा नौ के लिए नौ और कक्षा 10 के लिए शून्य दबाना होगा। उन्होंने आगे बताया कि विद्यार्थियों को अपने राज्य का नाम, अपने जिला का नाम, अपने मोबाइल ऑपरेटर को चुनना होगा। उन्होंने बताया कि यदि विद्यर्थियों ऑपरेटर जीआईओ है तो उन्हें 1 दबाना होगा वरना 2 दबाएं। ध्यान रखें कि विद्यार्थियों को ये सभी जानकारी देनी जरूरी है अन्यथा विद्यार्थियों का पंजीकरण पूरा नहीं होगा और वे निशुल्क सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे।

# बंटी-बबली और पड़ोसन अनोखे अंदाज में करते थे चोरी, गिरफ्तार

## 16 मुकदमों में संलिप्त चोर गिरोह गिरफ्तार दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अपराध** शाखा-85 प्रभारी सुमेर सिंह की पुलिस टीम ने ऐसे ही एक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो महिला सहित गिरोह के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए आरोपियों में अर्जुन, अर्जुन की पत्नी संगीता और उनकी पड़ोसी कांता शामिल है।

### चोरी का अनोखा तरीका

**चोरी** करने के लिए आरोपियों ने बहुत ही अनोखा तरीका अपनाया हुआ था। आरोपी अर्जुन ने एक ऑटो लिया था। पत्नी के साथ पड़ोसन को ऑटो पर बिठा कर भीड़ वाले स्थानों से सवारी को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का झांसा देकर ऑटो पर बैठा लेता था। ऑटो पर पहले से सवार दोनों महिला आरोपी सवारियों से सहयात्री के रूप में बातचीत करते हुए घुलमिल जाती थीं। अवसर देखते ही उनके गहने-आभूषण पर हाथ साफ कर देती थीं।

चालक के रूप में आरोपी अर्जुन गिरोह की महिलाओं को कामयाब देख सवारियों से आगे नहीं जाने का बहाना बनाकर ऑटो से सवारी को सुनसान जगह पर उतार देता था। कई बार आभूषण चोरी करने के बाद गिरोह की महिला सदस्य भी किसी भीड़ वाली अनजान जगह पर उतरकर गुम हो जाती थीं। पीड़ित सवारी को जबतक उसके गहने चोरी होने की सुध होती तब तक आरोपी महिलायें गायब हो चुकी होती थीं।



### मजबूरी बता बेचते थे गहने

**चोरी** के आभूषण खपाने का तरीका भी अद्भुत था। महिला आरोपी किसी अस्पताल के सामने दुधमुंहे अथवा अबोध बच्चे को लेकर खड़ी हो जाती और वहां आने-जाने वाले से, इलाज कराने के लिए पास में पैसे नहीं होने के कारण आभूषण बेचने की मजबूरी बता देती थी। भावना में बहकर व सस्ते मूल्यों पर आभूषण मिलने के लालच में आमजन चोरी के गहने खरीद लेते थे।

### 16 वारदातों में संलिप्त

**कांता** वर्ष 2018 में स्नेचिंग के मामले में जेल भी जा चुकी है। जब पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों महिला आरोपियों को एनआईटी गोलचक्र से गिरफ्तार किया तो उसके पास से दो मंगलसूत्र और एक जोड़ी कान की बाली बरामद हुईं। आरोपी इसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रही थी। महिला आरोपियों की निशानदेही पर गिरोह का मास्टरमाइंड अर्जुन को कोढ़ी कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की कुंडली खंगालने पर पता चला कि यह गिरोह पिछले दो साल से सक्रिय है। तीनों आरोपियों ने फरीदाबाद के अलग- अलग थानाक्षेत्र में चोरी की 16 घटना को अंजाम दिया है और पुलिस ने सभी मामलों में इन आरोपियों के विरुद्ध मामले भी दर्ज किये हैं।

## एमएसएमई को बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जाएगा कर्ज




**फरीदाबाद।** देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में ढांचागत विकास के लिए आयोजित वेबिनार में सेक्टर-25 स्थित हिंदुस्तान सिरिंज मेडिकल डिवाइसेस लिमिटेड के एमडी और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेस इंडस्ट्री फोरम (एआईएमईडी) के संयोजक राजीव नाथ सहित अनेक उद्यमी शामिल रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए रिसजेंट इंडिया स्कीम की शुरुआत की। वित्त मंत्री ने कहा कि आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के तहत एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम), अन्य क्षेत्रों को बिना किसी गारंटी के कर्ज उपलब्ध कराया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र को 100 करोड़ रुपये तक का कर्ज 7.95 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाएगा।

राजीव नाथ ने कहा कि वित्त मंत्री ने अपनी घोषणा में दिल्ली, मुबंई, चेन्नई, कोलकता, बंगलुरु, अहमदाबाद पुणे और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों को छोड़कर छोटे शहरों में अस्पताल, डिस्पेंसरी, मेडिकल कॉलेज, क्लीनिक, पैथलॉजी लैब, मेडिकल डिवाइसेस बनानी वाली कंपनी स्थापित करने पर 100 करोड़ रुपये तक का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के निर्माण में वित्तीय योजना की घोषणा से खुश हैं, जिसमें 7.95 फरीदी ब्याज के साथ चिकित्सा उपकरणों का निर्माण शामिल है। पहली बार केंद्र सरकार ऋण गारंटर बना है जो निश्चित रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधार में सहायक होगा। हेल्थ केयर सेक्टर में बेहतर सुधार देखने को मिलेगें। क्योंकि भारत को 70 फीसदी से अधिक आयात पर निर्भर रहना पड़ता हैं। पांच वर्षों में इस तरह की टीम वर्क और सक्षम नीतियों के साथ हम विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।

# 9377 लोगों ने लगवाया टीका, दो नए मरीज आए



**फरीदाबाद।** जिले में 9377 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें 1363 लोगों ने निजी अस्पताल में टीका लगवाया। इस दौरान हेल्थ केयर वर्कर्स में 788, फ्रंट लाईन वर्करों में 479 ने और 18 प्लस आयुवर्ग में 6488 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में 1622 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया।

वहीं जिले में बृहस्पतिवार को 15 सरकारी और 13 निजी अस्पतालों में टीका लगाया जाएगा। वहीं जिले में कोरोना के दो नए मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 99827 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में सात एक्टिव केस हैं। जो फिलहाल होम आईसोलेशन में है। जिले में बुधवार को 2303 लोगों के सैम्पल जांच किए गए। जिसमें 359 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में फिलहाल 99.28 प्रतिशत पर जिले का रिकवरी रेट पहुंच चुका है।

### ये हैं आंकड़े

जिले में कुल जांचः 1077963
अब तक पॉजिटिवः 99817
अब तक नेगेटिवः 977012
रिपोर्ट आनी शेषः 765
अब तक मौतः 716
अब तक ठीकः 99104

## गेस्ट टीचर करेंगे शिक्षामंत्री का घेराव

**फरीदाबाद।** जिले के अतिथि अध्यापकों ने जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर अतिथि अध्यापकों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। वर्तमान भाजपा सरकार ने 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा-पत्र में अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का वादा किया।

अतिथि अध्यापकों की लम्बी मांग के बाद भाजपा सरकार ने फरवरी 2019 के विधानसभा सत्र में नियमित करने का बिल पास किया, लेकिन आज ढाई वर्ष गुजरने के बाद भी भाजपा सरकार अतिथि अध्यापकों के सर्विस-रूल्स आजतक लागू नहीं कर सकी। जिस कारण से अतिथि अध्यापकों को विद्यालयों में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार अतिथि अध्यापकों का शोषण करने पर उतारू है। आज सरकार नियमित अध्यापकों की स्थानांतरण प्रक्रिया से अतिथि अध्यापकों को बाहर कर इनकी पोस्ट को खाली मानकर नियमित अध्यापकों को स्टेशन दे रही है।

# यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों को उपायुक्त ने ली बैठक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि पांच सितम्बर रविवार को आयोजित यूपीएससी की परीक्षा के लिए कि भी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है।

जिला फरीदाबाद में होने वाली यूपीएससी परीक्षा के लिए 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी जानकारी सम्बंधित परीक्षा केंद्र अधीक्षक 4 सितम्बर तक सुनिश्चित कर लें। उपायुक्त जितेंद्र यादव आज ने बुधवार को इस संबंध में मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों साथ सेक्टर-12 केन्वेसन हाल में बैठक कर दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद सतबीर मान ओवर आल इंचार्ज होंगे। परीक्षा के दौरान उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एसडीएम फरीदाबाद, बल्लभगढ़, बड़खल अपने-अपने इलाके के आल ओवर इंचार्ज होंगे।



परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधो के लिए सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर लें।

## ग्राम सचिवों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**फरीदाबाद।** राज्य पंचायत संसाधन केंद्र और हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के दिशा निर्देशन में जिला पंचायत संसाधन केंद्र फरीदाबाद कार्यालय द्वारा जिला के ग्राम सचिवों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित मल्होत्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ट्रेनिंग को आज के समय की विशेष जरूरत बताया। नीलोखेड़ी से आए राज्य स्तरीय सह संयोजक कमलदीप सांगवान ने ग्राम सचिवों को नई तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रशिक्षण समन्वयक जलवंत सिंह ने इस दो दिवसीय ट्रेनिंग कोर्स का परिचय दिया। जिनका विस्तार करते हुए कार्यालय की डीपीएम अनुराधा ने पंचायत समिति की विकास योजना के वास्तविक आंकड़ों की प्राप्ति के लिए पीपीटी के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए।

# गर्भवती को गोद भराई की पोषण थाली देकर किया सम्मानित

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण माह का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बड़खल** की विधायक सीमा त्रिखा ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक सितम्बर से शुरू किए गए पोषण माह का शुभारंभ किया। पोषण सप्ताह का अयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरे जिला में किया जा रहा है।

गांधी कालोनी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषण माह की शुरुआत की गई। पोषण माह के पहले सप्ताह में स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोधारोपण किया जाना है। सीमा त्रिखा द्वारा केन्द्र पर पौधा लगाकर शुरुआत की। उसके उपरान्त उसी स्कूल में चल रही आंगनबाड़ी वर्करों की प्ले स्कूल की ट्रैनिंग में भाग लिया तथा आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा बनाई गई चार्ट एवं शिक्षण सहायक सामग्री का निरीक्षण किया। विधायक सीमा त्रिखा ने आंगनबाड़ी वर्करों से उनके कार्य से सम्बन्धित जानकारी भी बारीकी से ली।



विधायक सीमा त्रिखा ने गर्भवती महिला की गोद भराई की पोषण थाली देकर सम्मानित किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आंगनबाड़ी वर्करों के कोराना काल में भागीदारी की प्रशंसा की गई और उन्हें पोषण माह को हर्ष उल्लास से मनाने बारे कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी आंगनबाड़ी वर्करों, सुपरवाईजरों एवं कार्यक्रम में उपस्थित जिला की सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को सर्कल सुपरवाईजर स्मिता धीमान ने पोषण माह अभियान की शपथ दिलवाई और कम कीमत में बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर मौना गोधी कालोनी प्रथम, इन्दू वाधवा गोधी कालोनी द्वितीय एवं हरजीत कौर राहुल कालोनी तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम में मीनाक्षी चौधरी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पोषण माह मनाने का महत्व बताया गया। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों में अनीमिया एवं कुपोषण को दूर करना है। जिसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से पूरे माह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह की 8 व 22 तारीख को सामुदाय आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें गर्भवती औरत की गोद भराई एवं छह माह से ऊपर के बच्चों का अन्नप्राशन आंगनबाड़ी केन्द्रों में ही कराया जाता है। कार्यक्रम में शकुन्तला रखेजा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बल्लभगढ़, अनीता गाबा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी एनआईटी, स्मिता, रेनू सुपरवाईजर आदि आंगनबाड़ी वर्कर मौजूद रहीं।

## अनुदान को कृषि यंत्रों के लिए सात तक कर सकते हैं आवेदन

**फरीदाबाद।** कृषि विकास अधिकारी श्याम सुन्दर फरीदाबाद ने बताया है कि वर्ष 2021-22 में कृषि एवं किसान विभाग हरियाणा द्वारा कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए इंजीनियर श्याम सुन्दर कृषि विकास अधिकारी (कृषि यन्त्र) फरीदाबाद ने बताया है कि योजना के तहत फसल कृषि यंत्रों जैसे कि स्ट्रा बेलर (हे-रैक के साथ), सुपर प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस), हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर/मल्चर, रिर्वसेबल एमबी प्लो, सुपर सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, रिपर कम बाइन्डर ट्रैक्टर चलित रिपर कम बाइन्डर पर अनुदान का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान विभाग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

# पुलिस के साथ आमजन भी संदिग्धों पर रखें नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त ओपी सिंह ने शहर में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ साथ आमजन के लिए भी कुछ दिशा निर्देश जारी किए हैं जिनका अनुपालन करके शहर में चोरी की वारदातों पर लगाम कसी जा सकती है।

**वाहन मालिकों के लिए सुझावः** वाहन मालिकों को दिए गए सुझावों में उन्होंने कहा कि वाहन मालिक अपने वाहनों को घर के बाहर गली में न छोड़ें और अपने वाहन को अपने घर के अंदर ही खड़ा करें। यदि घर के अंदर पार्किंग करने की जगह नहीं है तो अपने वाहन को अच्छे से लॉक लगाकर और चेन से बांधकर ही बाहर खड़ा करें। यदि नागरिक घर से बाहर कहीं भी जाते हैं तो वाहन को पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। अपने वाहन को अच्छे से लॉक करें तथा गियर लॉक का प्रयोग करें। चाबी वाहन के अंदर लगाकर कभी भी न छोड़े। वाहनों की सुरक्षा के लिहाज से अपने घर के अंदर तथा बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए और वाहनों में जीपीएस लगवाएं ताकि उनकी लोकेशन को ट्रेस किया जा सके।



**वाहन निर्माताओं के लिए सुझावः** वाहनों को चोरी से बचाने के लिए वाहनों के मेन लोक में सुधार किया जाना चाहिए ताकि तैयार की गई चाबी से या दबाव से वह टूटे ना। इसके अलावा वाहन में फ्यूल लॉक की सुविधा होनी चाहिए। वाहनों में एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाया जाना चाहिए कि जैसे ही वाहन अनलॉक हो तो वाहन मालिक को फोन पर मैसेज द्वारा इसकी सूचना प्राप्त हो जाए।

**इनके लिए सुझाव :** फैक्ट्री मालिकों द्वारा पार्किंग व्यवस्था अपने क्षेत्र चारदीवारी में सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि बाहर से कोई भी व्यक्ति वाहन चोरी ना कर सके। इन स्थानों पर सिक्योरिटी का पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिए। कूपन सिस्टम या सीसीटीवी कैमरे का प्रबंध होना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की वाहन चोरी की वारदात घटित न हो सके।

**दिए दिशा-निर्देशः** पुलिस के लिए दिए गए निर्देशों में उपरोक्त सुझावों को लागू कराना सुनिश्चित करवाने की बात कही गई। जिन स्थानों पर ज्यादा चोरी होती है उन्हें चिह्नित करके वहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए तथा रात्रि गश्त बढ़ानी चाहिए। निकासी व प्रवेश द्वारों पर इलाका थाना क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार नाकाबंदी की जानी चाहिए।

# कोविड विरोधी संघर्ष

## टीकाकरण अभियान

**भारत** को कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष के लिए सुसंगत टीकाकरण अभियान की जरूरत है। कोविड-19 स्थिति के प्रबंधन में लगे अनेक अधिकारियों व एजेंसियों के कारण देश विभिन्न दिशाओं में काम करता है। अलग-अलग देखें तो उनके द्वारा उठाए कदम उचित लगते हैं, लेकिन सामूहिक रूप से देखने पर स्थिति दिमाग चकराने वाली हो सकती है। इस संबंध में पिछले एक सप्ताह की घटनाओं पर गौर किया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश ने भारत का ऐसा पहला राज्य होने की उपलब्धि प्राप्त की है जिसने अपनी शत प्रतिशत वयस्क जनसंख्या को वैश्विक महामारी के टीके की पहली खूराक दे दी है। इसके साथ ही राज्य ने दावा किया है कि वह नवंबर के अंत तक इस जनसंख्या को दूसरी खूराक भी दे देगा। दूसरा, 27 अगस्त को देश ने एक करोड़ खूराकें देने की रिकार्ड उपलब्धि प्राप्त की है। इसके साथ ही कुछ राज्यों ने फैसला किया है कि वे 1 सितंबर से स्कूल खोलेंगे, लेकिन तेलंगना उच्च न्यायालय ने सरकारी आदेश पर रोक लगा दी है। महाराष्ट्र ने अभी गणेश पूजा के दौरान सार्वजनिक आयोजनों पर प्रतिबंध को औपचारिक रूप नहीं दिया है। आंध्र प्रदेश व मिजोरम में संक्रमण बढ़ा है, हालांकि नए मामले थोड़ी संख्या में सामने आए हैं। कर्नाटक ने केरल से आने वालों को 7 दिन क्वारंटीन में रखने का निर्णय किया है। इस प्रकार अफरातफरी जैसी स्थिति में केंद्र सरकार ने देश की सारी वयस्क जनसंख्या को अक्टूबर के अंत तक पहली खूराक देने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। खूराकें देने में अग्रणी एक दर्जन राज्यों से उम्मीद



है कि वे सितंबर अंत तक पहली खूराक देने का लक्ष्य पूरा कर लेंगे।

देश में सारी गतिविधियां सामान्य करने तथा टीकाकरण मोर्चे पर काफी कुछ घट रहा है, पर यह एक सुसंगत व सहज राष्ट्रीय पहल में नहीं बदल सका है। हालांकि, राज्य और केन्द्र आगामी त्योहारों को सुपरस्प्रेडर के रूप में देखने के मामले में समान दृष्टिकोण रखते हैं और तीसरी लहर के खतरे की घंटियां उनके कानों में बज रही हैं। वे लोगों द्वारा सुरक्षा व्यवहारों का पालन न करने के मामले में असहाय अनुभव कर रही हैं, इसलिए त्योहारों के पहले यथासंभव अधिकाधिक लोगों को पहली खूराक देने की तात्कालिकता अनुभव की जा रही है। सरकार की दूसरी चिन्ता यह है कि वैक्सीन सप्लाई प्रचुर होने के बावजूद जनसंख्या में दूसरी खूराक देने की प्रक्रिया तेज नहीं हो रही है क्योंकि 80 प्रतिशत टीकाकरण की जिम्मेदार कोवीशील्ड की दोनों खूराकों में अंतर 12 सप्ताह या 84 दिनों का हो रहा है। सरकार इस अंतर को घटाने पर विचार नहीं कर रही है। दूसरी ओर सरकार कोवैक्सिन की दूसरी खूराक पूरी करने के लक्ष्य पर तेजी से आगे चल सकती है क्योंकि उसके मामले में यह अंतर तुलनात्मक रूप से कम है। सरकार ने विदेशी हवाई यात्रा पर प्रतिबंध सितंबर अंत तक बढ़ा दिया है। यह निर्णय स्वागत योग्य है क्योंकि अमेरिका तथा यूरोप में नए कोविड-19 मामलों में लहर जैसी तेजी आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि लोग टीके लगवाने से इनकार करते हैं या सुरक्षा व्यवहारों की अनदेखी करते हैं तो दिसंबर तक मौतों की दर बढ़ सकती है। इसे देखते हुए भारत तुलनात्मक रूप से सकारात्मक स्थिति में है तथा इसी रास्ते पर चलना जारी रखने के लिए केन्द्र व राज्यों के बीच सहज समन्वय की जरूरत है।

# अफ़गानिस्तान को लेकर भारत की दुविधा

सरकार को अफगानिस्तान और आम लोगों के साथ जुड़े रहने के अपने विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जिन्होंने साहसपूर्वक भारतीय नेतृत्व में अपना विश्वास रखा।



**सुब्रमण्यम स्वामी**
(लेखक भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)



15 अगस्त को काबुल पर तालिबान का कब्जा शोरगुल से भरा था, लेकिन अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता हासिल करने के लिए देश छोड़ने की इच्छा रखने वाले निर्दोष अफगानों की हताश अपील को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा पर्याप्त रूप से व्यवस्थित नहीं किया जा सका। तालिबान ने पहले ही अधिकांश प्रांतों पर कब्जा कर लिया है, लेकिन काबुल चेरी टॉपिंग है। भारत काफी हद तक खामोश रहा है। अभी तक, यह स्पष्ट नहीं है कि अफगानिस्तान की स्थिति के संबंध में नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियां क्या हैं। जमीन पर, इसने भारत को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली उड़ानों के माध्यम से भाग रहे भारतीयों के साथ अपने पैरों से बात करने के लिए चुना। लेकिन सभी प्रांतों में और काबुल हवाई अड्डे के पास तालिबान सहयोगियों के आतंक के कारण नहीं गए हैं।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी के राष्ट्रपति भवन से प्रस्थान के कुछ घंटों के भीतर भारतीय दूतावास और सभी भारतीय कर्मियों को पूरी तरह से निकालने का आदेश दिया। कुछ समय पहले, भारतीय राजनयिक और कर्मचारी काबुल पहुंचने के लिए कंधार और अन्य प्रांतीय राजधानियों से रवाना हुए थे। अधिकांश भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में, भारत ने आतंकवाद, मानवाधिकारों और शरणार्थियों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है, लेकिन तालिबान का एक बार भी नाम नहीं लिया है। और भारत में, सरकार उतनी ही मूक दिखाई देती है, जितनी हजारों अफगान वीजा के लिए चिल्लाते हैं, और कोई जवाब नहीं मिलता है, इसके बजाय कुछ सौ भारतीय नागरिकों को घर वापस लाने के काम पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

मोदी सरकार की खामोशी अतीत से बिल्कुल उलट है, खासकर पिछले 20 साल से अब तक। भारत तब अफगानिस्तान और अफगानिस्तान में चर्चाओं में सबसे आगे था। दिल्ली में तीन अलग-अलग सरकारों के कार्यकाल में तीन क्षेत्रों में भारत की भूमिका मजबूत हुई, देश के सभी 34 प्रांतों को शामिल करते हुए बुनियादी ढांचा निर्माण और विकास सहायता; लोकतंत्र का निर्माण, जैसे कि संविधान की पटकथा और चुनाव कराने के लिए तकनीकी सहायता में मदद करना; और शैक्षिक निवेश, साथ ही हजारों युवा अफगानों को भारत में अध्ययन करने की अनुमति देना, पेशेवरों और सैनिकों के रूप में प्रशिक्षित होना और कुशल बनना।

भारत पहला देश था जिसके साथ अफगानिस्तान ने एक रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए, एकमात्र देश जिसने एक नया संसद भवन, जरंज-डेलाराम राजमार्ग, और ईरान में चाबहार बंदरगाह परियोजना, पारगमन व्यापार के लिए बुनियादी ढांचा जैसी खतरनाक लेकिन महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू कीं। नतीजतन, भारत अब तक एकमात्र ऐसा देश है जिसने उन देशों में लगातार सबसे ज्यादा मतदान किया है जिन पर अफगान लोगों ने भरोसा किया था।

यह अकल्पनीय और समझ से बाहर है कि सरकार अफगानिस्तान में विकास, भारत में घरेलू राजनीतिक विचारों और कुछ पड़ोसियों की भू-राजनीतिक संवेदनशीलता की परवाह किए बिना निवेश और पोषित इस तरह की पूंजी से दूर चलने का विकल्प चुन सकती है। इसलिए, यह जिम्मेदारी का परित्याग होगा। इसके बजाय सरकार को अपने भविष्य के लिए अफगानिस्तान और अफगानिस्तान के आम लोगों के साथ जुड़े रहने के अपने सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जिन्होंने साहसपूर्वक भारतीय नेतृत्व में अपना विश्वास रखा। इसके लिए, सबसे पहले, यह कठिन पीड़ादायक सत्य को स्वीकार करना आवश्यक है कि पश्चिम से पूर्व तक किसी अन्य शक्ति ने अफगानिस्तान पर पाठ्यक्रम तैयार करते समय भारत के हितों या योगदान पर विचार नहीं किया है। भारत के बाहर इस तरह के चौंकाने वाले अवरोध कई चतुर्भुज व्यवस्थाओं के कट-आउट में पाए गए हैं, उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका-रूस-चीन-पाकिस्तान से मिलकर ट्रोइका प्लस द्वारा आयोजित मुख्य वार्ता जिसने एक अधिक समावेशी सरकार के लिए धक्का दिया। तालिबान को शामिल करके; रूस-ईरान-चीन-पाकिस्तान के वैकल्पिक समूह ने क्षेत्रीय चाप का गठन किया जिसने आज उन्हें काबुल में अपने दूतावासों को बनाए रखने में सक्षम बनाया है, और उज्बेकिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान के साथ क्रमशः अमेरिका और चीन द्वारा गठित कनेक्टिविटी चतुर्भुज, जो तालिबान संरक्षण और पाकिस्तानी बंदरगाह पहुंच पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। भारत इन व्यवस्थाओं में कहीं नहीं है।

न तो भारत के तथाकथित पारंपरिक रणनीतिक और रक्षा साझेदार, रूस, और न ही इसके वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ते वैश्विक रणनीतिक साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत को किसी भी बातचीत में शामिल करना महत्वपूर्ण समझा या जोर देकर कहा कि उनके दूत, ज़मीर काबुलोव (जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर हैं) अफगानिस्तान में पुतिन के विशेष दूत) और ज़ाल्मय खलीलज़ाद (अफगानिस्तान सुलह के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि) ने नई दिल्ली में अपने समकक्षों को तालिबान नेतृत्व के साथ अपनी बातचीत के विवरण के बारे में जानकारी दी। नई दिल्ली अपने राजनयिक कर्मचारियों को यह आश्वासन देने में असमर्थ थी कि वे काबुल में राजनयिकों को रखने के लिए तालिबान मिलिशिया और उनके पाकिस्तानी समर्थकों से सुरक्षित रहेंगे। यह काबुल हवाई अड्डे पर एक राजनयिक चौकी पर बातचीत करने में सक्षम था जो इसे अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और अन्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों के साथ एक कोर टीम रखने की अनुमति देगा, यह भारत की कूटनीति को स्वीकार करने का समय एक बड़ी विफलता थी। इस स्वीकृति का मतलब यह होगा कि भारत की विदेश नीति को एक रीसेट और एक नई कूटनीतिक रणनीति की जरूरत है। जबकि मोदी सरकार ने तालिबान के साथ वार्ता और पाकिस्तान के लिए विस्तारित लाइन का विरोध करने के लिए इन दोस्ताना वैश्विक नेताओं के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए असुविधाजनक पाया, भारत के लिए सार्वजनिक रूप से ऐसे परिणाम की निंदा करना आवश्यक है जिसने स्पष्ट रूप से काम किया है भारत के हितों के खिलाफ अब तक ऐसा करने के लिए, भारत को संयुक्त राष्ट्र में अपने प्रभाव को स्पष्ट रूप से अपने हित में, और संयुक्त राष्ट्र में अभी भी कागज पर मौजूद अफगान रिपब्लिक, जिसे अनुमति नहीं दी जा सकती है, में रैली करके शुरू करना चाहिए। बस छोड़ दिया जाए।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अध्यक्ष के रूप में शेष अवधि में, भारत को तालिबान द्वारा संचालित अफगानिस्तान के प्रति अपनी घृणा के बारे में मुखर होना चाहिए जो पिछले दो दशकों में विकसित लोकतंत्र के लाभ को उलटने का प्रयास करता है। 16 अगस्त को यूएनएससी के अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा तैयार किए गए एक दयनीय पतला बयान में तथाकथित अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के विरोध का भी उल्लेख नहीं किया गया था।

इसके बाद भारत को इस बहस में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान की सीट के लिए किसे नामांकित किया जाएगा, और क्या गणतंत्र का नियुक्त वर्तमान राजदूत रहेगा, या नई व्यवस्था के आधार पर 卐खाली卐 या 卐निलंबित卐 घोषित की गई सीट। अफगानिस्तान में मानवाधिकारों, महिलाओं के अधिकारों, अल्पसंख्यक अधिकारों और अन्य पर अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के लिए प्रतिबद्ध।

तालिबान प्रतिबंध समिति (या 1988 प्रतिबंध समिति) के अध्यक्ष के रूप में, भारत को शर्मीला नहीं होना चाहिए, लेकिन वास्तव में सिराजुद्दीन हक्क०ानी और हक्कानी समूह के अन्य सदस्यों जैसे आतंकवादियों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी ताकत का उपयोग करना चाहिए, जो भारतीय दूतावासों पर क्रूर आत्मघाती बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार हैं। वाणिज्य दूतावासों को कोई छूट नहीं दी जाएगी– यात्रा पर, धन का सहारा, या हथियारों पर। इस प्रकार, 25 सितंबर को निर्धारित संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधान मंत्री मोदी का आगामी भाषण अफगानिस्तान के सभ्य भविष्य पर भारत की स्थिति को व्यक्त करने के लिए एक उपयुक्त अवसर होगा और इस प्रकार तालिबान शासन के वैधीकरण से इनकार करने के लिए शेष अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को चुनौती देगा, जब तक कि सरकार इन सभी मुद्दों पर बातचीत करने को तैयार है।

तालिबान शासन से निपटने में, मोदी सरकार को इस नए शासन के साथ अपने जुड़ाव की प्रकृति का निर्धारण करना चाहिए। सवाल यह है कि क्या भारत पिछले कुछ महीनों में तालिबान और पाकिस्तान के साथ अपनी बेकार बैक-चैनल वार्ता से आगे बढ़कर कुछ ठोस में बदल जाएगा।

कठोर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं की दुनिया में, यह विशिष्ट रूप से भारत की सॉफ्ट पावर, सिद्धांतों पर आधारित स्वायत्तता और जरूरतमंद लोगों को निस्वार्थ सहायता देने वाली हिंदू परंपरा है, जैसे कि पारसी और यहूदी, विशेष रूप से वसुधैव कुटुंबकम की अनूठी आवाज रही है। हमें उस आवाज को अफगानिस्तान पर जोर से और स्पष्ट, जोर से और स्पष्ट और अब सुना जाना चाहिए।

# नेपाल का न्यूनतम साझा कार्यक्रम

**ऋषि गुप्ता**
(लेखक विवेकानंद शोध संस्थान, नई दिल्ली में शोध सहायक हैं)



नेपाल के नवनियुक्त प्रधान मंत्री शेर बहादुर देउबा ने इस महीने की शुरुआत में सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम (सीएमपी) का अनावरण किया। कार्यालय में एक महीने से भी कम समय में, देउबा ने अगले डेढ़ वर्षों में शासन, राजनीति और विदेश नीति के मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक व्यवस्थित योजना मॉडल के रूप में सीएमपी लॉन्च किया है। संसद के निचले सदन में 63 सीटों के साथ, नेपाली कांग्रेस को पुष्प कमला दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र), उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के माधव कुमार नेपाल का समर्थन प्राप्त है। 13 जुलाई को, नेपाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शेर बहादुर को 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसने केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को रद्द कर दिया था। न्यूनतम साझा कार्यक्रम एक चौदह-पृष्ठ का दस्तावेज़ है जिसमें कोविड-19, शासन, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, शांति और सुरक्षा और विदेश नीति सहित विभिन्न मुद्दों को संबोधित करने का वादा किया गया है। अंत में, सीएमपी ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली पर एक उपहासपूर्ण हमला किया। यह ओली के अधिनायकवादी शासन और संसद को भंग करने, कोविड-19 से लड़ने के लिए टीके और चिकित्सा उपकरण खरीदने में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार जैसे असंवैधानिक कृत्यों की आलोचना करता है। इस बीच, सीएमपी कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई को प्राथमिकता देता है और सभी को मुफ्त टीके उपलब्ध कराने का वादा करता है। हालांकि, विभागों के बंटवारे और सत्ता के बंटवारे पर गठबंधन सहयोगियों के बीच रस्साकशी को देखते हुए, सीएमपी शासन के साथ आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।

देउबा के नेतृत्व वाली सरकार को मधेश स्थित जनता समाजवादी पार्टी का समर्थन प्राप्त है। इसलिए, सीएमपी में मधेसी कारक को पर्याप्त स्थान और उचित सम्मान दिया जाता है। स्पष्ट रूप से, सीएमपी 2015 के मधेसी आंदोलन को लोकप्रिय बहुसंख्यक पहाड़ी अभिजात वर्ग की अवहेलना और अवहेलना की धारणा के खिलाफ विधिवत स्वीकार करता है और मानता है। इसके अलावा, अनुच्छेद 1.4 के तहत, सीएमपी राजनीतिक दलों की सहमति से संविधान में संशोधन की मांग करता है। विशेष रूप से, मधेसी नागरिकता और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से संबंधित प्रावधानों को नए संविधान में संशोधित करने की मांग कर रहे हैं। नेपाली कांग्रेस सरकार ने अक्टूबर 2015 में संविधान को लागू करते हुए इन मांगों को नजरअंदाज



कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर मधेसी आंदोलन में कई लोगों की जान चली गई थी। वही नेपाली कांग्रेस ने न केवल उसी आंदोलन को माना है बल्कि उसमें संशोधन का वादा भी किया है। भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध प्रधान मंत्री केपी ओली के तहत सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए। मई 2020 में अपडेटेड मैप में केपी ओली द्वारा भारत के संप्रभु क्षेत्रीय क्षेत्रों को नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाते हुए एक नया राजनीतिक नक्शा जारी करने के बाद तनाव तेज हो गया था। जबकि भारत ने कहा है कि वह मौजूदा संयुक्त आयोग, ओली के माध्यम से नेपाल की सीमा संबंधी चिंताओं को हल करने के लिए तैयार है। राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए अपने अति-राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने के लिए इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने का विकल्प चुना। ओली के विपरीत, सीएमपी का उद्देश्य द्विपक्षीय राजनयिक तंत्र के माध्यम से लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख मुद्दे को हल करना है। इस बीच, नेपाल में सीमा रेखा की नाजुक प्रकृति को देखते हुए नई दिल्ली अत्यधिक आशावादी नहीं हो सकती है, खासकर जब नेपाली कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों ने नेपाल के एक नए राजनीतिक मानचित्र का समर्थन किया था।

नेपाल सरकार ने सितंबर 2017 में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किए। एमसीसी के तहत, अमेरिकी सरकार बिजली की उपलब्धता, निवेश, कम लागत वाले परिवहन, बुनियादी ढांचे के विकास, क्षेत्रीय सुरक्षा का समर्थन करने और गरीबी को कम करने के लिए 500 मिलियन अमरीकी डालर का अनुदान प्रदान करेगी। हालाँकि, पिछले चार वर्षों में, सरकार संसद में अनुसमर्थन के लिए अनिर्णीत बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि मई 2017 में नेपाल द्वारा चीन की सबसे महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड (बीआरआई) पहल पर हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद एमसीसी पर हस्ताक्षर किए गए थे और इसे नेपाल में चीनी हितों के लिए एक काउंटर के रूप में देखा गया था। एमसीसी को लेकर चीन की चिंताएं इसकी मीडिया रिपोर्टों में एमसीसी को मेजबान देशों में राजनीतिक हस्तक्षेप के रूप में टैग करने से परिलक्षित होती हैं। इस बीच, एमसीसी को सीएमपी में जगह नहीं मिली। हालांकि नेपाली कांग्रेस इसकी पुष्टि करने को तैयार है, माओवादी केंद्र का दावा है कि यह इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है और इसमें एक सुरक्षा तत्व है। अमेरिकी सरकार द्वारा स्पष्टीकरण जारी करने के बावजूद, बीजिंग के साथ प्रचंड की दोस्ती प्रधान मंत्री देउबा की इच्छा पर हावी हो गई। याद करने के लिए, चीन ने एमसीसी पर श्रीलंका में सफलतापूर्वक युद्धाभ्यास किया था, जिसके परिणामस्वरूप मेजबान देश द्वारा संबद्धता की कमी के कारण अमेरिका ने इसे श्रीलंका से वापस ले लिया था। बीजिंग नेपाल में भी इसी तरह की रणनीति का इस्तेमाल कर रहा है।

निष्कर्ष निकालने के लिए, प्रधान मंत्री देउबा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने विभागों पर पार्टियों के बीच आम सहमति की कमी के कारण अभी तक अपने मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं किया है। उनके मंत्रिमंडल में केवल पांच सदस्यों के साथ, जिनमें स्वयं देउबा भी शामिल हैं, राजनीतिक स्थिरता उम्मीदों और आशाओं की एक पतली परत पर लटकी हुई है। हाल ही में, देउबा के राजनीतिक निर्णय उनकी राजनीतिक जरूरतों के अनुरूप नए कानून लाने में ओली की राजनीति की शैली को भी प्रतिबिंबित कर रहे हैं।

इसलिए, नेपाल राजनीतिक अस्थिरता का एक और चरण देख सकता है क्योंकि मौजूदा राजनीतिक वास्तविकताएं एक महत्वाकांक्षी सीएमपी को वास्तविकता बनने के लिए बहुत कम जगह प्रदान करती हैं।

## आप की बात

### हिमालयी तंत्र मजबूत हो

**हाल** ही में केंद्र सरकार ने यह कहा है कि ऊपरी गंगा क्षेत्र में किसी भी नई जल विद्युत परियोजना की अनुमति नहीं दी जाएगी और लोगों को स्वीकृत पर्यावरण नियमों का पालन करना होगा ताकि वर्ष के दौरान हर समय नदी के न्यूनतम प्रवाह निर्धारित कर के स्वास्थ्य को बनाया रखा जा सके। बताते चलें कि उत्तराखंड में 7 परियोजनाओं को मुख्य रूप से इस आधार पर निर्माण पूरा करने की अनुमति दी गई है क्योंकि उनका 50त्न से अधिक कार्य पूरा है। जल विद्युत परियोजना बांध और निर्माण गतिविधियां नाजुक हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है जिससे वे आपदाओं के प्रति संवेदनशील हो रहे हैं। हिमालय में जल विद्युत परियोजना से संबंधित कई चुनौतियां हैं जिसमें कि स्थिरता में कमी, जलवायु परिवर्तन, आपदाओं की बारंबारता में बढ़ोतरी आदि प्रमुख है। खाना की जनसंख्या वृद्धि और आवश्यक औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचे के विकास को ध्यान में रखते हुए सरकार को जल विद्युत के विकास के लिए गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि अधिक पारिस्थितिकी तरीके से अर्थव्यवस्था का सतत विकास सुनिश्चित किया जाए। हमारा प्रथम लक्ष्य हिमालयन इकोसिस्टम को एक सही तरीके से व्यवस्थित करना है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### सभी को जागरूक होना होगा

**विगत** वर्ष से कोरोना की दूसरी लहर का जख्म आज भी कही न कही आंखों से आंसू ले आता है। वर्तमान दौर में कोरोना के कहर से राहत है। चूंकि विगत वर्ष से स्कूली व कॉलेज विद्यार्थियों का पठन पाठन का माध्यम ऑन लाईन रहा। अब सितम्बर में स्कूलों व कॉलेज खोलने की तैयारियां है। खेर जरूरी भी है बच्चो को जो पठन पाठन का लाभ प्रत्यक्ष पढ़ने में मिलता है उतना शायद ऑन लाइन में नही। अब विचारणीय व चिन्तनीय पहलू यह है की विद्यार्थियों को कोरोना से बचाव के लिए क्या पुख्ता इंतजाम है? तीसरी लहर का अंदेशा भी जताया जा रहा है इस बीच अगर कोई विद्यार्थी कोरोना से प्रभावित होता है तो क्या कारगर रणनीति है? कही न कही पेरेंट्स को यह चिंता तो अवश्य रहेगी कि उसका बालक कोरोना की चपेट में न आए। सुझाव के तौर पर विद्यार्थियों का निशुल्क इलाज की व्यवस्थाओं पर चिंतन जरूरी है। प्रत्येक स्कूलों में कोरोना बचाव के संसाधन , मास्क ,सेनिटाइजर , दो गज दूरी , व अन्य कोविड नियमों को गम्भीरता से लेना होगा। इसमे कोई दो मत नही बच्चे घर रहकर ऊब से गए । व कही न कही पठन पाठन में प्रभाव पड़ा है। कोरोना की तीसरी लहर को हम अपनी सूझबूझ से रोक सकते है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### वायुमंडल को बचाएं

**एक** जानकारी के मुताबिक नासा के वैज्ञानिक थॉमस पूरे का कथन है की फ़िलहाल जिस गति से पृथ्वी का वायुमंडल लिक हो रहा है ,उस हिसाब से एक से डेढ़ अरब साल में वायु मंडल पूरी तरह खत्म हो जाएगा। यह अत्यंत गंभीर मामला है। ऐसे में अनिवार्य मानकर वायु मंडल को विषाक्त होने से बचाना चाहिए ताकि ओजोन पर्त सुरक्षित बनी रह सके। धरती या किसी ग्रह का वायुमंडल उस ग्रह के गुरुत्वाकर्षण के कारण बंधा रहता है। इस बंधे हुए वायुमंडल के बाहर अंतरिक्ष में कुछ ऐसी घटनाए होती है, जिसके कारण वायुमंडल की कुछ वायु गुरुत्वाकर्षण को तोड़कर अंतरिक्ष में विलीन हो जाती है। इस प्रक्रिया को ओरेरा कहा जाता है। पृथ्वी के रहवासियों को कार्बन उत्सर्जन की मात्रा को कम करना होगा। पर्यावरण संतुल स्थापित करने के लिए वृक्षारोपण ज्यादा संख्या में किया जाना होगा। ताकि वायु मंडल बना रहे। वृक्ष भी आक्सीजन प्रदान करते हैं व पर्यावरण को बचाते हैं। वायु मंडल से ही धरती के रहवासी सुरक्षित रह सकते है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पंजाब** सरकार को दोषपूर्ण खरीद समझौतों को निरस्त कर निजी बिजली संयंत्रों को भुगतान किए गए शुल्कों में संशोधन करना चाहिए।

– **नवजोत सिंह सिद्धू**
पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष



**मैं** फ़िलिस्तीनी अध्यक्ष महमूद अब्बास से मिला और उनसे कहा कि इजराइल ऐसे उपाय करना चाहता है जो पीए की अर्थव्यवस्था को मजबूत करे।

– **बेनी गैंट्ज़**
इजराइल के रक्षा मंत्री



**नीतीश** कुमार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं लेकिन वे पीएम बनने की योग्यता अवश्य रखते हैं।

– **के सी त्यागी**
जदयू महासचिव

# अनोखा है लन्दनपुर मॉडल, पूरे प्रदेश में करेंगे लागू

## लखीमपुर खीरी में विकसित अभिनव ग्रामीण टाउनशिप की सीएम ने की सराहना

● एकीकृत टाउनशिप में आवास के साथ पार्क, बिजली, सड़क, सीवर, गोशाला, घर-घर शुद्ध पेयजल, हर घर बिजली, हर घर प्रदूषण मुक्त गैस सिलिंडर की है सुविधा

● मोदी-योगी की विकसित सशक्त गांव की संकल्पना की शानदार मिसाल है लन्दनपुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शानदार** तोरण द्वार, चहारदीवारी के बीच करीने से बने मकान, चमचमाती सड़कें, सार्वजनिक पार्क, पूरे परिसर को रोशन करतीं स्ट्रीट लाइट, गोशाला, घर-घर शुद्ध पेयजल, हर घर बिजली, हर घर प्रदूषण मुक्त गैस सिलिंडर, हर परिवार को मुफ्त स्वास्थ्य की सुविधा और भी बहुत कुछ।

इन शब्दों को एक साथ जोड़कर पढ़ें तो जेहन में जो तस्वीर से जो तस्वीर बनती है उसे लन्दनपुर कहते हैं। और यह लन्दनपुर किसी परीकथा का कोई अंजान शहर नहीं, यह लखीमपुर खीरी जिले के कुंभी ब्लॉक में विकसित बाबा गोकर्णनाथ ग्रामीण टाउनशिप है। इस अभिनव एकीकृत ग्रामीण टाउनशिप के शिल्पकार तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना का शहर बताते हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस शानदार एकीकृत ग्रामीण टाउनशिप में 26 परिवारों को उनके घर की चाभी देकर गृह प्रवेश कराया। वर्चुअल माध्यम से टाउनशिप के परिवारों से बात करते हुए स्थानीय लोगों ने टाउनशिप की खूबियां बयां कीं तो सहसा सीएम भी कह उठे, वाह! लन्दनपुर तो सचमुच का लंदन लग रहा है। इन दिनों कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के पद पर तैनात अरविंद सिंह ने मुख्यमंत्री के सामने टाउनशिप विकास की पूरी कहानी सुनाई। बुधवार को उन्हें मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में इस नवोन्मेषी कार्य के लिए खासतौर से शासन ने बुलाया गया था। अरविंद सिंह ने प्रस्तुतिकरण में बताया कि उन्होंने जिला लखीमपुर खीरी के लंदनपुर ग्रंट गांव में पीएम आवास योजना को केंद्र एवं राज्य सरकार की 30 अन्य योजनाओं का लाभ देते हुए एक मॉडल तैयार किया। इसमें अनुसूचित जाति एवं भूमिहीन 26 अत्यंत गरीब परिवारों के लिए गेटेड टाउनशिप विकसित की जिसमें सारी सुविधाएं थीं। सभी को मुफ्त में आवास चहारदीवारी और गेट वाली गरीबों की इस टाउनशिप के लिए के लिए शासन से कोई अतिरिक्त ग्रांट नहीं ली गई। 10 विभागों की 30 योजनाओं का कन्वर्जेंस करते हुए हर घर बिजली, गैस कनेक्शन, पार्क, लाइट, गोशाला, गोवंश, सबका बंदोबस्त हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभिनव योजना की सोच और उसे सफल क्रियान्वयन के लिए अरविंद सिंह की सराहना करते हुए इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने के निर्देश दिए। बता दें कि युवा आईएएस अरविंद सिंह इससे पहले लखीमपुर में सीडीओ रहते हुए कोविड काल में भारतीय सेना के लिए पीपीई किट तैयार कराने की अभिनव योजना ऑपरेशन कवच के लिए भी सुर्खियों में रहे हैं तथा कोरोना काल में ऑपरेशन चतुर्भुज के द्वारा मनरेगा को शस्त्र बनाते हुए गांवों में चकरोड, सेक्टर मार्ग विवादों को खत्म करते हुए सैकड़ों किलोमीटर सड़कें बनवाईं, जिससे गांव के भीतर ही रोजगार सृजित हुआ। यही नहीं, उनके निर्देशन में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाना फाइबर बनाने का प्रयास की चर्चा पीएम मोदी ने बीते दिनों मन की बात में की थी। बुधवार को सीएम योगी ने तराई के जनपद खीरी में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराए गए कार्यों की काफी प्रशंसा की।

# घर-घर जाकर बुखार पीड़ितों के लक्षणों की जांच करेंगे स्वास्थ्य कर्मी

● यूपी में 7 से 16 सितंबर तक चलेगा प्रदेशव्यापी सर्विलांस अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकार** बुखार पीड़ितों का घर घर पहुंच कर हाल लेगी। उनके लक्षणों की जांच करेगी। जरूरी दवाएं और चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए राज्य सरकार 7 सितंबर से प्रदेशव्यापी सर्विलांस अभियान शुरू करने जा रही है। अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी घर घर पहुंच कर बुखार वाले मरीजों के लक्षणों की जांच करेंगे। स्वास्थ्यकर्मी बुखार के लक्षणों के आधार पर कोविड की जांच करेंगे।

केरल, महाराष्ट्र समेत देश के कई राज्यों में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार ने सर्विलांस अभियान तेज करने का फैसला किया है। कोविड के खिलाफ एग्रेसिव रणनीति के तहत सरकार की योजना कोविड के मामलों की शुरुआती दौर में ही पता लगा कर उस पर काबू करने की है। मौसम में बदलाव के कारण बुखार के साथ कई अन्य बीमारियों के दस्तक देने की आशंका भी बनी है। जिसको देखते हुए सर्विलांस अभियान को काफी अहम माना जा रहा है। अभियान के तहत सरकार 45 वर्ष की आयु पूरी कर चुके ऐसे लोगों की सूची भी तैयार करायेगी जिन्होंने अब तक वैक्सीन की एक भी डोज नहीं ली है। सूची तैयार करने के बाद ऐसे लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सर्विलांस अभियान के लिए सरकार स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को खास तौर से निर्देश जारी किए हैं। सीएम ने फिरोजाबाद में मरीजों के हालात पर स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरों को स्थानीय जरूरत के अनुसार चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफकी व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने को कहा है।

मरीजों की सुविधा को देखते हुए सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में बेड की संख्या बढ़ाने के साथ ही अन्य जरूरतों की तत्काल आपूर्ति के निर्देश भी अफसरों को जारी किए हैं।

# विद्युत आपूर्ति में स्मार्ट बने लखनऊ

● बसी हुई कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन पर एलडीए की रोक हटवाने के निर्देश

● कटौती की शिकायतों पर मंत्री ने जताई नाराजगी, जवाबदेही तय करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए लखनऊ के जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में लखनऊ को स्मार्ट बनाने के लिए जमीनी प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में जन प्रतिनिधियों द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण क्षेत्र की अनियोजित बसी हुई कालोनियों व मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में प्राधिकरण द्वारा कनेक्शन पर रोक के आदेश के चलते उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से वितरण क्षेत्र में सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर शुरू की गई रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के लिए प्रस्ताव भी मांगे हैं। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने एलडीए के अधीन आने वाली बसी हुई अनियोजित कालोनियों में प्राधिकरण द्वारा कनेक्शन पर रोक के विषय को उठाया, जिसपर उन्होंने एमडी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को संबंधित विभागों की आपत्तियों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही यूपीपीसीएल चेयरमैन को भी इस समस्या का निस्तारण सुनिश्चित कराने को कहा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम शुरू की गई है। इसके तहत नए 33-11 केवी उपकेंद्रों का निर्माण, ओवरलोड 33-11 केवी उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि, एलटी लाइनों पर एबी केबलिंग, 33 केवी व 11 केवी के फीडरों का विभक्तिकरण, जर्जर तारों को बदलने का कार्य, नए 11 केवी फीडरों का निर्माण, ओवर लोड ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि, ओवरलोडिंग समाप्त करने के लिए नए ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य समेत अन्य आवश्यक कार्य शुरू किए जाने हैं जिससे विद्युत आपूर्ति संबंधी बहुत सी समस्याओं का स्थायी निराकरण हो जाएगा। उन्होंने प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एसपी गंगवार को इस संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों से शीघ्र ही प्रस्ताव लेकर कारपोरेशन को भेजने के निर्देश भी दिये। श्री शर्मा ने चौक बाजार में अंडरग्राउंड केबलिंग के रुके हुए काम पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जहां भी समस्या है उसे तत्काल दूर कर काम पूरा किया जाए। दाऊदनगर में बिजली घर का काम शुरू न होने पर भी उन्होंने जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। सरोजिनी नगर के भटगांव व नारायणपुर में लो-वोल्टेज की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राजधानी में जो भी अपग्रेडेशन संबंधी प्रस्ताव हैं उन्हें तत्काल मंजूरी देकर समस्याओं का समाधान कराएं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में नए प्रस्तावित बिजलीघरों को रिवैम्प योजना में लेकर प्रथम फेज में सभी काम करवाये जाने के निर्देश दिए। जिन बिजली घरों का काम विलंबित है उसकी समीक्षा कर एमडी आवश्यक कार्रवाई व जवाबदेही तय करें। गलत बिलिंग की शिकायतों का समाधान कैम्प लगाकर ठीक कराए जाने को भी कहा।



चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की कोविड की जांच करते स्वास्थ्य कर्मचारी

## इण्डस्ट्रियल कारीडोर के विकास के लिए यूपीडा होगी नोडल एजेंसी

**लखनऊ।** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के किनारे 10 किलोमीटर की परिधि में इण्डस्ट्रियल कारीडोर का विकास किया जायेगा। इण्डस्ट्रियल कारीडोर के विकास के लिए यूपीडा को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। उन्होंने यूपीडा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए यूपीसीडा से तीन विशेषज्ञ नियुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। श्री महाना विधान भवन स्थित सभाकक्ष में पूर्वांचल एवं बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के समीप औद्योगिक विकास एवं निवेश के लिए इण्डस्ट्रियल कारीडोर विकसित किये जाने के संबंध में बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित इण्डस्ट्रियल कारीडोर में उद्यमियों की सुविधा के लिए सड़क, बिजली, पानी सहित उच्चश्रेणी की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। भूमि अधिग्रहण के कार्य में तेजी लाने के लिए कन्सलटेंट की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे के किनारे इण्डस्ट्रियल कारीडोर के लिए 10 किलोमीटर के अंदर ऐसे क्षेत्र को प्राथमिता दी जाए जिसकी मेन रोड से कनेक्टीविटी हो और आस पास बिजली घर भी मौजूद हो। एक्सप्रेस-वे के किनारे इण्डस्ट्रियल कारीडोर के विकास से औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी जिससे क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भी सृजित होंगे।

# अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई राजनीतिक भेदभाव के तहत नहीं होनी चाहिए: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को निशाने पर लेते हुए पश्चिमी यूपी में बढ़ती हत्याओं पर गंभीर चिन्ता व्यक्त जताई है। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि इससे पहले हालात और ज्यादा खराब हों सरकार को अपना रुतबा व इकबाल कायम करके कानून के राज की बहाली का सघन प्रयास करना चाहिए तथा वास्तविक अपराधियों व दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई राजनीतिक भेदभाव के तहत कतई नहीं होनी चाहिए।

मायावती बुधवार को पार्टी कार्यालय में यूपी के लगभग 10 मण्डलों के बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रही थीं। उन्होंने पार्टी संगठन के सभी स्तर की कमेटियों में भी खासकर पोलिंग बूथ कमेटियों को युद्ध स्तर पर तैयार करने व विधानसभा आमचुनाव के मद्देनजर सजग भी रहने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने आत्म सम्मान व स्वाभिमान के अति महत्वाकांक्षी मानवतावादी बीएसपी मूवमेन्ट के प्रति पूरी ईमानदारी, निष्ठा व तन, मन, धन से काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम के मिशन को लोकतांत्रिक संघर्षों से पूरा करने की जिम्मेदारी जब उन महापुरुषों की तरह से ही ली है तो विरोधियों के षडयंत्रों व हथकण्डों आदि का सामना करते हुए कांटों भरे रास्तों से गुजरना ही होगा। इसीलिए बीएसपी हमेशा से गरीबों, मजलूमों, उपेक्षितों व शोषितों पीड़ितों आदि के हितों की रक्षा को समर्पित पार्टी व मूवमेन्ट है और इसीलिए खासकर कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियाँ हाथ धोकर इस मूवमेन्ट को बदनाम व उसके नेतृत्व की छवि को धूमिल करने में ही ज्यादा लगी रहती हैं तथा चुनाव के समय में तो यह सिलसिला और भी अधिक घिनौना हो जाता है, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। किन्तु इन सबके बावजूद बीएसपी मूवमेन्ट न केवल जीवित व जीवन्त है बल्कि सर्वसमाज के समर्थन व योगदान से फल-फूल भी रहा है। मायावती ने कहा कि राजनीतिक व चुनावी उतार-चढ़ाव का सामना क्या बीजेपी ने नहीं किया है, यह पार्टी भी आजादी के बाद से अपना नाम बदलते रहने के बावजूद लगातार देश की सत्ता से लगभग बाहर ही रही है, किन्तु अब कांग्रेस पार्टी के काले कारनामों की वजह से देश व यूपी की सत्ता में आ गई है।

# आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किये जाएं: अवनीश अवस्थी

● पुलिस में कुशल खिलाड़ियों की भर्ती के लिए नियमावली बनाकर शीघ्र प्रस्तुत की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** विभाग में निर्माणाधीन आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सितम्बर 2021 माह में 400 करोड़ रूपये की धनराशि की और स्वीकृतियां निर्माण कार्य के लिए पूर्व में निर्गत स्वीकृतियों के क्रम में निर्गत किये जाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

पुलिस में कुशल खिलाड़ियों की भर्ती को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए, गृह विभाग में तैयार हो रही नियमावली को भी पूर्ण कर शीघ्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। गैंगेस्टर एक्ट एवं गुण्डा एक्ट में कड़ी कार्यवाही के लिए चल रहे प्रयासों की भी विस्तार से समीक्षा की गयी है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आज लोक भवन स्थित कमाण्ड सेन्टर में सम्पन्न विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को प्रदान किये गये हैं। अवस्थी ने यह भी निर्देशित किया है कि निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा लगातार की जाय ताकि समय से परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री जनसुनवाई, विधान सभा एवं विधान परिषद में लम्बित आश्वासनों की प्रगति की समीक्षा भी की गयी है तथा विशेष ध्यान देकर इन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में माल परिवहन के सम्बन्ध में भी नई गाइड लाइन्स तैयार कर तत्काल प्रस्तुत किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं ताकि इस सम्बन्ध में प्रदेश के किसी भी जनपद में पुलिस की अनावश्यक दखलंदाजी जैसी किसी भी प्रकार की कठिनाई का व्यापारियों को सामना न करना पड़े।

बैठक में अग्निशमन विभाग की सेवा से सम्बन्धित नियमावली सम्बन्धी कार्यवाही शीघ्र पूरे किये जाने के निर्देश दिये गये हैंए ताकि पात्र कर्मियों को शीघ्र पदोन्नति प्राप्त हो सके। प्रदेश के सभी थानों को सीसीटीवी से जोड़े जाने के सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की प्रगति समीक्षा करते हुये इसके लिए अलग से बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में गृह, सचिव तरूण गाबा के अलावा गृह विभाग के समस्त विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव, अनु सचिव एवं गृह तथा गोपन विभाग के सभी अनुभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## समाजवादी व्यापार सभा का मंडलीय सम्मेलन कल अलीगढ़ से होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** व्यापार सभा का मंडलीय सम्मेलन तीन सितम्बर को अलीगढ़ से प्रारम्भ होगा। मंडलीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक संजय गर्ग रहेंगे। मंडलीय सम्मेलन में मंडल में आने वाले सभी जिलों और महानगरों के व्यापारी पदाधिकारी और व्यापारी शामिल होंगे। सपा व्यापार मण्डल के मंडलीय सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष मंडल के सभी जिलों और उनकी विधानसभा स्तर के संगठन की समीक्षा करेंगे। सम्मेलन में सपा व्यापार सभा मुख्य ट्रेड व्यापार संस्थाओं गल्ला, ट्रांसपोर्ट, सर्राफा, टेंट एवं केटरर, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट, रेहड़ी, खोखे, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स, ईंट भट्ठा, बर्तन, कागज एवं उद्योगों के प्रतिनिधियों से समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र के लिए, लिखित सुझाव लेगी। मंडलीय सम्मेलन में व्यापार सभा पांच पांच व्यापारियों का सम्मान करेगी। सपा व्यापार सभा का मेरठ मंडल का सम्मेलन 9 को, अयोध्या मंडल का सम्मेलन 10 को, देवीपाटन मंडल का मंडलीय सम्मेलन बहराइच में 11 को, लखनऊ मंडल का मंडलीय सम्मेलन 12 को। चित्रकूट मंडल का मंडलीय सम्मेलन 13 को हमीरपुर में, झांसी मंडल का 14 को, कानपुर मंडल का मंडलीय सम्मेलन 15 सितम्बर को होगा। प्रयागराज का 16 को, मिर्जापुर मंडल का 18 को, वाराणसी का19 सितम्बर को, गोरखपुर-बस्ती मंडल का 21 को महराजगंज में, आजमगढ़ का 22 को, बरेली मंडल का 24 को बदायूं जिला मुख्यालय पर, मुरादाबाद का 25 को, मेरठ का 26 को गाजियाबाद में और सहारनपुर मंडल का 28 को सम्पन्न होगा।

# प्रदेश में लचर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण जनता बेहाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लचर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण जनता बेहाल है। बारिश-जलजमाव के कारण संचारी रोग तेजी से फैल रहा है। जलजनित बीमारियों से संक्रमित रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकार की ओर से संक्रमण रोकने की दिशा में कोई प्रयास नहीं हो रहा है न तो समय से दवाओं का छिड़काव हुआ और न ही इलाज की समुचित व्यवस्था। अखिलेश ने कहा कि फिरोजाबाद में डेंगू और वायरल से 56 मौत होने के बाद भी शासन-प्रशासन की नींद नहीं टूटी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और समीपवर्ती जिले टाइफाइड की चपेट में हैं। लखनऊ में अब तक टाइफाइड से लगभग सौ लोग प्रभावित हो चुके हैं। जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं का भी अकाल है। उन्होंने कहा कि प्रचार में लीन भाजपा सरकार नींद से जागे और लखनऊ व प्रदेश के शहरों, बस्तियों, गांवों में फैल रहे खतरनाक जानलेवा बुखार से प्रभावित होने वाले बच्चों और बड़ों के लिए स्तरीय चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करे। वायरल फीवर से यूपी के बाल बच्चों वाले परिवार बेहद चिंतित और भयभीत हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार की प्राथमिकता में स्वास्थ्य सेवायें नहीं हैं। कोरोना वैश्विक महामारी में आम जनता का भरोसा सरकार ने तोड़ दिया। इलाज, बेड, आक्सीजन संकट के समाधान में भाजपा सरकार पूरी तरह फेल रही। वैक्सीनेशन के नाम पर हो हल्ला मचाने वाली भाजपा सरकार वैक्सीन आपूर्ति में ही पिछड़ती जा रही है।

अखिलेश ने कहा कि कोरोना संकट के दौर में ब्लैक फंगस का सही इलाज अस्पतालों में नहीं हो पाया। दवाओं, इंजेक्शन की तलाश में लोग दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर रहे। पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा है। जनता त्रस्त है। भाजपा सिर्फ सत्ता बचाने में व्यस्त है। जनता का जीवन संकट में डालने वाली भाजपा की विदाई तय है।

# सचिवालय के किसी भी भवन में हथियार लेकर प्रवेश करने पर पाबंदी

● सचिवालय के सभी भवनों की सुरक्षा होगी और कड़ी, गृह विभाग व सचिवालय प्रशासन विभाग की संयुक्त उच्च स्तरीय बैठक में हुआ गहन विचार विमर्श

● पूरे क्षेत्र को नो वेपेन जोन घोषित किये जाने पर विचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बापू** भवन सचिवालय में आत्महत्या के प्रयास की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सचिवालय के किसी भी भवन में हथियार लेकर प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। सचिवालय के सभी भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त एवं सुदृढ़ बनाये जाने के लिए प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी एवं अपर मुख्य सचिव, सचिवालय प्रशासन हेमन्त राव की संयुक्त अध्यक्षता में लोक भवन स्थित कमाण्ड सेण्टर में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में सचिवालय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, पुलिस आयुक्त, लखनऊ, सचिव, गृह तरूण गाबा के अलावा गृह, पुलिस व सचिवालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सचिवालय की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किये जाने के लिए दो समितियों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा इस कार्य के लिये जरूरी सुरक्षा उपकरण, संसाधन, जनशक्ति व उसके प्रशिक्षण आदि विषयों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जायेगी जिसपर अगले सप्ताह आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा कर अंतिम रूप दिया जायेगा। सचिवालय के किसी भी भवन में आग्नेयास्त्र लाना पूर्णतया प्रतिबन्धित कर दिया गया है तथा आवश्यकतानुसार पूरे क्षेत्र को नो वेपेन जोन घोषित किये जाने पर भी शीघ्र निर्णय लिया जायेगा। सचिवालय की सुरक्षा के लिए नवगठित स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का भी सहयोग लिये जाने पर बैठक में गंभीरता से विचार किया गया।

सचिवालय में सभी भवनों के प्रवेश द्वारों पर वर्तमान में प्रचलित सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त किया जायेगा। इसके तहत डीएफएमडी, एचएचएमडी, बैग स्कैनर जैसे एक्सेस कंट्रोल उपकरण आदि की व्यवस्था कर इसे और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था को और अधिक बेहतर किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना

# 50 हजार युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग

● प्रशिक्षण के साथ मिलेगा हर माह 2500 रुपये भत्ता

● मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागों को निर्देश जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** के युवाओं के कौशल विकास के साथ प्रदेश सरकार उनको रोजगार उपलब्ध करा सपनों को पूरा करने का काम कर रही है। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के शासकीय, अशासकीय, एमएसएमई, सहकारी, निगम एवं निजी उद्योग में 50 हजार युवाओं को ट्रेनिंग के लिए रखा जाएगा। मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कौशल विकास की ओर से अकेले एमएसएमई में 50 हजार युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा औद्योगिक विकास विभाग में 35 हजार व 18 विभागों में 37 हजार युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को 2500 रुपए प्रशिक्षण भत्ता भी मिलेगा।

प्रदेश के अप्रशिक्षित युवाओं को कौशल विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना तहत प्रशिक्षित कर युवाओं के हुनर को पंख दिए जा रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर जिले में युवा हब बनाने की सरकार की परिकल्पना साकार करने का काम विभाग की ओर से किया जा रहा है। इससे हुनरमंद युवा स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ेंगे। शिक्षुता योजना में युवाओं को प्रशिक्षण के साथ 2500 रुपये प्रशिक्षण भत्ता हर महीने दिया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 1500 रुपये मासिक जबकि राज्य सरकार की ओर से 1000 रुपये प्रशिक्षण भत्ता दिया जाता है। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत अकेले सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से संचालित हो रही विभिन्न योजनाओं में 50 हजार युवाओं को शिक्षुता दक्षता के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा औद्योगिक विकास विभाग में 35 हजार युवाओं को प्रदेश में संचालित हो रहे विभिन्न भारी उद्योगों में दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# रावत ने पंज प्यारे टिप्पणी के लिए माफी मांगी

**भाषा।** चंडीगढ़



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव हरीश रावत ने पार्टी की पंजाब इकाई के नेतृत्व को पंज प्यारे बताने के लिए बुधवार को माफी मांगी। उन्होंने कहा कि वह एक गुरुद्वारे में झाड़ू लगाकर अपनी टिप्पणी के लिए प्रायश्चित करेंगे। कांग्रेस की प्रदेश इकाई में चल रहे मनमुटाव के बीच रावत मंगलवार को चंडीगढ़ आए थे और उन्होंने पंजाब कांग्रेस भवन में बैठक के बाद, राज्य के कांग्रेस प्रमुख एवं चार कार्यकारी अध्यक्षों के लिए पंज प्यारे शब्द का उपयोग किया था।

सिख परंपरा में पंज प्यारे संबोधन गुरु के पांच प्यारों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह और उनके पांच अनुयायियों से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

रावत ने बुधवार को अपने फेसबुक पृष्ठ पर पंज प्यारे टिप्पणी के लिए अपनी गलती स्वीकार की। रावत ने लिखा, कभी कभी सम्मान जाहिर करने के लिए आप ऐसे शब्द का इस्तेमाल कर जाते हैं जिन पर आपत्ति उठ सकती है। मैंने भी अपने माननीय अध्यक्ष एवं चार कार्यकारी अध्यक्षों के लिए पंज प्यारे शब्द का इस्तेमाल कर गलती की है। उन्होंने कहा कि वह देश के इतिहास के छात्र रहे हैं और पंज प्यारों के अग्रणी स्थान की किसी और से तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, मुझसे यह गलती हुई है, मैं लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए क्षमा प्रार्थी हूं। रावत कांग्रेस के पंजाब मामलों के प्रभारी हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने राज्य उत्तराखंड में गुरुद्वारे में सफाई कर अपनी इस गलती का प्रायश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सिख धर्म और इसकी महान परंपराओं के प्रति उनके मन में हमेशा समर्पण और सम्मान की भावना रही है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने रावत की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी और इसके लिए माफी की मांग की थी। शिअद नेता दलजीत सिंह चीमा ने रावत की टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की थी और मांग की थी कि लोगों की भावनाओं को आहत करने के लिए राज्य सरकार को उनके खिलाफ मामला दर्ज करना चाहिए।

## शिअद ने विस के लिए छह उम्मीदवार घोषित किए

**चंडीगढ।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने अगले साल पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए छह सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा बुधवार को कर दी। पंजाब में 117 विधानसभा सीट हैं। पार्टी ने मौर विधानसभा सीट से जगमीत सिंह बरार को उतारा है और तलवंडी साबो सीट से जीत मोहिंदर सिंह उसके उम्मीदवार होंगे। जैतू सीट से सूबा सिंह, कोटकपुरा सीट से मनतार सिंह बरार, मुक्तसर सीट से कंवरजीत सिंह रोजी बरकंडी और फरीदकोट सीट से परमबंस सिंह रोमाना को उम्मीदवार बनाया गया है। रोमाना पार्टी की युवा इकाई के अध्यक्ष हैं। पार्टी के नेता दलजीत सिंह चीमा ने ट्वीट किया कि शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने उम्मीदवारों की घोषणा की है। जगमीत सिंह बरार 2019 में अकाली दल में शामिल हुए थे। उन्हें मौर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। हालांकि पूर्व मंत्री एवं अकाली नेता सिकंदर सिंह मलूका इस सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे।



जयपुर के मोती डोंगरी मंदिर में गणेश पूजा से पहले लड्डुओं से सजाई गई भगवान गणेश की प्रतिमा



बेंगलुरू में गणेश चतुर्थी से पहले गणेश प्रतिमा को पंडाल के लिए ले जाते हुए श्रद्धालु

# रूजिरा ने ईडी के सामने पेश होने में असमर्थता जताई

**भाषा।** कोलकाता

**कोयला चोरी घोटाला**

**तृणमूल** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा ने मौजूदा कोविड स्थिति का हवाला देते हुए बुधवार को नई दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष कोयला चोरी घोटाले के संबंध में पेश होने में असमर्थता जताई। इसके साथ ही उन्होंने एजेंसी के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे उनके कोलकाता स्थित आवास पर आकर पूछताछ करें।

ईडी ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी को समन किया था। रुजिरा बनर्जी को एक सितंबर को ईडी के सामने पेश होने को कहा गया था वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी को तीन सितंबर को बुलाया गया है।

रूजिरा ने ईडी के सहायक निदेशक सुमत प्रकाश जैन को लिखे अपने पत्र में कहा, 18 अगस्त 2021 को जारी समन में मुझे एक सितंबर को नई दिल्ली में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा गया है। मैं दो बच्चों की मां हूं और मौजूदा महामारी के बीच अकेले नई दिल्ली की यात्रा करने से मुझे और मेरे बच्चों को गंभीर परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए सुविधाजनक होगा, अगर आप मुझे कोलकाता में मेरे आवास पर उपस्थित रहने के लिए कहें क्योंकि आपके संगठन का कार्यालय कोलकाता में भी है और मैं भी कोलकाता में रहती हूं" उन्होंने कहा, "इसके अलावा, मेरी समझ में, आपकी जांच की विषय वस्तु की कार्वाई का कथित कारण भी पश्चिम बंगाल से संबंधित है। आप अपने निर्णय से अवगत करा दें। मैं आपको अपनी ओर से हर तरह से सहयोग का आश्वासन देती हूं" सीबीआई की एक टीम ने कोयला चोरी मामले में फरवरी में रूजिरा से उनके आवास पर पूछताछ की थी। पिछले हफ्ते, ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपमानजनक हार का बदला लेने के लिए केंद्र सरकार कोयला घोटाला मामले में उनके भतीजे अभिषेक के खिलाफ अपनी एजेंसियां का इस्तेमाल कर रही है।भाजपा ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा था कि ईडी की जांच से उसका कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन राज्य के लोग चाहते हैं कि जांच समय सीमा के भीतर पूरी हो और सच्चाई सामने आए। यह मामला धन शोधन निवारण कानून की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। ईडी ने सीबीआई की नवंबर 2020 की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद यह मामला दायर किया था। सीबीआई का आरोप है कि आसनसोल के आसपास ईस्टर्न कोलफील्ड की कुछ खदानों से करोड़ों रुपए के कोयले की चोरी की गई है। इस मामले में अनूप मांझी उर्फ लाला को मुख्य संदिग्ध बताया जा रहा है।

**नारद स्टिंग मामला**

# विशेष अदालत ने दो मंत्रियों तथा तीन अन्य को तलब किया

**भाषा।** कोलकाता

**एक** विशेष अदालत ने नारद स्टिंग टेप मामले में धनशोधन निवारण कानून के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों– सुब्रत मुखर्जी और फिरहाद हकीम के अलावा तीन अन्य को बुधवार को समन जारी करने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने आरोपियों को 16 नवंबर को पेश होने का आदेश दिया। अदालत ने दो मंत्रियों और तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के अलावा कोलकाता के पूर्व मेयर सोवन चटर्जी और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के निलंबित अधिकारी एसएमएच मिर्जा के खिलाफ भी संज्ञान लिया है। अदालत ने निर्देश दिया कि मुखर्जी, हाकिम और मित्रा को पश्चिम बंगाल विधानसभाध्यक्ष के कार्यालय के माध्यम से समन भेजे जाएं क्योंकि तीनों विधायक हैं। इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि अन्य दो को समन सीधे उनके पते पर भेजा जाए।

नारद न्यूज के संस्थापक मैथ्यू सैमुअल ने पश्चिम बंगाल में नारद स्टिंग ऑपरेशन चलाया था। सैमुअल ने एक काल्पनिक कंपनी बनाई थी और तृणमूल कांग्रेस के कई मंत्रियों, सांसदों और नेताओं से मदद के लिए संपर्क किया। उनमें से कई को टीवी फुटेज में पैसे लेते हुए दिखाया गया था। नारद रिश्वत मामले में सीबीआई ने इस साल मई में फिरहाद हकीम, सुब्रत मुखर्जी, मदन मित्रा और सोवन चटर्जी को गिरफ्तार किया था।

# ईडी ने कोरोना से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चलाया तलाशी अभियान

**भाषा।** कोलकाता

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 से संबंधित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी जैसी भ्रष्ट गतिविधियों की जांच के सिलसिले में बुधवार को कोलकाता में 10 स्थानों पर तलाशी ली। ईडी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने रेमडेसिविर इंजेक्शन जैसी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की कथित तौर पर जमाखोरी और अधिक कीमत वसूलने में शामिल लोगों के खिलाफ छह मामले दर्ज किए हैं। ईडी के सूत्रों ने बताया, हमने उन लोगों के खिलाफ कार्वाई शुरू की है, जिन्होंने महामारी की दूसरी लहर के दौरान कोविड-19 से संबंधित आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी की और कालाबाजारी में लिप्त थे। हमारी टीम कोलकाता में 10 जगहों पर तलाशी ले रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी को उम्मीद है कि तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न कोविड राहत सामग्री को लेकर अधिक कीमत वसूलने से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद होंगे। उन्होंने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी के जरिए धन शोधन में लिप्त होने या नकली दवाएं और ऑक्सीमीटर जैसे नकली उपकरणों की आपूर्ति करने के आरोप में कई लोगों को तलब किया गया है और उनसे पूछताछ की गई है। ईडी के सूत्रों ने कहा, हम देबांजन देब और उसके सहयोगियों द्वारा संचालित फर्जी टीका लगाने के गिरोह की भी जांच कर रहे हैं। उन्होंने फर्जी टीके लगाकर निर्दोष लोगों को धोखा दिया और कई लोगों की जान जोखिम में डाल दी थी। देब ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर लोगों के साथ धोखाधड़ी की थी। कोलकाता पुलिस ने जून में कोविड-19 टीकाकरण शिविर आयोजित करने के आरोप में देब को गिरफ्तार किया था।

# निर्वाचन आयोग का चुनाव याचिका दायर करने की समय सीमा तय करने का कोर्ट से अनुरोध

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने छह राज्यों के विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल की गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के मामले में शीघ्र सुनवाई करने का उच्चतम न्यायालय से बुधवार को अनुरोध किया। इन मशीनों का अभी इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है क्योंकि एक आदेश के तहत कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान चुनाव याचिका सहित याचिकाएं दायर होने के कारण इन्हें संरक्षित रखने की समय सीमा बढ़ा दी गई थी।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की तीन सदस्ईय पीठ के समक्ष आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल मशीन (वीवीपीएटी) का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है जबकि आगामी चुनावों के लिए आयोग को इनकी जरूरत है। पीठ ने सिंह का कथन सुनने के बाद कहा कि इस याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई की जाएगी।

उन्होंने असम, केरल, दिल्ली, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से संबंधित चुनाव याचिकाएं दाखिल करने के लिए एक समय सीमा निर्धारित करने का पीठ से अनुरोध किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, हमें इन ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों को ठीक करना होगा और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा पंजाब जैसे राज्यों में चुनाव के मद्देनजर इस याचिका पर सुनवाई आवश्यक है। पीठ ने कहा, ठीके है, हम इस पर अगले सप्ताह सुनवाई करेंगे। कोविड-19 की दूसरी लहर के प्रकोप के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने 27 अप्रैल 2021 को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत चुनाव याचिकाओं सहित अन्य याचिका दायर करने के लिए वैधानिक अवधि में ढील दी थी। इसके परिणामस्वरूप, कोई भी व्यक्ति अभी भी निर्वाचित प्रत्याशी के चुनाव को चुनौती दी सकता है और प्रक्रिया के अनुसार निर्वाचन आयोग को साक्ष्य के रूप में इन ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को न्यायिक कार्यवाही के मद्देनजर संरक्षित रखना होगा।

आयोग ने अपनी याचिका में कहा है कि इस वजह से हाल ही में सम्पन्न विधान सभा चुनावों में प्रयुक्त सारी ईवीएम और वीवीपैट अवरुद्ध हो गई हैं और आगामी चुनावों में इनका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।



कैंसर रोगियों ने बचपन में होने वाली कैंसर की बीमारी के लिए दिए जलाकर लोगों को किया जागरूक



मुंबई के कांदिवली में कोरोना महामारी के बीच भी साप्ताहिक बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़

## महिला ड्रग तस्कर गिरफ्तार, पांच लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में बुधवार को एक महिला को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से पांच लाख रुपए मूल्य की ब्राउन शुगर जब्त की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों के अनुसार, एक गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए, पुलिस और आबकारी विभाग के एक संयुक्त दस्ते ने पट्टामुंडई इलाके में एक वाहन को रोका और 50 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ड्रग तस्कर को स्वापक औषधि और मन-प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस कानून) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत पांच लाख रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि महिला से यह पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है कि क्या वह किसी बड़े ड्रग-तस्करी गिरोह के लिए काम करती थी?

# अफगानिस्तान के मौजूदा हालात हैं चिंताजनक: पी चिदंबरम

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने बुधवार को कहा कि अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव पारित करने पर हमारा खुद को बधाई देना जल्दबाजी है और आगाह किया कि चीन, पाकिस्तान और तालिबान के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान का संभावित गठजोड़ चिंता का विषय है। भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक सुदृढ़ प्रस्ताव पारित किया जिसमें मांग की गई कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का इस्तेमाल किसी भी देश को धमकी देने या आतंकवादियों को पनाह देने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। प्रस्ताव में उम्मीद की गई है कि तालिबान अफगानों और सभी विदेशी नागरिकों के देश से सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से जाने देने के संबंध में उसके द्वारा जताई गई प्रतिबद्धताओं का पालन करेगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चिदंबरम ने कहा कि सरकार अफगानिस्तान पर यूएनएससी द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव पर अपने आप को बधाई दे रही है। उन्होंने ट्वीट किया, प्रस्ताव के दो अर्थ हैं। पहला यह है कि मुद्दा हल कर लिया गया है या भारत की संतुष्टि के लिए निपटा दिया गया है। यूएनएससी में यह नहीं हुआ। दूसरा अर्थ यह है कि हमने अपनी इच्छाओं को कागज पर लिख दिया है और उस कागज पर कुछ अन्य के हस्ताक्षर करा लिए हैं। यूएनएससी में कल यही हुआ। चिदंबरम ने कहा कि अपने आप को बधाई देना बहुत जल्दबाजी है। उन्होंने आगाह किया कि चीन, पाकिस्तान और तालिबान के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान का संभावित गठजोड़ चिंता का विषय है। सुरक्षा परिषद ने सोमवार को फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका प्रायोजित प्रस्ताव को मंजूरी दी थी जिसके पक्ष में परिषद के 15 में से 13 सदस्यों ने वोट दिया जबकि विपक्ष में किसी ने भी नहीं। रूस और चीन जैसे सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों ने हालांकि मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

## पायल रोहतगी के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में साइबर पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री पायल रोहतगी के खिलाफ नेहरू-गांधी परिवार के खिलाफ एक मानहानिकारक वीडियो बनाने और इसे सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस की एक स्थानीय नेता की शिकायत के बाद अपराध शाखा ने मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 500 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, अभिनेत्री ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ कथित तौर पर महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और गांधी परिवार के अन्य सदस्यों के बारे में एक मानहानिकारक वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर साझा किया। अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस नेता एवं पार्टी की पुणे इकाई की पदाधिकारी संगीता तिवारी ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस में रोहतगी के खिलाफ शिकायत की।

# मुनाफावसूली से बाजार रिकार्ड स्तर से नीचे आया

## ● आईटी और धातु के शेयरों में गिरावट

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया और दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी-कारोबार के दौरान नए रिकार्ड स्तर पर पहुंचने के बाद नीचे आ गए। शेयरों के ऊपर चढ़े भाव को देखते हुए निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे कारोबार की समाप्ति पर बाजार नीचे आ गया। सूचना प्रौद्योगिकी, धातु तथा वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव देखने को मिला जबकि दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय रिकार्ड नए उच्च स्तर 57,918.71 अंक तक चला गया था। लेकिन बाजार बढ़त बरकरार नहीं रख पाया और सेंसेक्स 214.18 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,338.21 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 55.95 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,076.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकार्ड 17,225.75 अंक तक ऊपर चला गया था। वाहन कंपनियों के अगस्त महीने के बिक्री आंकड़े हल्के रहने से इनके शेयरों में नरमी रही।सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक 2.89 प्रतिशत के नुकसान में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर रहा। इसके अलावा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, एचडीएफसी और इन्फोसिस में प्रमुख रूप से गिरावट रही दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, डा. रेड्डीज, टाइटन और एल एंड टी शामिल हैं। इनमें 3.2 प्रतिशत तक की तेजी आई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जीडीपी आंकड़ा बेहतर रहने के बाद बाजार में अच्छी शुरूआत होने के बावजूद शेयर बाजार मुनाफावसूली के कारण शुरूआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाए।

मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद जारी आधिकारिक आंकड़े के अनुसार कोरोना वायरस की खतरनाक दूसरी लहर के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 20.1 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही का तुलनात्मक आधार नीचे होना और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन रहा है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि हाल की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई। उन्होंने कहा, बाजार आने वाले दिनों में खुद को दुरुस्त कर सकता है। हम निफ्टी में आगे के रुख के लिए बैंक सूचकांक पर ध्यान देने को लेकर अपने विचार को दोहराते हैं। नीचे में निफ्टी को 16,900 के करीब समर्थन मिल सकता है। रुख को देखते हुए निवेशकों को गिरावट के साथ खरीद के रुख को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। देश में कोविड-19 महामारी के प्रकोप और बढ़ती लागत के कारण मांग प्रभावित होने के चलते विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में अगस्त 2021 के दौरान सुस्ती देखने को मिली। मौसमी रूप से समायोजित आईएचएस मार्किट भारत विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अगस्त में 52.3 पर रहा, जो जुलाई में 55.3 पर था।







## श्रीलंका को आईएमएफ से 78.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले

**कोलंबो।** श्रीलंका को आईएमएफ के विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) आवंटन से 78.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर और बांग्लादेश सेंट्रल बैंक से मुद्रा अदला-बदली समझौते के तहत 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले हैं, जिससे उसके विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि श्रीलंका कोरोना वायरस महामारी के चलते आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 23 अगस्त 2021 को सदस्य देशों के बीच उनके मौजूदा कोटा के अनुपात में 650 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर कुल एसडीआर का आवंटन किया। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने मंगलवार को एक बयान में कहा, श्रीलंका को मिला एसडीआर आवंटन 78.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बराबर है, जबकि बांग्लादेशी बैंक के साथ मुद्रा अदला-बदली व्यवस्था के तहत 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि मिली।

## क्विक न्यूज़

### किसी भी आकार के पापड़ पर जीएसटी नहीं लगताः सीबीआईसी

**नई दिल्ली।** पापड़ देश में कहीं भी किसी भी नाम से जाना जाता हो, उस पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नहीं लगता है। साथ ही उसके आकार के आधार पर कर की दरें अलग-अलग नहीं होती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने यह स्पष्टीकरण जारी किया है। सीबीआईसी का यह स्पष्टीकरण उद्योगपति हर्ष गोयनका के ट्वीट के बाद आया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि गोल आकार के पापड़ को जीएसटी से छूट है जबकि वर्गाकार पापड़ पर शुल्क लगता है। आरपीजी एंटरप्राइज के चेयरमैन गोयनका ने मंगलवार को लिखा, क्या आपको पता है कि गोल आकार के पापड़ पर जीएसटी से छूट है जबकि वर्गाकार पापड़ पर माल एवं सेवा कर लगता है। क्या मुझे कोई अच्छे चार्टर्ड एकाउंटेंट के बारे में बता सकता है, जो मुझे इसके पीछे तर्क को बता सके। सीबीआईसी ने देर रात गोयनका के ट्वीट का हवाला देते हुए ट्विटर पर लिखा, पापड़ किसी भी नाम से जाना जाता हो, उस पर माल एवं सेवा अधिसूचना संख्या 2/2017-सीटी (आर) की एंट्री संख्या 96 के अंतर्गत जीएसटी नहीं लगता है। इसके तहत पापड़ के आकार के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता।

### जेबी महापात्रा सीबीडीटी के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** कार्मिक मंत्रालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा कि वरिष्ठ नौकरशाह जे बी महापात्रा को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का अध्यक्ष बनाया गया है। महापात्रा 1985 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी हैं और इस समय आयकर विभाग के लिए नीति तैयार करने वाले सीबीडीटी में सदस्य है। आदेश में कहा गया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में जे बी महापात्रा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह पी सी मोदी का कार्यकाल खत्म होने के बाद 31 मई से सीबीडीटी अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

### कोविड-19 महामारी के चलते विनिर्माण गतिविधियां अगस्त में सुस्त हुईं

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के प्रकोप और बढ़ती लागत के कारण मांग प्रभावित होने के चलते भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में अगस्त 2021 के दौरान सुस्ती देखने को मिली। मौसमी रूप से समायोजित आईएचएस मार्किट भारत विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अगस्त में 52.3 पर रहा, जो जुलाई में 55.3 पर था। इससे विनिर्माण गतिविधियों में नरमी का संकेत मिलता है। हालांकि, अगस्त पीएमआई के आंकड़े लगातार दूसरे महीने समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार की ओर इशारा करते है। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट में अर्थशास्त्र की संयुक्त निदेशक पोलीन्ना डी लीमा ने कहा, अगस्त में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जारी रहा, लेकिन वृद्धि की रफ्तार घट गई, क्योंकि महामारी के कारण मांग में कमी के कुछ संकेत देखने को मिले।

### जीएमआर हैदराबाद हवाई अड्डे से जुड़ी मेट्रो रेल परियोजना में 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) का संचालन करने वाले जीएमआर समूह ने कहा है कि वह 5,000 करोड़ रुपए की मेट्रो रेल परियोजना में 500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगा। तेलंगाना सरकार शहर के विभिन्न हिस्सों को हवाई अड्डे से जोड़ने के लिए इस मेट्रो रेल परियोजना का निर्माण कर रही है। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित तीसरी नियंत्रण अवधि (अप्रैल 2021 से मार्च 2026) के लिए टैरिफ संशोधन पर एक परामर्श पत्र के अनुसार समूह 2024 तक 519.52 रुपए का निवेश करेगा। परामर्श पत्र के अनुसार जीएमआर समूह कुल लागत का लगभग 10 प्रतिशत निवेशक करेगा, जो हवाई अड्डे के भीतर मेट्रो संपर्क की अनुमानित लागत के बराबर है।

### एनटीपीसी की ओड़िशा में दर्लीपली बिजलीघर की दूसरी इकाई चालू

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी के ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में दर्लीपली तापीय बिजलीघर की 800 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया है। एनटीपीसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि ओड़िशा को इस बिजली संयंत्र से उत्पादित बिजली का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। जबकि शेष बिजली बिहार, झारखंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल को बेची जाएगी। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक एस के सत्या ने कहा कि इस इकाई का परीक्षण कार्य 21 जुलाई में पूरा हो गया था। उन्होंने कहा, एनटीपीसी का ओड़िशा स्थित बिजलीघर दर्लीपली चरण-1 (800-800 मेगावाट की दो इकाइयां) का वाणिज्यिक परिचालन एक सितंबर, 2021 को मध्य रात्रि से शुरू हो गया। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इसके साथ एनटीपीसी और एनटीपीसी समूह की बिजली उत्पादन क्षमता क्रमशः 53,225 मेगावाट और 66,650 मेगावाट हो गई है।

### बजाज ऑटो, टोयोटा किर्लोस्कर, एमजी मोटर्स की बिक्री अगस्त में बढ़ी, एस्कॉर्ट्स को हुई निराशा

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो, टोयोटा किर्लोस्कर, एमजी मोटर्स ने बुधवार को बताया कि अगस्त 2021 के दौरान उनकी बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जबकि एस्कॉर्ट्स ने बताया कि उसकी ट्रैक्टर बिक्री 21.7 प्रतिशत घट गई। बजाज ऑटो ने कहा कि अगस्त 2021 में उसकी कुल बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,73,270 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 3,56,199 इकाइयां बेची थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी घरेलू बिक्री में सात प्रतिशत की कमी हुई और यह।,72,595 इकाई रही। बजाज ऑटो ने बताया कि उसकी कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,38,310 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,21,058 इकाई थी। कृषि मशीनरी और निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स ने कहा कि अगस्त में ट्रैक्टर की बिक्री में 21.7 प्रतिशत की गिरावट हुई और इस दौरान वह 5,693 इकाइयों की बिक्री कर सकी। एस्कॉर्ट्स ने शेयर बाजार को बताया कि उसने पिछले साल इसी महीने में कुल 7,268 इकाइयां बेची थी। कंपनी ने कहा कि उसे त्योहारी सत्र के दौरान बिक्री में वृद्धि की उम्मीद है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बताया कि अगस्त 2020 की तुलना में इस साल अगस्त में उसकी घरेलू थोक बिक्री में दो गुना से अधिक इजाफा हुआ और यह 12,772 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 5,555 इकाइयों की बिक्री की थी। टीकेएम के संयुक्त महाप्रबंधक (बिक्री और रणनीतिक विपणन) वी विसेलिन सिगामनी ने एक बयान में कहा कि इनोवा क्रिस्टा और फॉर्च्यूनर का अपने खंड में वर्चस्व जारी है और दोनों मॉडलों ने अच्छी मांग दर्ज की है। इसके अलावा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर के लिए भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है। एमजी मोटर ने बताया कि उसकी खुदरा बिक्री अगस्त में 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,315 इकाई रही। कंपनी ने अगस्त 2020 में 2,851 इकाइयों की बिक्री की थी।

## बिजली लागत बचाने के लिए सीमेंट कंपनियां वैकल्पिक स्रोतों में 1,700 करोड़ रुपए निवेश करेंगी: रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

**प्रमुख सीमेंट** कंपनिया बिजली की लागत बचाने के लिए अगले दो वित्त वर्षों के दौरान।,700 करोड़ रुपए तक का निवेश करेंगी। इक्रा ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि सीमेंट कंपनियां 175 मेगावाट वाले वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम (डब्ल्यूएचआरएस) संयंत्र की स्थापना करेंगी ताकि बिजली लागत बचाई जा सके। रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक मेगावाट के डब्ल्यूएचआरएस को स्थापित करने के लिए 8 से 10 करोड़ रुपए का खर्च आता है। वित्त वर्ष 2021 और 2022 में 175 मेगावाट वाले संयंत्र के निर्माण के लिए।,400 से।,700 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

इक्रा ने कहा कि हाल के वर्षों में घरेलू सीमेंट कंपनियां वैकल्पिक या नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश कर रही हैं। कंपनियां ईंधन के आम स्रोतों जैसे कोयला के साथ साथ थर्मल बिजली उत्पादन के स्थान पर अब वैकल्पिक अथवा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश कर रही हैं। इससे उन्हें कार्बन डाइऑक्साइड के प्रभाव को कम करने के अलावा और भी कई फायदे मिल रहे हैं। एजेंसी के मुताबिक सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और डब्ल्यूएचआरएस जैसे नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग गति पकड़ रहा है और सबसे सस्ते स्रोतों में से एक के रूप में उभरा है। रिपोर्ट में कहा गया कि सीमेंट को तैयार करने के लिए ऊर्जा का इस्तेमाल होता है और एक सीमेंट कंपनी की कुल लागत का 25-28 प्रतिशत बिजली और ईंधन पर खर्च होती है। इक्रा की प्रमुख अनुपमा रेड्डी ने कहा, सीमेंट की निर्माण प्रक्रिया के दौरान उत्पादित गर्म गैसों का उपयोग करके बिजली पैदा की जाती है। डब्ल्यूएचआरएस अधिक लागत कुशल है और परिचालन लाभप्रदता बढ़ाने में मदद करता है।

## सेबी ने शेयर विकल्प मामले में आठ इकाइयों पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** एक सितंबर (भाषा) पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बीएसई में कम खरीद-फरोख्त वाले शेयर विकल्पों में गैर-प्रामाणिक कारोबार में लिप्त रहने के चलते आठ कंपनियों और व्यक्तियों पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बाजार नियामक ने आठ अलग-अलग आदेशों में निकिता रूंगटा, आकाश प्रकाश शाह, आभा मोहंता, आचमन वानिज्या, अभि पोर्टफोलियो, ए सी अग्रवाल कमोडिटीज, विनय रमनलाल शाह एचयूएफ और विनोदकुमार एम जैन पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को बीएसई के शेयर विकल्प खंड में बड़े पैमाने पर गतिविधियां बढ़ने के बारे में पता चला था। इसे ध्यान में रखते हुए नियामक ने कम खरीद-फरोख्त वाले शेयर विकल्पों में अप्रैल 2014 से लेकर सितंबर 2015 के बीच गतिविधियों की जांच पड़ताल की।

## जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे माह एक लाख करोड़ के पार

भाषा। नई दिल्ली

**आर्थिक गतिविधियों** में आती तेजी का मजबूत संकेत देते हुए माल एवं सेवाकर (जीएसटी) संग्रह अगस्त में 1.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को अगस्त माह के दौरान जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए। एक साल पहले अगस्त माह के मुकाबले इसमें 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे महीने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है।




वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अगस्त 2021 में सकल जीएसटी राजस्व 1,12,020 करोड़ रुपए रहा है, जिसमें केंद्रीय जीएसटी के 20,522 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी के 26,605 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी के 56,247 करोड़ रुपए (माल के आयात पर वसूले गए 26,884 करोड़ रुपए सहित) और उपकर के 8,646 करोड़ रुपए (माल के आयात पर प्राप्त 646 करोड़ रुपए सहित) हैं। हालांकि, अगस्त में जुटाई गई राशि, जुलाई 2021 के 1.16 लाख करोड़ रुपए से कम रही है। अगस्त 2021 में जीएसटी राजस्व, पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल अगस्त में जीएसटी संग्रह 86,449 करोड़ रुपए रहा था। वहीं अगस्त 2019 में जीएसटी संग्रह 98,202 करोड़ रुपए था। लगातार नौ महीनों तक जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपए से ऊपर रहने के बाद जून 2021 में कोविड की दूसरी लहर के कारण एक लाख करोड़ रुपए से नीचे आ गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा कि आने वाले महीनों में भी मजबूत जीएसटी राजस्व जारी रहने की संभावना है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने अगस्त में संग्रह में क्रमिक गिरावट और विनिर्माण पीएमआई की रफ्तार थमने को लेकर आगाह किया। अगस्त में पीएमआई सूचकांक 52.3 फीसदी रहा, जो जुलाई में 55.3 फीसदी था। उन्होंने कहा, जीएसटी संग्रह में क्रमिक गिरावट, मुख्य क्षेत्र की उम्मीद से कम वृद्धि और अगस्त में विनिर्माण पीएमआई में सुस्ती से पता चलता है कि चालू तिमाही में देखे गए सुधार के बारे में सावधान रहने की जरूरत है। गौरतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में रिकॉर्ड 20.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी। सिंघानिया जीएसटी कंसल्टेंसी एंड कंपनी के पार्टनर आदित्य सिंघानिया ने कहा कि अगस्त 2021 में संग्रह का ज्यादातर हिस्सा जुलाई की आपूर्ति से संबंधित है और ऐसा लगता है कि इसने जुलाई 2021 के संग्रह की तुलना में राजस्व स्थिरता को बनाए रखा है। इससे साफ पता चलता है कि अर्थव्यवस्था में स्थिर गति के साथ सुधार हो रहा है। ईवाई के कर पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि यह संग्रह जुलाई में की गई आपूर्ति के लिए है, जब देश के अधिकांश हिस्सों में लॉकडाउन प्रतिबंधों में ढील दी गई थी।

## ओएनजीसी ने केजी बेसिन के यू1बी गहरे पानी के कुएं से पहली गैस निकासी की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी ब्लॉक केजी-डी5 के गहरे पानी के यू।बी कुएं से पहली गैस निकाली है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि इस कुएं केजी-डीडब्ल्यूएन 98।2 ब्लॉक क्लस्टर-2 का अनुमानित अधिकतम उत्पादन 12 लाख घनमीटर गैस प्रतिदिन का है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव तरुण कपूर ने 31 अगस्त को गहरे पानी के कुएं यू।बी से पहली गैस उत्पादन की शुरुआत की। ओएनजीसी का केजी- डी5 ब्लॉक केजी बेसिन में रिलायंस इंडस्ट्रीज के केजी-डी6 ब्लॉक के पास है। इस ब्लॉक में कंपनी ने कई खोजें की हैं जिन्हें एक क्लस्टर के रूप में जोड़ा गया है। इन खोजों को तीन ब्लॉकों... क्लस्टर।, 2 और 3 में बांटा गया है। क्लस्टर 2 से सबसे पहले उत्पादन शुरू किया गया है।



चेन्नई में नई लॉन्च की गई रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 बाइक के साथ आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ सिद्धार्थ लाल

## 42 मामलों में भ्रष्ट अफसरों पर कार्रवाई की सीवीसी की सलाह को नजरअंदाज किया गयाः रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**रेलवे** सहित विभिन्न सरकारी विभागों ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की केंद्रीय सर्तकता आयोग (सीवीसी) की सलाह को नजरअंदाज किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 42 ऐसे मामले हैं जिनमें भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सीवीसी की सलाह का अनुपालन नहीं हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे में 10 मामलों में सीवीसी की सलाह के अनुरूप अधिकारियों पर कार्वाई नहीं की गई।

यानी इन मामलों में सलाह का पूरी तरह अनुपालन नहीं किया गया। इसी तरह केनरा बैंक में पांच ऐसे मामले हैं जिनमें सीवीसी की सलाह की अनदेखी हुई। इसके अलावा दो-दो मामले सिंडिकेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, महानदी कोलफील्ड्स लि. और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के हैं। इसके अलावा इस तरह का एक-एक मामला यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आंध्रा बैंक, एलआईसी ऑफ इंडिया, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), ऑयल इंडिया लि. और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का है।

कार्रवाई करने की सलाह का अनुपालन नहीं किए जाने का एक-एक मामला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी), खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, एनटीपीसी लि., भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, पोत-परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का है।

# पेज 1 का शेष

## तालिबान जल्द...

मेरे भाइयों हमने पंजशीर की समस्या को बातचीत से हल करने का भरसक प्रयास किया है लेकिन दुर्भाग्य से इसमें सफलता नहीं मिली। अब चूंकि बातचीत विफल रही इसलिए मुजाहिदीन (तालिबान) ने पंजशीर को घेर लिया है, अंदर अब भी ऐसे लोग हैं जो समस्या का शांतिपूर्ण हल नहीं चाहते हैं। ये अब आप पर है कि उनसे आप बात कीजिए। उसने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग लड़ना चाहते हैं, उनसे कह दीजिए कि बहुत हो चुका। अफगानिस्तान के पूर्व रक्षा मंत्री बिस्मिल्लाह खान मोहम्मदी ने कहा कि मंगलवार की रात तालिबान ने पंजशीर पर ताजा हमला किया, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि इस लड़ाई में 34 तालिबान मारे गए तथा 65 जख्मी हो गए। उन्होंने कहा कि हमारे लोग परेशान न हो, उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

## तालिबान से...

या नहीं। कृपया हमें स्पष्ट करें कि आप (भारत सरकार) तालिबान को कैसे देखते हैं। पहले औपचारिक और सार्वजनिक रूप से स्वीकृत संपर्क में कतर में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने मंगलवार को तालिबान के वरिष्ठ नेता शेर मोहम्मद अब्बास स्तानिकजई से मुलाकात की थी। उन्होंने भारत की उन चिंताओं को उठाया था कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत विरोधी गतिविधियों और आतंकवाद के लिए नहीं किया जाना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि क्या तालिबान एक आतंकवादी संगठन है और यदि ऐसा नहीं है तो क्या आप इसे आतंकवादी संगठन के रूप में सूची से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र जाएंगे। खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने सवाल किया कि अगर तालिबान एक आतंकवादी संगठन है तो सरकार कतर में उनसे क्यों बात कर रही है? उन्होंने कहा कि वे तालिबान से बात कर रहे हैं। आज की खबरों में है कि आप कतर में एक-दूसरे से बात कर रहे हैं। अगर आप उनसे बात कर रहे हैं तो मुझसे यह सवाल क्यों पूछ रहे हैं? वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या भारत को तालिबान के साथ बात करनी चाहिए और उसे एक मौका देना चाहिए। अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या तालिबान एक आतंकवादी संगठन है या नहीं। कृपया स्पष्ट करें कि आप (भारत सरकार) तालिबान को कैसे देखते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे एक आतंकवादी संगठन हैं, तो आप (भारत सरकार) उनसे बात क्यों कर रहे हैं? अगर वे आतंकवादी संगठन नहीं हैं, तो आप उनके बैंक खातों पर प्रतिबंध क्यों लगा रहे हैं। आप उनकी सरकार को मान्यता क्यों नहीं दे रहे हैं? पहले अपना रुख तय कर लें।

## उत्तर भारत...

में कहा गया है कि यदि 2019 का प्रदूषण स्तर बना रहता है तो उत्तर भारत के लोगों का जीवन नौ साल से अधिक कम हो सकता है, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया में वायु प्रदूषण के सबसे चरम स्तर का सामना करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में भारत का औसत 'पार्टिकुलेट मैटर कंसंट्रेशन' (हवा में प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण की मौजूदगी) 70.3 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था, जो दुनिया में सबसे अधिक और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के दिशानिर्देश से सात गुना ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के वायु प्रदूषण के उच्च स्तर का समय के साथ खतरनाक रूप से भौगोलिक तौर पर विस्तार हुआ है। बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान के लिए, एक्यूएलआई के आंकड़ों से पता चलता है कि यदि डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों के मुताबिक प्रदूषण कम हो जाता है तो यहां व्यक्ति औसतन 5.6 साल अधिक जीवित रहेगा। बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान की जनसंख्या वैश्विक आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है और यह लगातार दुनिया के शीर्ष पांच सबसे प्रदूषित देशों में शुमार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फसल अवशेष जलाने, ईंट भट्ठों और अन्य औद्योगिक गतिविधियों ने भी इस क्षेत्र में प्रदूषणकारी सूक्ष्म कणों को बढ़ाने में योगदान दिया है। ऐसे सूक्ष्म कण से होने वाला प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए दुनिया का सबसे बड़ा खतरा है।

## टूटे तार...

राजकुमार की पत्नी जानकी (35 वर्ष), पुत्री सुरभि (3 वर्ष), विनोद की पुत्री सिमरन(11वर्ष), बद्री की पत्नी लक्ष्मी (30वर्ष ) व 10 वर्षीय खुशी है। घटना के लिए बिजली निगम के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए पीड़ितों व स्थानीय लोगों ने जीटी रोड पर जाम लगा दिया। प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों का समझाकर मामले को शांत किया।

## सुपरटेक मामले...

कहा कि यह टॉवर्स नियमों की अनदेखी करके बनने दिए गए। कोर्ट ने कहा है कि जिन भी लोगों ने इन सुपरटेक ट्विन टॉवर्स में फ्लैट लिए थे उनको 12 फीसदी ब्याज के साथ रकम लौटाई जाएगी। कोर्ट के आदेशानुसार टॉवर गिराने का खर्च सुपरटेक वहन करेगा जबकि यह कार्य सेंट्रल बिल्डिंग रिचर्स इंस्टिट्यूट के समग्र पर्यवेक्षण में किया जाएगा।

## रेस्त्रां मालिक...

बदमाशों को घेर कर रोकने पर बदमाश पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। इस पर पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में लग गई वहीं मौके से भाग रहे दो बदमाशों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। डीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन अभिषेक ने बताया की गिरफ्तार तीनों बदमाशों की पहचान विकास चौधरी, देवेंद्र और सुनील निवासी अनूपशहर के रूप में हुई है। जिसमें विकास चौधरी पैर में गोली लगने से घायल हुआ। पूछताछ में तीनों बदमाशों ने अपना जुर्म कबूल किया है। इनसे हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, कारतूस, दो तमंचे और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश सुनील पूर्व में स्विगी का डिलीवरी ब्वाय था। मंगलवार रात तीनों मित्र सोसाइटी के बाहर शराब पी रहे थे। इसी दौरान डिलीवरी ब्वाय और रेस्टोरेंट में काम करने वाले नारायण व मालिक सुनील के बीच विवाद हो गया। यह देखकर नशे में बदमाश सुनील ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनील अग्रवाल को गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील को इसलिए गुस्सा आया क्योंकि वह पूर्व में डिलीवरी ब्वाय रह चुका है और उसको दूसरे डिलीवरी ब्वाय का अपमान बर्दाश्त नहीं हो सका।

## देश में...

डिजीज (एनआईसीडी) और क्वाजुलु-नेटाल रिसर्च इनोवेशन एंड सीक्वेंसिंग प्लेटफॉर्म (केआरआईएसपी) के वैज्ञानिकों ने कहा कि इस साल मई में देश में सी.1.2 स्वरूप का पता चला था। उन्होंने कहा कि तब से 13 अगस्त तक सी.1.2 चीन, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मॉरीशस, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल और स्विट्जरलैंड में पाया गया है।

## एक ही...

में 75.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पालावत ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून की प्रवृत्ति बदल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार से पांच साल में बारिश के दिनों की संख्या कम हो गई है और खराब मौसम की घटनाओं में वृद्धि हुई है। हम बारिश के छोटे और तीव्र दौर की रिकॉर्डिंग करते रहे हैं, कई बार सिर्फ 24 घंटों में करीब 100 मिमी बारिश होती है। पहले इतनी बारिश 10 से 15 दिनों में होती थी। आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला में बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटों में 112.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो 19 वर्षों में सितंबर में एक दिन में सर्वाधिक बारिश है। लोधी रोड, रिज, पालम तथा आयानगर वेधशालाओं ने सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटों में क्रमशः 120.2 मिमी, 81.6 मिमी, 71.1 मिमी और 68.2 मिमी बारिश दर्ज की। उन्होंने बताया कि साढ़े आठ बजे से पालम, लोधी रोड, रिज और आयानगर में क्रमशः 78.2 मिमी, 75.4 मिमी, 50 मिमी और 44.8 मिमी बारिश दर्ज की। दिल्ली में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर ढाई बजे तक महज छह घंटों में 84 मिमी बारिश हुई जिससे सड़कों पर जलभराव हो गया और आईटीओ, आईपी एस्टेट पुल के पास रिंग रोड, धौला कुआं और रोहतक रोड पर भारी जाम लग गया। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि बारिश में कमी आएगी। सात सितंबर से बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना है। सितंबर के लिए अपने पूर्वानुमान में आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत के कई इलाकों में सामान्य से लेकर सामान्य से कम बारिश की संभावना है।

## जलभराव से...

वाली सड़कों से बचने की सलाह देती रही। यातायात पुलिस और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अधिकारियों के अनुसार, मिंटो ब्रिज, जनपथ रोड, लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन के पास के इलाकों, मुनीरका, लाला लाजपत राय मार्ग, मूलचंद बस स्टैंड, एम्स फ्लाईओवर के समीप अरबिंदो मार्ग, जंगपुरा मेट्रो स्टेशन के आसपास के इलाकों, मूलचंद के समीप रिंग रोड और रोहतक रोड पर भारी जलभराव हुआ।

# रहाणे को मिलेगा एक और मौका

## ●भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट गुरुवार से

**भाषा**। लंदन



**लीड्स** में पारी की हार के बाद वापसी की कवायद में जुटी भारतीय टीम गुरुवार को ओवल में जब इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में उतरेगी तो सभी की नजरें खराब फॉर्म से जूझ रहे अजिंक्य रहाणे और सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लेकर टीम प्रबंधन के फैसले पर टिकी होगी। लार्ड्स में प्रेरणादाई जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजी क्रम ने हैडिंग्ले में दोनों पारियों में निराश किया। ओवल में होने वाला यह टेस्ट काफी अहम होगा क्योंकि दोनों ही टीमें इसमें जीत दर्ज करके श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेंगी। कप्तान विराट कोहली ने कहा था कि लार्ड्स की जीत ने अगले टेस्ट में जीत सुनिश्चित नहीं की और हैडिंग्ले में हार का मतलब यह नहीं है कि ओवल में भी यही कहानी दोहराई जाएगी। अभी पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है।

भारतीय कप्तान जानते हैं कि उनके बल्लेबाजी क्रम में सब कुछ ठीक नहीं है और उनकी सबसे बड़ी चिंता मध्यक्रम है जिसमें वह, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे तीन दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। पुजारा ने लीड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 91 रन की प्रभावी पारी खेलकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए लेकिन लार्ड्स में दूसरी पारी में 61 रन बनाने वाले रहाणे एक बार फिर नाकाम रहे। पूरी संभावना है कि रहाणे को एक और मौका मिलेगा लेकिन पिछले दो साल में उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है और टीम को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है।

पांच पारियों में 19 की औसत 95 रन रहाणे की क्षमता को नहीं दर्शाते हैं और सूर्यकुमार यादव जैसे आक्रामक बल्लेबाज या हनुमा विहारी जैसे पारंपरिक खिलाड़ी मध्यक्रम में नयापन ला सकते हैं। रहाणे को अगर बाहर किया जाता है तो विहारी के टीम में जगह बनाने की संभावना अधिक है क्योंकि वह आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में सातवें नंबर पर मुख्य रूप से बल्लेबाज के रूप में खेले हैं क्योंकि वह अश्विन से बेहतर बल्लेबाज हैं। अश्विन हालांकि इस समय संभवत: दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं जबकि जडेजा तीन मैचों में सिर्फ दो विकेट हासिल कर पाए हैं।

ओवल की पिच से पारंपरिक रूप से स्पिनरों को मदद मिलती है और समरसेट के खिलाफ काउंटी मैच में सरे की ओर से छह विकेट चटकाने वाले अश्विन को टीम में मौका मिल सकता है क्योंकि अतीत में वह इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान कर चुके हैं।

चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का कोहली का मोह जगजाहिर है। वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहे इशांत शर्मा की जगह आलराउंडर की भूमिका निभाने वाले शारदुल ठाकुर को मौका दे सकते हैं। हालांकि यह देखना होगा कि अश्विन को जडेजा की जगह मौका मिलता है कि नहीं। जडेजा की गेंदबाजी में धार की कमी दिखी है। इंग्लैंड के लिए टेस्ट प्रारूप में वापसी कर रहे डेविड मलान हैडिंग्ले में अच्छी लय में दिखे। मार्क वुड और क्रिस वोक्स की मौजूदगी से अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का काम का बोझ कम होगा। जॉनी बेयरस्टो के विकेटकीपर की भूमिका निभाने की उम्मीद है क्योंकि जोस बटलर ने ब्रेक किया है जिससे कि अपनी पत्नी के साथ रह सकें जो दूसरी बार मां बनने वाली हैं।

**टीमें-भारत:** विराट कोहली, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, लोकेश राहुल, रिद्धिमान साहा, अभिमन्यु ईश्वरन, पृथ्वी साव, सूर्यकुमार यादव, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा।
**इंग्लैंड:** जो रूट (कप्तान), मोईन अली, जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम बिलिंग्स, रोरी बर्न्स, सैम कुरेन, हसीब हमीद, डैन लॉरेंस, डेविड मलान, क्रेग ओवरटन, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

### हार के बारे में नहीं सोचें, लार्ड्स की जीत से प्रेरणा लें: शास्त्री



**लंदन**। भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि उनकी टीम इंग्लैंड के खिलाफ ओवल पर शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले लीड्स में मिली शर्मनाक हार के बारे में सोचने की बजाय लार्डस की जीत से प्रेरणा ले। शास्त्री ने स्वीकार किया कि तीसरे टेस्ट के पहले ही दिन 78 रन पर आउट होना निर्णायक साबित हुआ लेकिन उन्होंने कहा कि श्रृंखला अभी भी खुली है। उन्होंने अपनी नयर किताब स्टारगेजिंग के प्रचार के सिलसिले में कहा कि यह बहुत आसान है। आप बस लार्डस के बारे में सोचो। पिछला मैच भूल जाओ। मुझे पता है कि यह कहना आसान है लेकिन हमें अच्छे पल भी याद रखने चाहिए। खेल में यह सब होता रहता है। शास्त्री ने कहा कि लार्डस में इंग्लैंड का पलड़ा भारी था लेकिन हमने जीत दर्ज की। पिछले मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी की और पहले ही दिन हम पर दबाव बना दिया। हम पहले दिन ही बैकफुट पर थे।

### अश्विन से डरे हुए हैं इंग्लैंड के बल्लेबाज: भरत अरुण

**लंदन**। भारत के गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन की काबिलियत से डरे हुए हैं लेकिन इस सीनियर आफ स्पिनर के खेलने पर फैसला कल चौथे टेस्ट की सुबह ही लिया जाएगा। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन पहले तीन टेस्ट में बाहर रहे हैं जिनकी जगह रविंद्र जडेजा को बल्लेबाजी हरफनमौला के रूप में तरजीह दी गई। अरुण ने कहा कि अश्विन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह अभी तक खेल नहीं सका है। अगर मौका बनता है और टीम की रणनीति के अनुकूल होता है तो दोनों साथ में गेंदबाजी कर सकते हैं। अरुण ने यह भी संकेत दिया कि अश्विन का सामना करने से डरे हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजों की वजह से पिच की प्रकृति में बदलाव किया जा सकता है और इंग्लैंड का मौसम भी अनिश्चित है। उन्होंने कहा कि ओवल का मैदान स्पिनरों का मददगार रहा है लेकिन आप भी जानते हैं कि इंग्लैंड टीम अश्विन की काबिलियत से डरी हुई है कि यहां पिच से मदद मिलने पर वह क्या कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस बारे में फैसला कल सुबह पिच को देखने के बाद ही लिया जाएगा।

### प्रसिद्ध कृष्णा को टेस्ट टीम में शामिल किया गया

**लंदन**। पिछले तीन महीने से भारतीय टीम में स्टैंडबाई के रूप में शामिल कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट से पूर्व मुख्य टेस्ट टीम में जगह दी गई। इस फैसले से संकेत मिलते हैं कि प्रसिद्ध को ओवल या मैनचेस्टर में अंतिम एकादश में मौका मिल सकता है क्योंकि टीम प्रबंधन को जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी के काम के बोझ के प्रबंधन पर भी नजर रखनी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि टीम प्रबंधन के आग्रह पर अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। 25 साल के प्रसिद्ध ने अब तक सिर्फ नौ प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं ।

# बैडमिंटन में प्रमोद जीते पलक दोनों मैच हारीं

**टोक्यो पैरालंपिक**

## ●भगत ने विश्व चैंपियन भारत के ही मनोज को हराया

**भाषा**। टोक्यो

**दुनिया** के नंबर एक खिलाड़ी प्रमोद भगत ने टोक्यो पैरालंपिक खेलों के पुरूष एकल वर्ग में शानदार शुरूआत की जबकि युवा पलक कोहली महिला एकल और मिश्रित युगल दोनों मैच हार गई। मौजूदा विश्व चैम्पियन भगत ने भारत के ही मनोज सरकार को पुरुष एकल ग्रुप ए क्लास एसएल-3 के पहले मैच में 21-10, 21-23, 21-9 से हरा दिया। अब उनका सामना उक्रेन के अलेक्जेंडर चिरकोव से होगा। मनोज भी शुक्रवार को चिरकोव से ही खेलेंगे।

इससे पहले कोहली अपने दोनों मैच हार गई। उन्हें महिला एकल ग्रुप ए क्लास एसयू-5 मैच में जापान की अयाको सुजुकी ने महज 19 मिनटमें 21-4, 21-7 से हरा दिया। बाएं हाथ में जन्म से ही विकार झेल रही कोहली का सामना अब तुर्की की जेहरा बगलार से होगा। वहीं भगत और कोहली की मिश्रित युगल जोड़ी को ग्रुप बी के अपने पहले मैच में लुकास माजुर और फॉस्टीन नोएल की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। एसएल-3 और एसयू-5 वर्ग में चुनौती पेश कर रहे भगत और पलक को योयोगी राष्ट्रीय स्टेडियम में फ्रांस की जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट में 9-21 21-15 19-21 से हार झेलनी पड़ी। भारतीय जोड़ी की शुरुआत खराब रही और पहले ब्रेक के समय वे 5-11 से पीछे थे। फ्रांस की जोड़ी ने इसके बाद दबदबा बनाए रखा और पहला गेम आसानी से जीत लिया।

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतर प्रदर्शन किया और 13-11 से बढ़त बनाने में सफल रही। माजुर और नोएल ने इसके बाद एक अंक जुटाया लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार सात अंक के साथ ब्रेक प्वाइंट लिया।

## अमित और धरमबीर पैरालम्पिक क्लब थ्रो स्पर्धा में पदक से चूके

**टोक्यो**। भारत के अमित कुमार और धरमबीर तोक्यो पैरालम्पिक में बुधवार को एफ-51 पुरुषों की क्लब थ्रो स्पर्धा में क्रमश: पांचवें और आठवें स्थान पर रहे। कुमार का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 27.77 मीटर का थ्रो था जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। वह पांच साल पहले रियो पैरालम्पिक में चौथे स्थान पर रहे थे। कुमार एशियाई पैरा खेलों के चैम्पियन भी हैं। एशियाई पैरा खेल 2018 के रजत पदक विजेता धरमबीर ने 25.59 मीटर का थ्रो फेंका जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके साथ ही भारत ने आज आठवें दिन कोई पदक नहीं जीता जबकि मंगलवार को अभूतपूर्व दोहरे अंक को छुआ था। धरमबीर डाइविंग की एक दुर्घटना के कारण और कुमार 2007 में सड़क दुर्घटना के कारण इस श्रेणी में आए थे। इस वर्ग में रूसी पैरालम्पिक समिति के मुसा ताइमाजोव ने 35. 42 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चेक गणराज्य के जेल्को डी ने रजत और स्लोवाकिया के मरियन कुरेजा ने कांस्य पदक हासिल किया।

## अवनि मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन के क्वालीफिकेशन से बाहर



**टोक्यो**। दो दिन पहले पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी निशानेबाज अवनि लेखरा बुधवार को यहां मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच। स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। एसएच-1 (राइफल) वर्ग में अवनि बिलकुल भी लय में नहीं दिखी और 629.7 अंक के साथ निराशाजनक 27वें स्थान पर रहते हुए तीसरे दौर में बाहर हो गई। पुरुष वर्ग में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीय पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू और दीपक कुमार का असाका निशानेबाजी रेंज पर प्रदर्शन और भी अधिक लचर रहा। सिद्धार्थ 625.5 अंक के साथ 40वें जबकि दीपक 624.9 अंक के साथ 43वें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जर्मनी की नताशा हिल्ट्रॉप ने जीता जबकि रजत पदक दक्षिण कोरिया के पार्क जिन्हो और कांस्य पदक युक्रेन की इरिना शेटनिक के खाते में गया। पैरालंपिक में पदार्पण कर रही 19 साल की अवनि ने इतिहास रचते हुए आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच। में स्वर्ण पदक के साथ भारत को पैरालंपिक में निशानेबाजी का पहला पदक दिलाया था। उन्होंने 249.6 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अवनि की रीढ़ की हड्डी में 2012 में कार दुर्घटना के दौरान चोट लगी थी।

# उनादकट ने गेंदबाजी एक्शन में किया बदलाव

**भाषा**। दुबई



**इंडियन** प्रीमियर लीग के 14वें सत्र की शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ करने वाले राजस्थान रॉयल्स के सीनियर तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने कहा है कि वह यूएई में इस टी-20 लीग के बहाल होने पर अपने अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहते हैं लेकिन बदले हुए गेंदबाजी एक्शन के साथ। आईपीएल के 84 मैचों के साथ रॉयल्स के सबसे अनुभवी गेंदबाज उनादकट ने ब्रेक के दौरान अपनी गेंदबाजी के तकनीकी पहलू पर ध्यान लगाया। रॉयल्स की विज्ञप्ति में उनादकट के हवाले से कहा गया कि मैंने अपनी गेंदबाजी के कुछ तकनीकी पहलुओं पर काम किया। मैं अपने गेंदबाजी एक्शन में कुछ बदलाव करना चाहता था, इसलिए इस पर काम कर रहा था और इसमें काफी समय लगता है इसलिए मैंने अपना समय इन बदलावों को करने और इनका आदी होने पर लगाया।

उन्होंने कहा कि मैं अपनी गेंदबाजी पर कुछ काम करना चाहता था और इस दौरान चाहता था कि लोगों का ध्यान मुझ पर नहीं हो। अगर आप अपने लिए और अपने परिवार के लिए समय निकालते हो और दुनिया आपके बारे में क्या कहती है, वह नहीं सुनते तो यह हमेशा अच्छा होता है।

## केनार लुईस के तूफानी अर्धशतक से जमैका ने बारबडोस को हराया

बासेटेरे (सेंट किट्स एवं नेविस)। केनार लुईस के तूफानी अर्धशतक से जमैका तालावाह ने मंगलवार को कैरेबियाई प्रीमियर लीग में बारबडोस रॉयल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे रॉयल्स ने आजम खान की 30 गेंद में 50 रन की आक्रामक पारी की बदौलत आठ विकेट पर 151 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

जमैका की टीम ने हालांकि लुईस की 53 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों से 89 रन की पारी और शेमर ब्रूक्स (26 गेंद में नाबाद 47) के साथ उनकी चौथे विकेट की 93 रन की साझेदारी की बदौलत 17.4 ओवर में चार विकेट पर 155 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। लुईस की यह पारी मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

## नौ खिलाड़ियों के बिना विश्व कप क्वालीफायर में उतरेगा ब्राजील

**एपी**। साओ पाउलो

**ब्राजील** गुरुवार को चिली के खिलाफ होने वाले मुकाबले सहित अपने अगले तीन फुटबॉल विश्व कप क्वालीफायर में इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में खेलने वाले नौ खिलाड़ियों के बिना उतरेगा। हालांकि गुरुवार को ही अर्जेन्टीना के इंग्लैंड में खेलने वाले चार खिलाड़ियों के वेनेजुएला के खिलाफ खेलने की उम्मीद है। प्रीमियर लीग क्लबों ने कहा है कि वे अपने खिलाड़ियों को दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा करने से रोकेंगे, जिन्हें कोविड-19 महामारी के कारण ब्रिटेन सरकार ने लाल सूची में रखा है।

कोई भी खिलाड़ी अगर इन देशों से ब्रिटेन वापस लौटता है तो उसे 10 दिन होटल में पृथकवास में बिताने होंगे और उसे ट्रेनिंग का मौका मिलने की संभावना भी बेहद कम है। फीफा ने दक्षिण अमेरिकी देशों को सितंबर और अक्टूबर दोनों में मुकाबले खेलने के लिए दो अतिरिक्त दिन दिए हैं जिससे कि प्रत्येक विंडो में तीन क्वालीफायर हो सकें।

ब्राजील की टीम छह मैचों में छह जीत के साथ शीर्ष पर है लेकिन सातवें स्थान पर चल रहे चिली के खिलाफ उसकी राह आसान नहीं होगी। इंग्लैंड में खेल रहे ब्राजील के नौ खिलाड़ी एलिसन, फाबिन्हो, रॉबर्टो फर्मिनो (लीवरपूल), एडरसन, गैब्रियल जीसस (मैनचेस्टर), थियागो सिल्वा (चेल्सी), फ्रेड (मैनचेस्टर यूनाईटेड), रिचार्लिसन (एवर्टन) और राफिना (लीड्स) क्वालीफायर के लिए नहीं आए हैं। चिली के ब्लैकबर्न के बेन ब्रेरेटन और वाटफोर्ड के फ्रांसिस्को सिएराल्टा भी क्वालीफायर में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## टी-20 विश्व कप नहीं खेलेंगे तमीम इकबाल

**भाषा**। ढाका

**बांग्लादेश** के सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल यह कहकर खुद आगामी टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं कि दूसरे खिलाड़ी टीम में जगह पाने के उनसे अधिक हकदार हैं। टी-20 क्रिकेट में शाकिब अल हसन के बाद बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तमीम न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखलाएं नहीं खेले थे। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला भी नहीं खेलेंगे।

तमीम ने कहा कि यह सही नहीं होगा कि वह उन खिलाड़ियों की जगह ले जो उनकी गैर मौजूदगी में खेल रहे थे जिनमें मोहम्मद नईम, लिटन दास और सौम्या सरकार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मैने बोर्ड अध्यक्ष और मुख्य चयनकर्ता को अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

## मनिका व साथियान ने राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने से छूट मांगी

**भाषा**। नई दिल्ली



**भारत** के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान और मनिका बत्रा ने सोनीपत में गुरूवार से शुरू हो रहे राष्ट्रीय शिविर से बाहर रहने की इजाजत मांगी है और नए नियमों के तहत ऐसा करने पर वे आगामी एशियाई चैम्पियनशिप के लिए चयन से अयोग्य हो जाएंगे। मनिका पुणे में ही अभ्यास जारी रखना चाहती है जबकि साथियान पोलैंड में लीग खेल रहे हैं। मनिका ने कहा कि मैने टीटीएफआई से अनुरोध किया है कि मुझे अपने अभ्यास कार्यक्रम पर अमल करने दे। मैं आगामी टूर्नामेंटों के लिए अच्छी तैयारी करना चाहती हूं। वहीं साथियान ने कहा कि मैं इस समय पोलैंड में बेहतरीन जोड़ीदारों के साथ अभ्यास कर रहा हूं। मुझे पोलिश लीग में अच्छे मैच खेलने का मौका मिलेगा। इसके बाद चेन्नई में कुछ दिन आराम करके डब्लयूटीटी के लिए दोहा जाऊंगा। इसलिए इस बार शिविर में भाग नहीं ले सकूंगा। एशियाई चैम्पियनशिप दोहा में 28 सितंबर से शुरू होगी जिससे पहले डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर खेली जानी है। टीटीएफआई सलाहकार एमपी सिंह ने कहा कि महासंघ की नीतियां खिलाड़ियों के लिए अलग नहीं है और राष्ट्रीय शिविर में भाग नहीं लेने वालों का चयन नहीं किया जाएगा।

# जोकोविच अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

## ●गत विजेता ओसाका तीसरे दौर में पहुंचीं

**एपी**। न्यूयॉर्क



**दुनिया** के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एक सेट गंवाया, लेकिन इसके बावजूद डेनमार्क के क्वालीफायर होल्गर विटस नोड्सकोव रुने को हराकर मंगलवार को यहां अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। शीर्ष वरीय जोकोविच ने चार सेट चले मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। जोकोविच 1969 के बाद कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने की दावेदारी पेश कर रहे हैं। वह इस साल हार्ड कोर्ट पर आस्ट्रेलिया ओपन, क्ले कोर्ट पर फ्रेंच ओपन और ग्रास कोर्ट पर विंबलडन का खिताब जीत चुके हैं। सर्बिया का यह खिलाड़ी अगर यहां खिताब जीत लेता है तो यह उनका रिकॉर्ड 21वां पुरुष एकल ग्रैंडस्लैम खिताब होगा। छह के बार पूर्व चैंपियन जोकोविच ने हालांकि रुने को हराने के बाद स्वीकार किया कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था। जोकोविच अगले दौर में नीदरलैंड के 25 साल के दुनिया के 121वें नंबर के खिलाड़ी टेलोन ग्रीक्सपूर से भिड़ेंगे, जिन्हें रोजर फेडरर के हटने के बाद टूर्नामेंट में जगह मिली। इससे पहले शीर्ष वरीय महिला खिलाड़ी ऐश बार्टी ने 2010 की उप विजेता वेरा ज्वोनारेवा को 6-1, 7-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पाब्लो कारेना बस्टा को हालांकि पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पेरिस में जन्में अमेरिका के दुनिया के 151वें नंबर के खिलाड़ी मैक्सिम क्रेसी ने 5-7, 4-6, 6-1, 6-4, 7-6 से हराया। अमेरिका के ही मैकी मैकडोनाल्ड ने 27वें वरीय डेविड गोफिन को सीधे सेटों में हराया। अन्य मुकाबालों में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सैम क्वेरी को 6-4, 7-5, 6-2 से शिकस्त दी, जबकि स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने अरांत्जा रुस को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं गत चैम्पियन नाओमी ओसाका ने तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया जब उनकी प्रतिद्वंद्वी ने मेडिकल कारणों से दूसरे दौर का मुकाबला छोड़ दिया। ओसाका को सर्बिया की ओल्गा डानिलोविच से खेलना था। अब इसकी जगह 12वीं वरीयता प्राप्त सिमोना हालेप और क्रिस्टीना कुसोवा के बीच मैच होगा।

ओसाका ने पहले मैच में मैरी बुजकोवा को 6-4, 6-1 से हराया था। वह 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में कोको गॉ से हारने के बाद ग्रैंडस्लैम में एक भी मैच नहीं हारी है।

# कोहली को पछाड़कर रोहित शर्मा बने भारत के शीर्ष बल्लेबाज

**भाषा**। दुबई

**सलामी** बल्लेबाज रोहित शर्मा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में अपने कप्तान विराट कोहली को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने तीसरे टेस्ट में 19 और 59 रन की पारी खेली जिससे वह एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। उनके कुल 773 रेटिंग अंक हैं जो कोहली से सात अधिक हैं। कोहली भारतीय बल्लेबाजों के बीच पिछली बार नवंबर 2017 में आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं थे। तब चेतेश्वर पुजारा दूसरे और वह पांचवें स्थान पर थे। पुजारा इंग्लैंड के खिलाफ हैडिंग्ले में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 91 रन बनाकर तीन स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋषभ पंत चार स्थान के नुकसान के बावजूद 12वें स्थान पर चल रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी गेंदबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस के बाद दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। रविंद्र जडेजा और अश्विन ने टेस्ट आलराउंडरों की सूची में भी अपना तीसरा और चौथा स्थान बरकरार रखा है। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर इस सूची में शीर्ष पर हैं।

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक
रायपुर वृत्त, रायपुर (छत्तीसगढ़)
Phone : (0771) 2523769, 2888509, Fax :- 2886152- E-mail-cfraipurtp@gmail.com

क्रमांक/1157 दिनांक 31/08/2021

"लघु वनोपज से संबंधित योजनाओं एवं हर्बल उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग की स्थापना बाबत् निविदा शर्तों में संशोधन सूचना"

विज्ञापन क्रमांक 29713/1, 2, 3 एवं 4 के द्वारा क्रमशः दैनिक अखबार हरिभूमि रायपुर, देशबंधु बिलासपुर, नवभारत मुम्बई एवं पायोनियर (हिन्दी) दिल्ली में रायपुर वृत्त के अंतर्गत अधीनस्थ जिला यूनियनों में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण एवं विपणन कार्य के प्रचार-प्रसार बाबत् होर्डिंग की स्थापना किये जाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की किये जाने की सूचना का प्रकाशन किया गया था, जिसकी निविदा शर्त की कंडिका क्रमांक 4. **सत्यंकार की राशि** के सरल क्रमांक 4.1 में ई.एम.डी. की राशि रुपये 50,000/- के स्थान पर निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

"प्रत्येक निविदाकार को रुपये 5,000.00 (रुपये पांच हजार) प्रति बिल बोर्ड की दर से ई.एम.डी. की राशि एफ.डी.आर./बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जिसकी समयावधि एक वर्ष से अधिक हो) प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर के नाम से देय हो स्वीकार्य होगा, जिसे निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।"

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत होगी। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.cgmfpfed.org से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में दिनांक 02.09.2021 से 29.09.2021 तक अपरान्ह 1:00 बजे तक प्राप्त की जा सकेगी।

शेष सूचना यथावत् रहेगी।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक
रायपुर वृत्त, रायपुर (छ.ग.)

संवाद-29750/4

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 सितंबर, 2021



# अफगानिस्तान से सेना की वापसी अमेरिका के लिए सबसे अच्छा फैसला

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने युद्ध के करीब 20 साल बाद अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी का जोरदार बचाव करते हुए इसे अमेरिका के लिए सबसे अच्छा और सही फैसला बताया। बाइडन ने मंगलवार को व्हाइट हाउस से देश को दिए संबोधन में कहा कि ऐसा युद्ध लड़ने की कोई वजह नहीं है जो अमेरिकी लोगों के अहम राष्ट्रीय हितों में न हो। उन्होंने कहा, पूरे दिल से मैं यह मानता हूं कि यह अमेरिका के लिए सही, विवेकपूर्ण और सबसे अच्छा फैसला है। बाइडन ने देश के नाम संबोधन तब दिया है जब 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमलों की 20वीं बरसी में महज 11 दिन बचे हैं। इन आतंकवादी हमलों के कारण ही अमेरिका ने अफगानिस्तान में प्रवेश किया था।

काबुल में हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अमेरिकी सैनिकों को लेकर आने वाले आखिरी सी-17 मालवाहक विमान ने मंगलवार को तड़के उड़ान भरी जिसके बाद अफगानिस्तान में अमेरिका का सैन्य अभियान खत्म हो गया। अमेरिका ने 9111 हमलों के बाद तालिबान को अफगानिस्तान से खदेड़ दिया था लेकिन अब तालिबान का देश पर राज है। बाइडन ने कहा कि अफगानिस्तान में असली विकल्प लड़ाई छोड़ने और उसे बढ़ाने के बीच था। उन्होंने कहा, मैं इस युद्ध को हमेशा के लिए बढ़ाना नहीं चाहता था। हमने एक दशक पहले अफगानिस्तान में जो लक्ष्य तय किया था हम उसमें कामयाब हुए। हम एक और दशक रहे। अब इस युद्ध को खत्म करने का वक्त आ गया था। अफगानिस्तान के बारे में यह फैसला महज उस देश को लेकर नहीं है। यह दूसरे देशों के निर्माण के लिए, प्रमुख सैन्य अभियानों के एक युग की समाप्ति है। उन्होंने अफगानिस्तान से।,20,000 से अधिक लोगों को निकाले जाने का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिकी सेना और हमारे राजनयिकों तथा खुफिया पेशेवरों के अद्भुत कौशल, बहादुरी और निस्वार्थ साहस के कारण यह अभियान अत्यधिक सफल हुआ। बाइडन की अमेरिकी सेना को अचानक वापस बुलाने को लेकर आलोचना की जाती रही है। उन्होंने कहा, हम एक राष्ट्र के तौर पर युद्ध में बहुत लंबे वक्त तक रहे। अगर आप



अफगानिस्तान को लेकर व्हाइट हाउस में संबोधित करते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

आज 20 वर्ष के हैं तो आप कभी नहीं जानते कि अमेरिका एक शांति प्रिय देश है। उन्होंने कहा कि वह चौथे राष्ट्रपति हैं जिनके सामने इस युद्ध को कब और कैसे खत्म किए जाने का मुद्दा आया। उन्होंने कहा, जब मैं राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहा था तो मैंने अमेरिकी लोगों से वादा किया था कि मैं इस युद्ध को खत्म कर दूंगा और आज मैंने वह वादा पूरा कर दिया। अफगानिस्तान में युद्ध के 20 वर्षों बाद मैंने अमेरिकी बेटों और बेटियों की एक और पीढ़ी को ऐसा युद्ध लड़ने के लिए भेजने से इनकार कर दिया जिसे पहले ही खत्म हो जाना चाहिए था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अगर आप एक लाख करोड़ डॉलर की संख्या लेते हैं जैसा कि कई लोग कह रहे हैं तो इसका मतलब है कि अमेरिका ने दो दशकों तक एक एक दिन में 15 करोड़ डॉलर खर्च किए। मैंने ऐसा युद्ध जारी रखने से इनकार कर दिया जो हमारे लोगों के अहम राष्ट्रीय हितों में नहीं था। उन्होंने अमेरिका को बिना किसी जमीनी युद्ध में शामिल किए, आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूह से पैदा हो रहे खतरे के खिलाफ, अमेरिका की रक्षा करने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का खतरा पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा, हम सोमालिया में अल-शबाब, सीरिया और अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा से जुड़े संगठनों से खतरों का सामना करते हैं और आईएसआईएस सीरिया तथा इराक में अपना कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है और अफ्रीका तथा एशिया में संबद्ध संगठनों को स्थापित कर रहा है। बाइडन ने कहा, मेरी राय में एक राष्ट्रपति का मूलभूत कर्तव्य न केवल 2001 के खतरों के खिलाफ बल्कि 2021 और कल के खतरों के खिलाफ भी अमेरिका की रक्षा और सुरक्षा करना है। अफगानिस्तान में मेरे फैसलों के पीछे यही मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, अफगानिस्तान तथा अन्य देशों में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। बाइडन ने कहा कि विश्व बदल रहा है और अमेरिका नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी चीन के साथ गंभीर प्रतिस्पर्धा है। हम रूस के साथ कई मोर्चों पर चुनौतियों से निपट रहे हैं। हमने साइबर हमलों और परमाणु प्रसार की चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा, हमें 21वीं सदी के लिए प्रतियोगिता में इन नई चुनौतियों का सामना करने के वास्ते अमेरिका की प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाना होगा। पिछले दो दशकों में हमारे देश का मार्गदर्शन करने वाली विदेश नीति के पन्ने पलटने पर हमें अपनी गलतियों का पता चलता है। बाइडन ने कहा कि अफगानिस्तान तथा अन्य देशों में अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।

## अफगानिस्तान में अमेरिका ने शून्य हासिल किया: पुतिन

**मास्को, एपी**

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने अफगानिस्तान में अमेरिका की भागीदारी की आलोचना करते हुए दावा किया कि वहां उसने अपनी 20 साल लंबी सैन्य उपस्थिति से "शून्य" हासिल किया है। पुतिन ने बुधवार को कहा कि 20 वर्षों तक, अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में "... वहां रहने वाले लोगों को सभ्य बनाने की कोशिश कर रही थी। इसका परिणाम व्यापक त्रासदी, व्यापक नुकसान के रूप में सामने आया .. यह नुकसान दोनों को हुआ, ए सब करने वाले अमेरिका को और इससे भी अधिक अफगानिस्तान के निवासियों को। परिणाम, अगर नकारात्मक नहीं तो शून्य है। पुतिन ने कहा कि बाहर से कुछ थोपना असंभव है। अगर कोई किसी के लिए कुछ करता है, तो उन्हें उन लोगों के इतिहास, संस्कृति, जीवन दर्शन के बारे में जानकारी लेनी चाहिए... उनकी परंपराओं का सम्मान करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### इजराइल ने गाजा पट्टी की नाकेबंदी में ढील देने के कदमों को मंजूरी दी

**यरूशलम।** इजराइल ने आयात के वास्ते फलस्तीन क्षेत्र के लिए मुख्य वाणिज्यिक मार्ग को खोलने समेत गाजा पट्टी की अपनी नाकेबंदी मे ढील देते हुए बुधवार को विभिन्न कदमों को मंजूरी दी। इस घोषणा से एक दिन पहले इजराइली अधिकारियो ने मई मे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी में क्षतिग्रस्त हुए भवनों के पुनर्निर्माण के वास्ते जरूरी सामग्री के आयात की अनुमति दी थी। हाल के हफ्तों में दोनो पक्षों मे तनाव बहुत बढ़ गया क्योंकि हमास सदस्यों ने इजराइल मे दहनशील गुब्बारे छोड़े जिससे सीमा के उस पार कई स्थानों पर जंगलों मे आग लग गई। उन्होंने इस्राइल के साथ लगी सीमा की दीवार के पास कभी कभी हिंसक प्रदर्शन भी किया। फलस्तीन के असैन्य विषयो से जुड़े इजराइली सुरक्षा निकाय कोगैट ने एक बयान में कहा कि सरकार ने गाजा पट्टी के मातस्यिकी क्षेत्र मे विस्तार, करेम शालोम मार्ग को खोलने, क्षेत्र मे जलापूर्ति बढ़ाने, इजराइल आने वाले गाजा व्यापारियो की संख्या बढ़ाने को मंजूरी दी है। उसने कहा कि ए कदम लंबे समय तक इस क्षेत्र मे सुरक्षा स्थायित्व को निरंतर बनाए रखने की शर्त पर उठाए गए हैं। इजराइल और मिस्र ने 2007 मे गाजापट्टी की नाकेबंदी कर दी थी। उससे पहले हमास ने फलस्तीनी चुनाव जीतकर क्षेत्र का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

### अमेरिका ने यूक्रेन को छह करोड़ डॉलर की मदद का वादा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के अपने समकक्ष व्लोदिमीर जेलेंस्की के साथ बुधवार को व्हाइट हाउस मे होने वाली बैठक से पहले यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में छह करोड़ डॉलर देने का वादा किया है। बाइडन प्रशासन ने कांग्रेस को एक अधिसूचना में बताया कि यूक्रेन के लिए सहायता पैकेज उसकी सीमा पर रूसी सैन्य गतिविधि मे बड़ी वृद्धि और मोर्टार हमलो, संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन और उकसावे की अन्य कार्वाइयो के कारण आवश्यक है। अधिसूचना में कहा गया, यूक्रेन की सीमा पर रूस के निर्माण ने यूक्रेनी सेना की रूस की घुसपैठ रोकने की क्षमता में कमी को उजागर किया है। रूसी खतरे से निपटने के लिए यूक्रेन की इन कमियो को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। जेलेंस्की व्हाइट हाउस में बाइडन से मुलाकात करेंगे। इस दौरान, प्रशासन क्रीमिया पर रूस के कब्जे और देश के पूर्वी क्षेत्र मे सशस्त्र अलगाववादियो के समर्थन की स्थिति में यूक्रेन की संप्रभुता के लिए एकजुटता व्यक्त कर सकता है। वही, जेलेंस्की यूक्रेन से गुजरने वाली जर्मनी की नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन के निर्माण में अवरोध उत्पन्न ना करने के वाशिंगटन के निर्णय के प्रति समर्थन भी व्यक्त कर सकते हैं।

### अमेरिकी नौसेना का हेलिकॉप्टर दक्षिण कैलिफोर्निया के निकट सागर में दुर्घटनाग्रस्त

**सेन डिएगो (अमेरिका)।** अमेरिकी नौसेना का एक हेलिकॉप्टर नियमित उड़ान के दौरान दक्षिण कैलिफोर्निया के पास सागर मे मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसमे सवार लोगो में से पांच लापता है। हेलिकॉप्टर ने एक विमान वाहक पोत से उड़ान भरी थी। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।नौसेना के यूएस पैसिफिक फ्लीट की ओर से जारी शुरुआती वक्तव्य मे बताया गया कि हेलिकॉप्टर एमएच-60एस सेन डिएगो से कुछ दूरी पर दोपहर करीब साढ़े चार बजे हादसे का शिकार हुआ और उसके बाद तलाश एवं बचाव अभियान चलाया गया। अधिकारियो ने बाद मे बताया कि हेलिकॉप्टर के चालक दल (क्रू) के एक सदस्य को बचा लिया गया तथा पांच अन्य की तलाश की जा रही है। नौसेना के मुताबिक, हेलिकॉप्टर ने विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन से उड़ान भरी थी और नियमित उड़ान के दौरान ही यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तटरक्षक बल और नौसेना की ओर से तलाश एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। एमएच-60एस का इस्तेमाल आमतौर पर युद्ध अभियानों में सहायता देने, मानवीय आपदा राहत और तलाश एवं बचाव अभियान में किया जाता है।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के 2,025 नए मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया मे कोरोना वायरस के 2,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। एक दिन पहले ही अधिकारियो ने उम्मीद जताई थी कि संक्रमण की दर कम हो सकती है।दक्षिण कोरिया मे लगातार 57 दिन से।,000 से अधिक नए मामले रोज सामने आ रहे हैं। बुधवार को यहां 2,025 नए मामले सामने आए। यहां छुट्टियों का दौर शुरू होने वाला है और ऐसी आशंकाएं है कि संक्रमण संबंधी हालात बदतर हो सकते है। सियोल मे सामाजिक दूरी संबंधी सख्त नियम लागू है लेकिन टीकाकरण की धीमी दर के कारण अधिकारी परेशानी का सामना कर रहे है। लोगों के सतर्कता संबंधी व्यवहार में भी कमी आई है।

## ब्रिटेन की लोगों को निकालने के लिए बातचीत जारी

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन सरकार** अफगानिस्तान से अपने बचे हुए नागरिकों और पात्र अफगानों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तालिबान के साथ बातचीत कर रही है और उसने अफगान शरणार्थियों के लिए ऑपरेशन वार्म वेलकम की शुरुआत की है। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बताया जाता है कि ब्रिटिश अधिकारियों और तालिबान के शीर्ष सदस्यों के बीच वार्ता कतर के दोहा में होने जा रही है। किसी तीसरे देश के जरिए लोगों की वापसी में मदद के लिए ब्रिटेन संकट के समय ऐसे मामलों से निपटने में सक्षम 15 विशेषज्ञों को भी पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में ब्रिटिश राजनयिकों को उनके कार्य में मदद के लिए भेज रहा है। इस अभियान का केंद्र ब्रिटिश नागरिकों, दुभाषियों और ब्रिटेन द्वारा नौकरी पर रखे गए अन्य अफगानों की मदद करना है। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने बताया, अफगानिस्तान से वापसी के लिए प्रधानमंत्री के विशेष प्रतिनिधि साइमन गैस ने दोहा की यात्रा की है और ब्रिटिश नागरिकों तथा पिछले 20 वर्षों में हमारे साथ काम करने वाले अफगानों की अफगानिस्तान से सुरक्षित वापसी के महत्व को रेखांकित करने के लिए वरिष्ठ तालिबान प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

यह कदम नाटो सैनिकों के क्षेत्र से बाहर निकलने की 31 अगस्त की समय सीमा के पूरा होने के बाद उठाया गया है, हालांकि तालिबान आगे भी नागरिकों की सुरक्षित वापसी की अनुमति देने के लिए सहमत हो गया है। इस बीच डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ब्रिटेन आने वाले अफगानों को अपने जीवन को फिर से पटरी पर लाने, काम खोजने, शिक्षा पाने और अपने स्थानीय समुदायों को एकजुट करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण समर्थन देने के इरादे से ऑपरेशन वार्म वेलकम के रूप में सरकार के स्तर पर एक महत्वपूर्ण प्रयास चल रहा है।

योजना के तहत ब्रिटेन आने वाले ऐसे लोगों को पुनर्वास में मदद के लिए उन्हें देश में तत्काल अनिश्चितकाल तक रहने की छूट (आईएलआर) मिलेगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, अफगानिस्तान में सशस्त्र बलों के साथ काम करने वालों के हम बहुत अधिक कर्जदार हैं और मैं उन्हें और उनके परिवारों को ब्रिटेन में पुनर्वास के लिए आवश्यक समर्थन देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।

ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने बुधवार को घोषणा की कि नए आईएलआर उन अफगानों पर लागू होंगे जिन्होंने अफगानिस्तान में ब्रिटिश सेना और ब्रिटेन सरकार के साथ मिलकर काम किया और ऐसा करने में अपनी जान जोखिम में डाली, जिसका अर्थ है कि वे अब बिना किसी समय प्रतिबंध के ब्रिटेन में रह सकते हैं।ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 300 अफगानों को छात्रवृत्ति और धन उपलब्ध कराया जाएगा और वयस्क भी अंग्रेजी भाषा के पाठ्यक्रमों को मुफ्त उपयोग कर सकेंगे। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने कहा, इस सहायता पैकेज से अफगान लोगों को ब्रिटेन में एक नया जीवन शुरू करने में मदद मिलेगी और मुझे गर्व है कि हम उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए 30 लाख पाउंड प्रदान कर रहे हैं।

## पोप ने पश्चिमी देशों की निंदा करते हुए अनजाने में पुतिन का हवाला दिया

**एपी।** मैडिड,

**पोप फ्रांसिस** ने लोकतंत्र लागू करने की बाहरी कोशिश के तौर पर अफगानिस्तान में पश्चिमी देशों की हाल की संलिप्तता की निंदा की। हालांकि उन्होंने यह टिप्पणी करते वक्त गलती से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हवाला दिया जबकि वह जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल का नाम लेना चाह रहे थे।अफगानिस्तान में 20 साल के युद्ध के बाद अमेरिकी सेना की वापसी के बाद देश में नई राजनीतिक स्थिति के बारे में बुधवार को रेडियो पर प्रसारित एक साक्षात्कार में पोप ने कहा कि वह जर्मनी की चांसलर के एक उद्धरण के साथ इसका जवाब देंगे जिन्हें उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक शख्सियतों में से एक बताया। पोप ने कहा, अपने मूल्यों को दूसरों पर थोपने की गैर जिम्मेदाराना नीति और इतिहास, जातीयता तथा धार्मिक मुद्दों पर विचार किए बिना और दूसरे लोगों की परंपराओं को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए अन्य देशों में लोकतंत्र के निर्माण की कोशिशें रोकना आवश्यक है। ए शब्द रूस के राष्ट्रपति ने पिछले महीने मर्केल की उपस्थिति में कहे थे जब वह रूस की यात्रा पर आई थीं। पुतिन ने 20 अगस्त को एक बैठक में अफगानिस्तान को लेकर पश्चिमी देशों की तीखी आलोचना करते हुए कहा था कि तालिबान के तेजी से देश पर कब्जा जमाना अपनी दृष्टि से लोकतंत्र को लागू करने की पश्चिमी देशों की कोशिशों की निरर्थकता को दिखाता है। इस बीच, मर्केल ने रूस से अफगान नागरिकों के लिए दबाव बनाने के वास्ते तालिबान के साथ अपने संपर्कों का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया।

## वैश्विक हिंदुत्व का खंडन सम्मेलन हिंदू विरोधी : अमेरिकी सीनेटर

**भाषा।** वाशिंगटन

● इस सम्मेलन को लेकर हिंदू अमेरिकी आक्रोशित, विरोध में 3,50,000 से अधिक ईमेल भेजे गए

**अमेरिका के** एक प्रतिष्ठित सीनेटर ने वैश्विक हिंदुत्व का खंडन सम्मेलन आयोजित किए जाने की कड़ी निंदा की और इसे हिंदू विरोधी बताया है। इस सम्मेलन को लेकर हिंदू अमेरिकियों के बीच आक्रोश पैदा हो गया है और कई विश्वविद्यालयों ने आयोजकों को कार्यक्रम स्थल से उनके प्रतीक चिह्न हटाने को कहा है। ओहायो राज्य के सीनेटर नीरज अंतानी ने एक बयान में कहा, यह सम्मेलन अमेरिका में हिंदुओं पर एक घृणित हमले का प्रतिनिधित्व करता है और हम सभी को इसकी निंदा करनी चाहिए क्योंकि यह हिंदुओं के खिलाफ नस्लवाद और धर्मांधता से अधिक और कुछ नहीं है। मैं हिंदू विरोधी भावना के खिलाफ हमेशा दृढ़ता से खड़ा रहूंगा। मैं वैश्विक हिंदुत्व का खंडन सम्मेलन की कड़ी निंदा करता हूं। अंतानी अमेरिका के इतिहास में निर्वाचित सबसे युवा हिंदू नेता हैं और वह ओहायो में भारतीय मूल के पहले अमेरिकी सीनेटर हैं। जिस सम्मेलन को लेकर यह विवाद हो रहा है उसका आयोजन 10-12 सितंबर को किया जाना है। इसके आयोजकों ने कहा कि वे अपने नाम जाहिर नहीं करना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने कई प्रख्यात वक्ताओं और विद्वानों के नाम सार्वजनिक किए हैं जो इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कोलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने सम्मेलन के विरोध में विश्वविद्यालयों, विद्वानों और विभिन्न पक्षकारों को 3,50,000 से अधिक ईमेल लिखे हैं। रटगर्स यूनिवर्सिटी की अध्यक्ष जोनाथन होलोवे ने एक ईमेल में इस संगठन को कहा कि उसे यह जानकारी नहीं थी कि इस सम्मेलन के आयोजक उनके विश्वविद्यालय के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक ईमेल में रटगर्स यूनिवर्सिटी ने कहा है कि वह इस सम्मेलन की प्रायोजक नहीं है। डलहौजी विश्वविद्यालय ने आयोजकों से उनकी प्रचार सामग्री से उसका प्रतीक चिह्न हटाने का अनुरोध किया है। इस बीच, विद्वानों और अकादमिक समुदाय के सदस्यों के एक समूह ने एक संयुक्त बयान में इस कार्यक्रम का समर्थन किया है।



वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से बस पकड़ने के लिए बाहर निकलते हुए अफगानिस्तान से आए लोग

## भारत की अध्यक्षता में संरा सुरक्षा परिषद में कई महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों के निकले ठोस नतीजे

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र की** शक्तिशाली सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के एक माह के लिए अध्यक्ष रहे भारत का कार्यकाल समाप्त हो गया है लेकिन इस दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर ठोस नतीजे सामने आए हैं। इनमें अफगानिस्तान में हालात पर एक मजबूत प्रस्ताव भी शामिल हैं जिसमें भारत के विचार एवं चिंताएं प्रतिबिंबित हुए। भारत ने यह मांग भी की कि अफगान की धरती का इस्तेमाल किसी भी देश को धमकाने या आतंकवादियों की पनाहगाह के रूप में नहीं होना चाहिए।

भारत का गैर स्थाई सदस्य के रूप में परिषद में अभी दो वर्ष का कार्यकाल चल रहा है और इसी क्रम में उसे अगस्त माह के लिए 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद के अध्यक्षता मिली थी। अध्यक्ष के रूप में भारत के कार्यकाल के समापन से ठीक पहले परिषद में, काबुल में तालिबान के कब्जे के संबंध में और अफगानिस्तान के हालात पर पहला प्रस्ताव पारित किया गया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने मंगलवार को ट्वीट किया, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमारी अध्यक्षता के समापन पर मैं परिषद के सभी सहयोगियों का इतना प्रबल समर्थन देने के लिए आभार जताता हूं जिससे हमारी अध्यक्षता सफल रही और कई ठोस नतीजे निकलकर आए। उन्होंने आगे कहा, आगामी अध्यक्ष आयरलैंड और राजदूत गेराल्डाइन नेसन की सफलता की कामना करते हैं। संरा में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने भारत को सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी और कहा, आपके नेतृत्व एवं लचीले रूख ने अनेक चुनौतीपूर्ण मुद्दों खासकर अफगानिस्तान में हालात से पार पाने में मदद की। संरा में आयरलैंड के मिशन की ओर से कहा गया, अगस्त के दौरान सफल अध्यक्षता करने पर भारत का शुक्रिया। उसकी अध्यक्षता की मुख्य बातें: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में समुद्री सुरक्षा पर बैठक, शांतिरक्षा एवं प्रौद्योगिकी तथा आतंकवाद निरोध पर ध्यान। अब हमारी बारी है। यूएनएससी की जिस बैठक में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव पारित हुआ उसकी अध्यक्षता विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने की थी। सोमवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए, श्रृंगला ने रेखांकित किया कि भारत की अध्यक्षता में अफगानिस्तान को लेकर पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद द्वारा नामित व्यक्तियों और संस्थाओं को संदर्भित किया गया है।लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ-साथ हक्कानी नेटवर्क यूएनएससी प्रस्ताव 1267 (1999) के तहत प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाएं हैं।श्रृंगला ने कहा था, आज का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ... भारत की अध्यक्षता में पारित एक बहुत ही महत्वपूर्ण और समय पर की गई घोषणा है। मैं इस तथ्य को उजागर करना चाहता हूं कि प्रस्ताव यह स्पष्ट करता है कि अफगान क्षेत्र का उपयोग किसी अन्य देश को धमकी देने, उस पर हमला करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। यह विशेष रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के महत्व को भी रेखांकित करता है। यह उन व्यक्तियों और संस्थाओं को भी संदर्भित करता है जिन्हें सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1267 के तहत प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा, लश्कर और जैश, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाएं है, जिनसे निपटने की और कड़ी से कड़ी निंदा करने की आवश्यकता है। अगस्त महीने में भारत की अध्यक्षता में, सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान को लेकर 3, 16 और 27 अगस्त को तीन प्रेस वक्तव्य जारी किए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शांतिरक्षा एवं प्रौद्योगिकी के विषय में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की अध्यक्षता की।संरा में ब्राजील मिशन, यूएई मिशन, संरा में कतर के स्थाई प्रतिनिधि, स्विट्जरलैंड मिशन, नॉर्वे मिशन ने भारत एवं तिरुमूर्ति को सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी।

## शिनजियांग नरसंहार सम्मेलन का मकसद चीन पर दबाव बढ़ाना

**एपी।** लंदन

**पश्चिमोत्तर शिनजियांग** क्षेत्र में उइगर जातीय समूह के खिलाफ चीन की सरकार के कथित नरसंहार पर चर्चा के लिए पहली बार बड़े पैमाने पर हो रहे सम्मेलन में बुधवार को राजनीतिक और मानवाधिकार समूहों के साथ प्रमुख विद्वान और वकील शामिल हो रहे हैं।

न्यूकैसल विश्वविद्यालय में हो रहे तीन दिवसीय सम्मेलन में वरिष्ठ ब्रिटिश न्यायाधीश और सांसदों समेत दर्जनों वक्ता जुड़ रहे हैं। यह पहला मौका है जब शिनजियांग और नरसंहार पर इतने विशेषज्ञ इकट्ठा हो रहे हैं। इस नवीनतम कदम का उद्देश्य उइगर और अन्य मुस्लिम और तुर्की मूल के अल्पसंख्यकों के अधिकारों के कथित हनन को लेकर चीन को जवाबदेह ठहराना है। वक्ता जबरन श्रम, जबरन जन्म नियंत्रण और धार्मिक बदलावों समेत उइगरों को निशाना बनाने वाले कथित अत्याचारों के साक्ष्यों को शामिल करेंगे तथा इस कथित ज्यादती को रोकने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय कार्वाई के लिए मजबूर करने वाले तरीकों पर चर्चा करेंगे। उइगर अध्ययन में विशेषज्ञता रखने वाली आयोजक जो स्मित फिनले ने कहा, हम नहीं चाहते कि यह सिर्फ विद्वानों के मामले तक सिमट कर रह जाए- हम इन सभी लोगों को इकट्ठा कर रहे हैं जिससे, चीन पर दबाव बढ़ाने के लिए, उइगर लोगों के उत्पीड़न को खत्म करने के तरीकों को सोचने के लिए, उनकी विशेषज्ञता और प्रभाव को एक साथ लाया जा सके। उन्होंने कहा, यह एक बड़ी मानवीय आपदा है जो तेजी से बढ़ रही है। यह नरसंहार है या सांस्कृतिक नरसंहार अथवा मानवता के खिलाफ अपराध और हम उस पर कैसे मुकदमा चला सकते हैं। हम वास्तव में इस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इसे रोकने के लिए हम क्या कर सकते हैं। फिनले ने कहा कि शिक्षाविद एड्रियन ज़ेनज़, जिनके उइगर महिलाओं के बीच जबरन नसबंदी पर शोध ने इस मुद्दे पर व्यापक ध्यान आकर्षित किया, वो आधिकारिक दस्तावेज पेश करेंगे जो दावा करते हैं कि बीजिंग उइगर आबादी को जबरन कम करना चाहता है।चीनी अधिकारी नरसंहार और अधिकारों के उल्लंघन के आरोपों को निराधार बताकर खारिज करते रहे हैं।

### विशेष राजदूत जॉन केरी चीन के अधिकारियों के साथ जलवायु परिवर्तन पर करेंगे बातचीत

**एपी।** बीजिंग

**चीन और** अमेरिका के अधिकारी इस सप्ताह दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा प्रदूषण को कम करने को लेकर वार्ता करने की योजना बना रहे हैं। दोनों सरकारों के बीच संभावित सहयोग का केवल यह एक मुद्दा है, अन्य मुद्दों पर उनके संबंध तनावपूर्ण हैं।जलवायु संबंधी मामले पर अमेरिका के विशेष राजदूत जॉन केरी चीन के विदेश मंत्रालय के अपने समकक्षों के साथ बुधवार को वार्ताएं शुरू करेंगे। व्यापार, प्रौद्योगिकी और मानवाधिकारों पर विवादों के कारण वाशिंगटन और बीजिंग के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं, लेकिन दोनों पक्षों ने संभावित सहयोग के लिए एक क्षेत्र के रूप में जलवायु संकट की पहचान की है। दुनिया का सबसे बड़ा कोयला उपयोगकर्ता, चीन अपनी लगभग 60 प्रतिशत बिजली कोयले से प्राप्त करता है और दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा स्रोत है। उसकी योजना कोयले से चलने वाले अधिक बिजली संयंत्र बनाने की है, लेकिन साथ ही जीवाश्म ईंधन के उपयोग को व्यापक रूप से कम करने की योजना पर भी वह कायम है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2030 तक अमेरिकी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 52 प्रतिशत तक की कटौती करने के लक्ष्य की घोषणा की है, जो 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा निर्धारित लक्ष्य से दोगुना। 2030 का यह लक्ष्य अमेरिका को जलवायु महत्वाकांक्षा के मामले में शीर्ष देशों में शामिल कर देता है।

# ऊर्जावान बनाएं खुद को

**वर्तमान महामारी ने हमें जागरूक किया है कि हम क्या खाते हैं। आज, यह स्वस्थ खाद्य पदार्थ ही हैं, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाते हैं। शालिनी सक्सेना राजधानी में ताज मानसिंह के चैंबर के बारे में जानकारी दे रही हैं जिनके पास महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर व्यंजनों की पूरी श्रृंखला है**

कोविड-19 ने हममें भय, चिंता और तनाव पैदा कर दिया है। हम क्या खा रहे हैं और कहां खा रहे हैं, इस बात का भी हम बहुत ध्यान रखते हैं। जो खाद्य पदार्थ और विटामिन पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, वे हमारी खाने की सूची में सर्वोच्च होते हैं। इसलिए, हम में से कई लोगों के लिए रेस्तरां में खाना बिलकुल बंद है। हम गलत तरह का खाद्य नहीं खाना चाहते, चाहे वे कितने ही स्वादिष्ट और मुंह में पानी लाने वाले लगें। लेकिन क्या होगा, अगर कोई ऐसा रेस्तरां है, जो आपको बस आपका मनचाहा दे रहा है – यानि, एक ऐसा भोजन जो विटामिन और खनिजों से भरा हो। क्या होगा अगर रेस्तरां आपको ऐसी सब्जियां दे रहा है जो प्रतिरक्षा को बढ़ावा देती हैं? क्या होगा यदि वे आपको ऊर्जावान बनाते हैं और वायरस से लड़ने में आपकी सहायता करते हैं? राजधानी में ताज मानसिंह के अलबेरो-द चैंबर्स में यह सब और अन्य बहुत कुछ संभव है।



चैंबर्स, स्वयं में केवल अपने सदस्यों के लिए एक विशेष स्थान है, लेकिन रेस्तरां सभी संरक्षकों के लिए खुला है और जो भोजन यह परोसता है वह निश्चित रूप से आपको तरोताजा करेगा, यह अमृत और मुंह में स्वर्ग की एक खुराक है। जिस किसी ने कहा है कि स्वास्थ्य और स्वाद साथ-साथ नहीं चलते हैं, उन्हें गलत साबित होने के लिए इस जगह की यात्रा करने की जरूरत है।

इस मेनू के साथ थोड़ा शामक औषधि है। यह सब आपकी प्रतिरक्षा को बढ़ाने के बारे में है इसलिए, थाली में परोसे जाने वाले निश्चित मेनू के सभी व्यंजन शाकाहारी होते हैं। बेशक, इसका मतलब यह नहीं है कि रेस्तरां में मांसाहारी भोजन नहीं परोसा जाता है। यह सिर्फ इसलिए है कि यह निर्धारित मेनू का हिस्सा नहीं है। यदि आप मांसाहारी हैं, तो आप एक अलग डिश के रूप में ऑर्डर कर सकते हैं। लेकिन कार्यकारी सॉस शेफ बी राजेश कुमार सिंह प्रस्तावित करते हैं कि आप सभी व्यंजनों का प्रस्तावित किए गए मेनू के अनुसार आनंद लें।

शेफ राजेश जी बताते हैं कि इस मेनू को पेश करने का विचार हमेशा संभावित था लेकिन कोविड-19 ने इसे थोड़ा जल्दी ही आगे बढ़ा दिया। वह बताते हैं कि लोग जो खाते हैं उसे लेकर सुस्पष्ट हो गए हैं। यह सब स्वस्थ भोजन खाने को लेकर है। लेकिन वे यह भी सोचते हैं कि स्वस्थ और स्वादिष्ट अच्छी तरह से मेल नहीं खाते। हम यहां इसे गलत साबित करने के लिए हैं।

और वह गलत नहीं है। इसकी शुरुआत सूरजमुखी के बीज के चूरे से बने कद्दू कैपुचीनो से होता है। कद्दू के बारे में कहा जाता है कि इसमें विटामिन ए होता है, यह वजन घटाने को बढ़ावा देता है और यह पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इसे कोई सूप भी कह सकता है। ऐसे कई लोग हैं जो कद्दू के प्रशंसक नहीं हैं लेकिन यह कैपुचीनो उनका विचार हमेशा के लिए बदल देगा। यह झागदार पेय आपकी भूख बढ़ा देगा।



काला चना और पुदीना शिखमपुरी, ब्रोकली तथा सिंगारा की गिलावत

दो विकल्प हैं, या तो कोई तय मेनू के अनुसार आर्डर दे सकता है या कोई अल कार्टे ऑर्डर भी कर सकता है। निर्धारित मेनू वाली एक थाली एक बेहतर विचार है क्योंकि इसमें व्यक्ति सभी चीजों का स्वाद ले सकता है।

ऐपिटाइजर की शुरुआत काला चना और पुदीना शिखामपुरी से होती है, काला चना प्रोटीन का एक समृद्ध स्रोत है और रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है, वजन घटाने को प्रेरित करता है और पीलिया को ठीक करता है। तय मेन्यू को देखकर हर डिश आपको बताएगी कि इसके क्या फायदे हैं। इस तरह जब आप स्वादिष्टता की गहराई में उतरते हैं, तो व्यक्ति को अपराधबोध महसूस नहीं होगा।

ब्रोकली और सिंगारा की गिलावत शायद पूरे मेनू का सबसे अच्छा हिस्सा है। आपके मुंह में पिघलने वाले ये कबाब एक अनिवार्य आहार बनते हैं। हालांकि वे बहुत स्वादिष्ट लगते हैं क्योंकि मूल गलौटी कबाब हैं, वे उन्हें अपने अतिरिक्त आर्थिक कमाई के लिए सुनिश्चित करते हैं। राजमा और बादाम की सीख और मोरेल छोलिया न केवल स्वाद में बल्कि अपने शक्तिशाली पोषक तत्वों और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के कारण भी उतने ही अच्छे हैं।

चांदी के रंग की बड़ी थाली में नादरू अंजीर कोफ्ता, अरहर पोई दाल, चना और ब्राउन राइस पुलाव, आंवला और शहद की चटनी, ड्राई फ्रूट चाट, मंडुआ रोटी और बाजरा की मिस्सी जैसे आहार आते हैं। मदद बहुत बड़ी है और समस्त ऐपेटाइजर खाने के बाद, इस सारे भोजन को पूरा खा पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन आप जितना भी ज्यादा खा सकते हैं, इसका प्रत्येक कौर अत्यंत सार्थक है। यह निश्चित रूप से शाकाहारियों के लिए एक दिव्य भोजन का अहसास दिलाता है। मांसाहारी लोगों के लिए यह चौंकाने वाली बात है कि शाकाहारी भोजन इतना स्वादिष्ट हो सकता है। स्वास्थ्य भी, स्वाद भी की कहावत यहाँ उपयुक्त रूप से लागू होती है।



नारंगी क्विनोआ खीर

> मीठे नोट पर चीजों को समाप्त करने के लिए, नारंगी क्विनोआ खीर है। अगर आपको नहीं पता था कि यह क्विनोआ क्या है, तो इसका स्वाद ऐसा होगा जैसे आप चावल की खीर खा रहे हों। ऑरेंज जेस्ट ताजगी का...

बात को सुखद वक्तव्य पर ले जाकर समाप्त करूं, यहां पर नारंगी क्विनोआ खीर है। यदि आप नहीं जानते कि यह क्विनोआ क्या है, तो इसका स्वाद ऐसा होगा जैसे आप चावल की खीर खा रहे हों। ऑरेंज जेस्ट ताजगी का एक धमाका करता है।

उत्तम मिठास के साथ, यह सबसे सर्वोत्तम सेहतमंद मिठाई है जिसे आपने खाया होगा। शेफ बताते हैं कि क्विनोआ अमीनो एसिड और फाइबर का एक बड़ा स्रोत है। यह उन लोगों के लिए उत्तम मिठाई है जो ग्लूटेन नही पचा पाते हैं। खजूर के लड्डू हड्डियों को मजबूत करते हैं।

## कविता

### अब चले आइए

हृदय स्वर तुम्ही को सिमरते सदा
तान वेणु की छोड़ अब चले आइये... ।।

मधुवन में रास अब फिर से रचे
पग नूपुर धर कर चले आइये...।।
मेरा दिल आपका घर हुआ सांवरे
मुन्तज़िर ये नज़र है चले आईये....।।

मैंने पलकों से बुहारी है तेरे लिए,
साफ सुथरी डगर है चले आईये....।।
आपके बिन जियें और मुमकिन नहीं,
ज़िन्दगी आज भर है चले आईये....।।

साथ ताउम्र चलना था जिस पर हमें,
ये वही रहगुज़र है चले आईये....।।
आज मिलिये अभी कल गया सो गया,
कल की किसको ख़बर है चले आईये....।।

..... डा. राज सिंह

## टेली कथा

### सच हुआ मेरे सपने का छोटा सा हिस्सा

हम पांच, पवित्र रिश्ता, जोधा अकबर, कुमकुम भाग्य, कुंडली भाग्य, ज़ी टीवी और बालाजी टेलीफिल्म्स जैसे कई बेहद सफल सहयोगों के बाद हाल ही में दर्शकों को जीवन, प्रेम, कर्म और भाग्य के बारे में एक रोमांचक कहानी के साथ प्रस्तुत किया। मुंबई की पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट, भाग्य लक्ष्मी सीमित साधनों की एक निस्वार्थ लड़की लक्ष्मी की यात्रा का अनुसरण करती है, जो अपनी विनम्र पृष्ठभूमि और अपने ऊपर फेंके गए घुमावदार जीवन के बावजूद हमेशा दूसरों की जरूरतों को अपने सामने रखती है। शो ने हाल ही में एक सफल नोट पर शुरुआत की और अब दर्शकों को अपना पहला खुशी का पल प्रदान करने के लिए तैयार है जो कोई और नहीं बल्कि रोहित और ऐश्वर्या की शादी है। दोनों ने अपनी शानदार केमिस्ट्री के लिए दर्शकों से पहले ही बड़े पैमाने पर सराहना प्राप्त करना शुरू कर दिया है और उनकी शादी शो में आने वाला सबसे बड़ा आकर्षण है।

अपने सभी प्रशंसकों के लिए कुछ दुल्हन के लक्ष्य निर्धारित करते हुए, खूबसूरत ऐश्वर्या खरे एक



चमकीले गुलाबी और नारंगी रंग के लहंगे के साथ-साथ एक सुरुचिपूर्ण ढंग से डिज़ाइन किए गए आभूषण सेट के साथ दिखाई देंगी, जो अभिनेत्री को एक शाही दुल्हन से कम नहीं दिखाएगा। वास्तव में, ऐश्वर्या खरे भी खुद को एक दुल्हन की तरह महसूस करती थीं और उन्हें इस शो में अपने ब्राइडल सीक्वेंस की शूटिंग का एक वास्तविक अनुभव था।

अपने अनुभव को साझा करते हुए, ऐश्वर्या ने उल्लेख किया, "मैं अपने लुक को देखकर बेहद खुश थी, इतना कि मैं तैयार होने के बाद लगभग भावुक हो गई थी। मैं एक शाही दुल्हन की तरह महसूस कर रही थी और पूरी टीम द्वारा मुझे इतना सुंदर दिखने के लिए किए गए प्रयासों से वास्तव में रोमांचित था। लहंगे के रंग से लेकर इसके डिजाइन और फालतू के गहनों तक, इसने मेरे रूप को इतना परिपूर्ण बना दिया कि मैं बस अपनी नज़रों से नहीं हटा सकी। एक खूबसूरत दुल्हन के रूप में तैयार होना हर लड़की का सपना होता है और मुझे लगता है कि मेरे सपने का एक छोटा सा हिस्सा खुद को इस तरह के शाही अवतार में देखकर सच हो गया। साथ ही, यह लहंगा लाल या मैरून रंग की तरह सामान्य नहीं था, लेकिन हमने नारंगी और गुलाबी रंग का लहंगा चुना और मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह संयोजन इतना अच्छा लगेगा।"

### दिलचस्प धारावाहिक

अपने प्रीमियर के बाद से, ज़ी टीवी का अपना टाइम भी आएगा अपने दर्शकों को अपनी सोची-समझी कहानी से प्रेरित कर रहा है और शो में लगातार ट्विस्ट और टर्न के साथ उनका मनोरंजन कर रहा है। दरअसल, हाल ही में रानी (मेघा रे) और रणविजय (इमरान खान) के बीच हुए संघर्ष ने दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा है, यह देखने के लिए कि आखिर इस लड़ाई में कौन जीतेगा। जहां दिमाग के खेल दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखते हैं, वहीं विजया शक्तिवत के रूप में एक नया मोड़ हाल ही में राजावत परिवार में पूरी संपत्ति पर कब्जा करने और खुद को नई रानी सा घोषित करने के लिए एक मास्टर प्लान के साथ आया है। इस भूमिका पर निबंध लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री संगीता कपूर हैं, जो लगभग चार वर्षों के बाद एक नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं।

विजया रानी सा की चचेरी बहन हैं, जो राजेश्वरी से अलग हैं और उनका पालन-पोषण उनसे बहुत अलग तरीके से हुआ है। वह राजेश्वरी से हमेशा ईर्ष्या करती थी और भले ही उसकी शादी एक अमीर घर में हुई हो, लेकिन उसका क्रूर स्वभाव बरकरार रहा। बदला लेने और रानी सा के जीवन को नष्ट करने का उनका मौका रणविजय के साथ उनकी योजना को सफल बनाने के लिए शामिल होने के साथ सच होता दिख रहा है। जहां विजया राजेश्वरी के जीवन में विनाश लाने के लिए दृढ़ है, वहीं संगीता इस दुष्ट चरित्र को निभाने के लिए उत्साहित और उत्सुक है।

अपना टाइम भी आएगा के साथ एक नकारात्मक किरदार निभाने के लिए अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, संगीता ने कहा, "जब से मैंने चरित्र के बारे में सीखा, तब से विजया का चरित्र मेरे लिए एक सीलबंद सौदा था। उस समय, मैं लगभग खुद को उसके जूतों में देख सकती थी। हालांकि मैंने अतीत में शाही और नकारात्मक दोनों तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन यह पहली भूमिका है जहां मैं निबंध कर रही हूं। दोनों तत्व एक साथ जो बनाते हैं पूरी प्रक्रिया मेरे लिए और भी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण है। मुझे यह जोड़ना होगा कि इससे पहले मेरे अधिकांश पात्र थोड़े चंचल और चंचल रहे हैं। लेकिन लंबे समय के बाद, मैं एक भूरे रंग की भूमिका में लौट रही हूं और मुझे इस तरह के चरित्र के साथ आने वाली मजबूत बॉडी लैंग्वेज को चित्रित करने में मजा आ रहा है। शो के साथ मेरी शुरुआत शानदार रही है।"

### कावेरी प्रियम के लिए नई चुनौती

सोनी सब की आगामी पेशकश ज़िद्दी दिल- माने ना एक युवा और जोशीला शो है, जो प्रशिक्षित सिविल कैडेटों के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमता है, जो पराक्रम एसएएफ (स्पेशल एक्शन फोर्स) बेस कैंप में मिलते हैं। सोनी सब ने हमेशा असाधारण अवधारणाओं और हल्के-फुल्के शो के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन किया है। यह शो रोमांचक शो के पहले से मौजूद लाइन-अप के अतिरिक्त होगा। यह शो अपनी युवा अवधारणा के साथ ताजगी लाएगा। शालीन मल्होत्रा, कावेरी प्रियम, कुणाल करण कपूर, दिलजोत छाबड़ा, आदित्य देशमुख और सिंपल कौल अभिनीत इस शो का प्रीमियर 30 अगस्त को प्रत्येक सोमवार-शुक्रवार रात 8 बजे होगा।



कावेरी प्रियम ने अपने चरित्र के बारे में गहराई से बात करते हुए कहा, "मेरा चरित्र, डॉ मोनामी, नरम दिल का है, सभी को खुश रखता है और लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा उनके पैर की उंगलियों पर रहता है और आने वाले किसी भी दुख या परेशानी से बाहर निकलने में उनकी मदद करता है। उनका तरीका। मोनामी के लिए भावनात्मक भागफल अनुशासन से एक कदम आगे है। मुझे इस किरदार को निभाने में मजा आ रहा है क्योंकि मुझे अकादमी में हर किसी के साथ उसका भावनात्मक जुड़ाव पसंद है, और यह किरदार मुझे विभिन्न भावनाओं को परदे पर पेश करने में मदद कर रहा है।" अपनी भूमिका के लिए की गई तैयारियों के बारे में बात करते हुए, कावेरी ने कहा, "शूटिंग के पहले दिन, मुझे एक प्रशिक्षित मुक्केबाज के सामने रखा गया था। यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था जिसने मुझे सिखाया कि मोनामी का किरदार निभाने के लिए मुझे कितना मजबूत होना चाहिए। मेरा पहला दिन अहसासों से भरा दिन था और मैंने हर चुनौती पर विजय प्राप्त करने का मन बना लिया, ताकि मैं इस भूमिका को निभा सकूं। पहले, सुबह 5 बजे उठकर इन तैयारियों और प्रशिक्षणों को करना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ थकाऊ भी था, लेकिन अब, सेट पर हर दिन मुझे एक नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करता है।"

# बड़ी जिम्मेदारी है महादेव की भूमिका

**सिद्धार्थ अरोड़ा, जो एंड टीवी के बाल शिव पर महादेव की भूमिका निभा रहे हैं। जो 31 अगस्त से प्रसारित होना शुरू हो चुका है। उन्होंने भगवान शिव के बारे में कम ज्ञात तथ्यों और भूमिका निभाने के साथ आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की शालिनी सक्सेना से।**

■ **कैसा रहा महादेव का किरदार निभाने का पूरा अनुभव?**

अनुभव जबरदस्त रहा है। मैं वाराणसी से हूँ, जिसे महादेव की नगरी के नाम से जाना जाता है। मेरा जन्म और पालन-पोषण वहीं हुआ था इसलिए मैं भगवान शिव के महत्व को जानता हूं। यहां शिव पर बहुत सारे मंदिर हैं – काशी विश्वनाथ और मृत्युंजय महादेव जैसे 3,000 से अधिक मंदिर उन्हें समर्पित हैं। जब मुझे प्रस्ताव मिला, तो मैं उसी समय संशय में था, घबराया हुआ था। इस भूमिका को निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

■ **आपको किस तरह की तैयारी करनी पड़ी?**

मैंने बहुत शोध किया। मैंने वास्तव में तीन मोर्चों पर कड़ी मेहनत की- शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक। शारीरिक क्योंकि मुझे एक निश्चित प्रकार का दिखना था। मैंने बहुत सारे व्यायाम किए। दूसरा मानसिक है। मुझे पता था कि मुझे भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए शांत स्थान से आना होगा। मैं प्राणायाम करता था लेकिन फिर ध्यान भी करता था। मैं बनारस में था, मैंने अपने योग शिक्षक से प्रशिक्षण लिया। तीसरा आध्यात्मिक और सबसे महत्वपूर्ण है। जब मैंने अन्य किरदार निभाए, तो मैंने बाहर प्रेरणा की तलाश की, भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए, मुझे भीतर देखना पड़ा। मैंने शिव के चरित्र को समझने की कोशिश की, खूब पढ़ा। यह अभी भी सीखने की अवस्था है; यह एक सतत यात्रा है। चीजें रातोंरात नहीं होती हैं। शिव को समझने में शायद पूरी जिंदगी लग जाएगी। मेरे लिए, यात्रा अभी शुरू हुई है

■ **इन तीन पहलुओं पर काम करना कितना कठिन रहा?**

ये मुश्किल था; उतना आसान नहीं जितना दिखता है। लेकिन यह आपकी प्राथमिकता के बारे में है कि जो भूमिका सौंपी गई है, उसे पूरा करने में आप कितना समय और ऊर्जा लगाने को तैयार हैं।

मैं अपने किरदार को यथासंभव ईमानदारी और सच्चाई से निभाना पसंद करता हूं। जब मैं कोई प्रोजेक्ट लेता हूं तो मैं हमेशा खुद को पूरी तरह से निवेश करता हूं। बाकी, दर्शक तय करेंगे कि मैं इसे देने में कामयाब रहा हूं या नहीं।



■ **आपने कितनी कार्यशालाओं में भाग लिया?**

निर्माताओं को यकीन था कि वे मुझे महादेव के रूप में कास्ट करना चाहते हैं; मैं इतना आश्वस्त नहीं था। मुझे यकीन नहीं था कि मैं इस भूमिका को निभा सकता हूं। यह एक चुनौती थी; मुझे सभी को साबित करना था कि मैं इसे खींच सकता हूं। मैं उन्हें सही साबित करना चाहता था। लोग – निर्देशक और रचनात्मक टीम पूरे समय बहुत सहायक थी। मैंने निर्देशक के साथ तीन दिन बिना रुके 12 घंटे एक-एक वर्कशॉप की। इससे मुझे मदद मिली। मैंने वॉयस मॉड्यूलेशन पर काम किया और भगवान शिव के भाव कैसे होने चाहिए। हमने इन सत्रों को रिकॉर्ड किया और मैंने उन्हें सुधारने के लिए देखा। हमने शिव को ठीक करने के लिए बहुत काम किया है।

■ **आप इस परियोजना के लिए बोर्ड पर कैसे आए?**

मैं एक ऑडिशन से गुजरा। जब आप कोई टीवी प्रोजेक्ट शुरू करते हैं तो यह एक सामान्य प्रक्रिया है। मेरा ऑडिशन खराब था, लेकिन चैनल को यकीन था कि मैं भूमिका के लिए सही व्यक्ति हूं। मैं दिल्ली में बनारस में अपने होटल प्रोजेक्ट पर काम कर रहा था, लेकिन फिर मैं मुंबई आ गया। मेरा ऑडिशन अच्छा नहीं रहा क्योंकि मैं कोविड-19 के कारण सही सोच में नहीं था। लेकिन टीम उत्साहजनक थी और चीजें काम कर रही थीं।

■ **आप एक उद्यमी हैं, आप अभिनय में कैसे आए?**

मैं एक उद्यमी हूं लेकिन एक अभिनेता के रूप में अपनी यात्रा में मैं एक उद्यमी बन गया। मैं एमबीए ग्रेजुएट हूं और कैंपस प्लेसमेंट के जरिए मुंबई में नौकरी की है। एक म्यूचुअल फंड कंपनी में दो साल काम करने के बाद मैंने एक्टिंग करना छोड़ दिया। मैं अपनी नौकरी के साथ-साथ थिएटर भी कर रहा था। मैंने काफी संघर्ष किया लेकिन आखिरकार मुझे ब्रेक मिल ही गया। मेरा व्यवसाय मुझे यह चुनने और चुनने की स्वतंत्रता देता है कि मैं कौन सी परियोजनाएं लेता हूं।

■ **2011 में अपने टेलीविजन डेब्यू मुक्ति बंधन में आपको भूमिका कैसे मिली?**

ऑडिशन द्वारा। मेरे चुने जाने के बाद मैंने नौकरी सीखी। मैंने बहुत सारी वर्कशॉप की। मैंने अभिनय की खोज की।

■ **क्या पहले कृष्ण कन्हैया की भूमिका निभाने से आपको महादेव के चरित्र के निर्माण में मदद मिली?**

मैंने एक आधुनिक कृष्ण की भूमिका निभाई। लेकिन इसने भाषा, भावनाओं और भावनाओं जैसे कई तरीकों से मदद की। शो के निर्देशक और टीम के साथ काम करने से भी शिवा के चरित्र को आकार देने में मदद मिली। बाल शिव के साथ भी यह सीखने की अवस्था है।

■ **लोग तुलना करने लगते हैं। कैसे अलग है ये महादेव?**

हां, यह सच है कि लोग तुलना करेंगे। लेकिन यह शो पहले जो किया गया है उससे बिल्कुल अलग है। यह बाल शिव के बारे में है, इसे टीवी पर न तो कभी खोजा गया और न ही किया गया। ताजगी होती है। साथ ही, यहां शिव नवविवाहित हैं, इसलिए लोगों को उनके और उनकी करुणा का रोमांटिक पक्ष देखने को मिलेगा

■ **आपने शो के दौरान क्या दिलचस्प सीखा जो लोग भगवान शिव के बारे में नहीं जानते हैं?**

ऐसी बहुत सी बातें हैं जो बहुत कम लोग जानते हैं। बाघ की खाल पहनने का एक कारण है, उसके गले में शेषनाग और सिर पर अर्धचंद्र क्यों है। लोगों को यह भी पता चलेगा कि उनका निवास स्थान कैलाश पर्वत क्यों है, जो बर्फ से ढका हुआ क्षेत्र है – क्योंकि वह एक साधु हैं, उनके अंदर बहुत अधिक ऊर्जा है; उसे ठंडा होने की जरूरत है।

■ **आगे क्या?**

मुझे एक बात पर ध्यान देना पसंद है एक ही समय पर। अभी के लिए, मेरे पास पाइपलाइन में यही है। मुझे बहु-कार्य से नफरत है और मैं अपना दिल और आत्मा बाल शिव में लगा रहा हूं।